


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 27 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-84, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 73,730.16 ▼-609.28
डॉलर 83.391 ▲+0.120

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,850

चांदी (1 किलो) 86,000

## आज के मैच



समय : 27 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : दिल्ली में



समय : 27 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ में

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# 88 सीटों पर 61 फीसदी मतदान, 12 सौ प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत देश के 13 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। निर्वाचन आयोग ने बताया कि शाम सात बजे तक 60.96 फीसदी मतदान की रिपोर्ट मिली है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 79.25 प्रतिशत और बिहार में 55.08 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मणिपुर में 77.32 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.55, पश्चिम बंगाल में 71.84, असम में 71.11 और जम्मू एवं कश्मीर में 71.91 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया है। वहीं, कर्नाटक में 68.31 प्रतिशत, केरल में 65.78, राजस्थान में 64.07, मध्य प्रदेश में 57.81, महाराष्ट्र में 56.66, और उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया है। इसी के साथ वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्रशेखर, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों शशि थरूर, महेश शर्मा, फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल करने वाले अरुण गोविल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश, कर्नाटक के पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी और पप्पू यादव सहित 1,202 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। केरल की सभी 20 सीटों के साथ-साथ शुक्रवार को कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और त्रिपुरा, मणिपुर एवं जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट पर मतदान संपन्न हुआ।

## चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भरा नामांकन

### भाजपा हर हाल में करेगी 400 पार, भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाएगी जनता : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

चतरा लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हर हाल में 400 सीटें मिलेंगी। इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा चुनाव में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। गांव के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। मजदूरों और गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, घर में खाना बनाने के लिए गैस कनेक्शन दिया। कोई गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए भी हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं। जो व्यक्ति बीमार हो जाए उसका इलाज भी अच्छे अस्पतालों में हो, उसके लिए भी पांच लाख रुपये का बीमा कराया है।

## गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी

**20 मई को मतदान**

**रांची।** चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नामांकना करने की अंतिम तारीख है। नामांकन संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## पांचवें चरण के लिए झारखंड की तीन सीटों पर चुनावी प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ चुनावी प्रक्रिया का आगाज हो गया। यहां 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 6 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी इसी कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। देश में लोकसभा के पांचवें और झारखंड में दूसरे चरण की इन तीन सीटों पर कुल 58 लाख 22 हजार 839 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। फिलहाल ये तीनों सीटें भाजपा के कब्जे में हैं, लेकिन इनमें से दो सांसद हजारीबाग के जयंत सिन्हा और चतरा के सुनील सिंह की जगह पार्टी ने नए चेहरों को उतारा है। इस फेज में कोडरमा सीट पर भाजपा की प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई (एमएल) के प्रत्याशी और बगोदर इलाके के विधायक विनोद सिंह के बीच मुकाबला संभावित है। हालांकि यहां पूर्व विधायक झामुमो नेता प्रो. जयप्रकाश वर्मा के निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में आने से त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन सकती है। हजारीबाग सीट पर दो विधायक भाजपा के मनीष जायसवाल और जयप्रकाश भाई पटेल के आमने-सामने की टक्कर मानी जा रही है। चतरा सीट पर भाजपा के कालीचरण सिंह, इंडिया गठबंधन की ओर से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उतरने जा रहे राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।



## एक नजर

### 6800 कांस्टेबलों की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने सही ठहराया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 6800 कांस्टेबलों की नियुक्ति को सही ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं का खारिज कर दिया है। नियुक्ति को चुनौती देते हुए सुनील टुडू एवं अन्य अभ्यर्थियों ने 65 याचिकाएं दायर की थीं, जिनपर हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई चल रही थी। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। अदालत ने याचिकाओं पर सभी पक्षों की बहस और सुनवाई बीते 15 मार्च को पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य में कांस्टेबलों की नियुक्ति के लिए 2015 में विज्ञापन निकाला गया था और वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि झारखंड सरकार की ओर से जिस नियमावली के तहत नियुक्ति की गई है, वह पुलिस मैन्युअल के विपरीत है।

## आजकल




## ईवीएम को सुप्रीम क्लीन चिट, नहीं लौटेगा बैलेट पेपर

# वीवीपैट वेरिफिकेशन की सभी याचिकाएं खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। साथ ही बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि मतदान ईवीएम मशीन से ही होगा। ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जाएगा। 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची सुरक्षित रहेगी। ये पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। ये फैसला जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिया है।

कोर्ट का निर्देश है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सीलकर सुरक्षित किया जाए। यह भी निर्देश दिया गया है कि उम्मीदवारों के पास नतीजों की घोषणा के बाद टेक्निकल टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे परिणाम घोषणा के सात दिनों के भीतर किया जा सकेगा।

**45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी**

**चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सीलकर सुरक्षित किया जाए**

**मार्च 2023 में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने दायर की थी याचिका**

**नतीजों के सात दिन के अंदर ईवीएम माइक्रो कंट्रोलर की जांच कराने का विकल्प**




**वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्च उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा, ईवीएम में पाई गई गड़बड़ी तो लौटा दिया जाएगा पैसा**

### अभी विस के पांच बूथों के ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्ची का होता है मिलान

मौजूदा समय में वीवीपैट वेरिफिकेशन के तहत लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सिर्फ पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम वोटों और वीवीपैट पर्ची का मिलान किया जाता है। इस महीने की शुरूआत में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सिर्फ पांच रैंडमली चयनित ईवीएम को सत्यापित करने के बजाय सभी ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों की गिनती की मांग करने वाली याचिका पर इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) को नोटिस जारी किया था।

**क्या है वीवीपैट :** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने 2013 में वीवीपैट यानी वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनें डिजाइन की थीं। ये दोनों वही सरकारी कंपनियां हैं, जो ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें भी बनाती हैं। वीवीपैट मशीनों का सबसे पहले इस्तेमाल 2013 के नागालैंड विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में कुछ सीटों पर भी इस मशीन को लगाया गया। बाद में 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में भी इनका इस्तेमाल हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल देशभर में किया गया। उस चुनाव में 17.3 लाख से ज्यादा वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया गया था।

यह फैसला सुनाते हुए जस्टिस खन्ना ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा। अगर किसी स्थिति में ईवीएम में छेड़छाड़ पाई गई तो खर्च ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

> ‘ कोर्ट के इस फैसले के बाद अब किसी को शक नहीं रहना चाहिए। अब पुराने सवाल खत्म हो जाने चाहिए। सवालों से वोटर के मन में शक होता है। चुनाव सुधार भविष्य में भी जारी रहेगा। ’
> **चुनाव आयोग**

### नोटा को बहुमत मिलने पर फिर से चुनाव कराने पर चुनाव आयोग से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने किसी चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के मुकाबले नोटा को अधिक वोट मिलने पर फिर से चुनाव कराने के संबंध में चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। कोर्ट इस संबंध में दायर उस याचिका पर विचार करने को सहमत हो गया है, जिसमें नोटा को अधिक वोट पड़ने पर चुनाव आयोग (ईसी) को नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। इस संबंध में मोटिवेशनल वक्ता शिव खेड़ा की याचिका को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नोटिस जारी कर मामले में चुनाव आयोग से जवाब मांगा। शिव खेड़ा ने किसी निर्वाचन क्षेत्र में नोटा को बहुमत मिलने पर उस निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शून्य घोषित करने और नए सिरे से चुनाव कराने जाने संबंधी नियम बनाने के लिए कोर्ट से चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है। इसमें विभिन्न राज्य चुनाव आयोगों द्वारा दिए आदेशों का उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि नोटा को काल्पनिक उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा और उसे सबसे अधिक वोट मिलने की स्थिति में नए चुनाव कराए जाएंगे। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से यह भी निर्देश देने की मांग की कि नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को पांच साल के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## ‘गरीबों को मिली ईवीएम की ताकत इंडी गठबंधन को बर्दाश्त नहीं’



**इंडी गठबंधन को ना संविधान और ना लोकतंत्र की परवाह, पूरे देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहते हैं**

**ये वहीं लोग हैं, जो मतदान केंद्र और बैलेट पेपर लूट लेते थे, गरीबों को वोट डालने घरों से निकलने नहीं देते थे**

**एजेंसी। अररिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अररिया के फारबिसगंज में एक चुनावी सभा में कहा कि यह चुनाव भारत को आर्थिक और सामरिक ताकत बनाने वाला चुनाव है। उन्होंने इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में डाले गए वोटों का वीवीपैट के माध्यम से 100 फीसदी सत्यापन की मांग की याचिका को खारिज किए जाने के बाद विपक्ष को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले इंडी गठबंधन को ना संविधान और ना लोकतंत्र की परवाह है। ये लोग वही हैं, जिन्होंने दशकों तक बैलेट पेपर के बहाने लोगों का हक छीना। ये लोग मतदान केंद्र और बैलेट पेपर लूट लेते थे। गरीबों को वोट डालने के लिए बिहार में घरों से बाहर नहीं निकलने देते थे। दलित-पिछड़ों को डंडे के जोर पर घर से निकलने पर रोकते थे। अब जब ईवीएम की ताकत देश को मिली तो उनसे ये बर्दाश्त नहीं हो रहा। ये ईवीएम को बंद करने का खेल खेल रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर का पुराना दौर वापस लौटकर नहीं आएगा। उन्होंने इंडी गठबंधन वालों से देश से माफी मांगने के लिए भी कहा।

### वीवीपैट पर याचिका से कांग्रेस का संबंध नहीं : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को वीवीपैट पर सुप्रीम निर्णय पर सीधे कोई टिप्पणी नहीं की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इस याचिका की हिस्सा नहीं थी। हालांकि वीवीपैट से मतगणना पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, उसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चतरा के टंडवा में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन करने के मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपित को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापितों ने आंदोलन किया था। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया था। आंदोलन के दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच कई बार टकराव और झड़प हुई थी। मामले को लेकर सरकारी काम में बाधा डालने, रंगदारी मांगने, सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने सहित अन्य आरोप लगाकर दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड संख्या 90/2015 और 91/2015 के तहत टंडवा थाना में यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से एक भी गवाह पेश नहीं हुआ था। आरोपितों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर सरकार पर दुर्भावना से ग्रसित होकर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## चुनाव की तरह प्रशासन सदा चुस्त हो, तो भारत बदल जाएगा



सुनील बादल

***अभी*** चुनाव में प्रशासनिक व्यवस्था जितनी सक्रिय है उतनी हमेशा रहे तो हमें विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता। चुनाव की घोषणा के बाद से राजनीतिक गतिविधियों से जो माहौल बदला है उससे अलग एक अलग कार्यशैली देखने को मिल रही है कि अचानक से पुलिस और प्रशासन इतना चुस्त दुरुस्त हो गया है की वाहनों की लगातार रात दिन चेकिंग हो रही है। झारखंड के गिरिडीह में एक बस से एक करोड़ 10 लाख रुपए बरामद हुए लातेहार में 40 किलो आईडी विस्फोटक बरामद किया गया और लाखों रुपए प्रतिदिन कहीं न कहीं बरामद हो रहे हैं। कमो बेस देश में कुछ इसी तरह से तेज निर्णय वाली बदली हुई कार्य शैली दिख रही है। सवाल यह उठता है कि जो सतर्कता जो चुस्ती अभी दिख रही है वह चुनाव के बाद के अन्य दिनों में क्यों नहीं दिखती? इसका सीधा कारण यह है कि लोक सभा के चुनाव के कारण अभी पूरे प्रशासनिक तंत्र की बागडोर चुनाव आयोग के पास है और चुनाव आयोग चूक के मामले में बहुत ही सख्त कार्रवाई करता है। अधिकारियों को दंडित करने में कोई देर नहीं होती और चुनाव आयोग पर किसी को बचाने की राजनीतिक पैरवी भी नहीं चलती और किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात जैसे आरोपों पर बड़े अधिकारियों के विरुद्ध उनके व्यक्तिगत गोपनीय रिपोर्ट में जो टिप्पणी की जाती है उसे किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के माध्यम से हटाया नहीं जा सकता। यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है जो यह बताता है कि जिस पुलिस को हम आलसी या सुस्त या बहुत हद तक भ्रष्ट बताते हैं वह असली अर्थों में काम करने की इच्छा रखते हुए भी काम नहीं कर पाती क्योंकि उनका रिमोट कंट्रोल सामान्य दिनों में किसी ने किसी नेता के पास होता है। जो बातें तो देश की राज्यहित की या राष्ट्रहित की करते हैं लेकिन कहीं ना कहीं उनके निर्णय में राजनीति शामिल होती है अब इसका यह मतलब नहीं निकाला जा सकता की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग जैसे एक समानांतर व्यवस्था की बात की जाए लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है चुनाव के दौरान जो तत्परता और कार्य शैली में परिवर्तन हम देखते हैं उसे बनाए रखने के लिए मतदाता सवाल अवश्य उठा सकते हैं। पर दुखद यह है कि जाति, धर्म और क्षेत्रवाद जैसे छोटे मुद्दों में उलझ कर आम जनता यह भूल जाती है कि अपवाद को छोडकर प्रायः हर नेता की इच्छा या उसका लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना होता है रास्ते भले अलग हों,काम करने का तरीका लोगों नीतियां अलग हो लेकिन एक लक्ष्य सभी का होता है सत्ता प्राप्त करना। ऐसे में प्रजातंत्र की असली मालिक आम जनता यह सवाल उठा सकती है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ महीनों में जिस त्वरित गति से निर्णय होते हैं, कार्रवाई होती है, जब्ती होती है और बड़े से बड़े अधिकारी भी दूर दराज गांवों का निरीक्षण करने जाते हैं, वैसा चुनाव के बाद जब सरकार का गठन होता है तब क्यों नहीं होता? लेकिन राजनेता जनता की मजबूरी और लालच को अच्छी तरह जानते हैं और कोई मुफ्त बिजली, तो कोई मुफ्त राशन, तो कोई जीतने पर लाखों सरकारी नौकरियों की बात कर सपने दिखाते हैं। भले वह बाद में पूरे हों ना हों लेकिन कमी जनता की तरफ से भी है जो यह सवाल नहीं उठाती कि हमें चुनाव आयोग के फैसलों की तरह कठोर निर्णय लेने वाली सरकार की ही आवश्यकता है। यदि लोग लालच और क्षेत्रवाद जातिवाद जैसे मुद्दों को भूलकर आम जनता सवाल उठने लगे तो संभव है चुनाव घोषणा पत्रों में यह बात जरूर शामिल होगी और एक दिन ऐसा आएगा जब सुशासन, चुस्त प्रशासन, त्वरित न्याय जैसी बातें सही अर्थों में दिखने लगेंगी।



## एक नजर

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी प्रणय दीपक स्टेट टॉपर

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया। जारी परिणाम में प्रणय दीपक का कॉमन मेरिट लिस्ट में पहला स्थान मिला है। ये बीसी वन के कैटेगरी रैंकिंग में भी पहले स्थान पर हैं। यह परीक्षा सात अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैभव कुमार को कॉमन मेरिट लिस्ट में दूसरा तथा कुमार अनमोल को पूरे तीसरा स्थान मिला है। अन्य कैटेगरी में बीसी टू में आलोक राज को पहला, एसटी में डाली कुमारी को पहला तथा एससी में रूपेश कुमार दास को पहला स्थान मिला है। पर्षद ने अभ्यर्थियों का ओएमआर शीट भी जारी कर दिया है। अभ्यर्थी इसे डाउनलोड कर सकते हैं। पर्षद द्वारा काउंसिलिंग की सूचना शीघ्र जारी की जाएगी।

### नेतरहाट में चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक आज

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को नेतरहाट में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में रांची से 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल होने के लिए सुबह 8:30 बजे चैंबर भवन से प्रस्थान करेगा। रांची से प्रस्थान होने के बाद प्रतिनिधिमंडल पहले गुमला में गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा निर्मित हॉल के उद्घाटन समारोह में शामिल होगा। इसके बाद शाम के समय नेतरहाट में कार्यकारिणी समिति की बैठक लेक व्यू रिसॉर्ट में आयोजित होगी। बैठक में गुमला, रामगढ़, लातेहार, डालटनगंज, बंशीधरनगर, गोड्डा से जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे।

### बलियापुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर 30 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद के बलियापुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार दोपहर बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। एसीबी की टीम ने 15वीं बित्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जयंत कुमार डे को तीस हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। यह टीम लगभग डेढ़ से 2 घंटे तक बलियापुर प्रखंड कार्यालय में टीम कागजातों को खंगालती रही। वहीं टीम के पहुंचने की सूचना से बलियापुर प्रखंड कार्यालय में अफरातफरी मच गई। टीम बलियापुर से गिरफ्तार कर कोऑर्डिनेटर को धनबाद ले आई है। ठेकेदार का यह काम फाइबर ब्लॉक से जुड़ा हुआ बताया जाता है। काम करने के बाद ठेकेदार बिल पास कराने के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। उससे तीस हजार घूस की मांग की गई थी। परेशान ठेकेदार ने इसकी सूचना निगरानी ब्यूरो को दी। एसीबी ने शिकायत की जांच के बाद आज घात लगाकर छापेमारी की। कोऑर्डिनेटर ने जैसे ही हाथ में रुपया पकड़ा, वैसे ही वहां सादे लिबास में खड़ी टीम ने उसे दबोच लिया।

# राज्य में 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गर्मी मई से पहले ही झुलसाने लगी है। तेज धूप की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया है। दिनभर तेज धूप के कारण लोग शहर की सड़कों पर कम ही दिख रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं का असर भी राजधानी समेत अन्य हिस्सों में बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। 27 अप्रैल को हीट वेव का असर संथाल

**मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा**

और दक्षिणी हिस्से में देखा जाएगा, जबकि 28 से 29 के बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी दिखेगा। ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जाएगी। बढ़ते तापमान और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने विशेष अलर्ट जारी किया है।

# मनरेगा लोकपाल ने खलारी में योजनाओं का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमांग में मनरेगा योजनाओं का स्थल भ्रमण व योजनाओं के अभिलेख की जांच की। उन्होंने तुमांग में भोंडल गंझू का सिंचाई कूप निर्माण, अमीन गंझू का सिंचाई कूप निर्माण, रीना कुमारी का सिंचाई कूप निर्माण, किसुन मुंडा का डोभा निर्माण, अमर साव का डोभा निर्माण, छोटन भोगता का सिंचाई कूप निर्माण व जयंती देवी का आम बागवानी निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान वे लपरा पंचायत में प्रभात गिरि के जमीन पर आम बागवानी भी देखने गई। इसके बाद तुमांग पंचायत सचिवालय में संबंधित योजनाओं के अभिलेखों की जांच की। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनयकुमार गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता रमेशकुमार गुप्ता, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, प्रेमचंद मुर्मू, रविरंजन कुमार, मुखिया संतोषकुमार महली, पंचायत सचिव रिशु कुमारी, स्वाति कुमारी, रोजगार सेवक मणिलाल उरांव, लालमोहन राम, विश्वरंजन कुमार, कुणाल कुमार, सुजीत कुमार, महबूब आलम, अरविंद लोहरा, गोलू यादव एवं पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।



सेवानिवृत्त डीआईजी राजीव रंजन सिंह शुक्रवार को चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के आमंत्रण पर उनके नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मां भद्रकाली से काली चरण सिंह की जीत के लिए प्रार्थना की।

# दिव्यांगजनों व वृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था होगी : सीओ

### राकेश भगत व धनंजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो झारखण्ड दिव्यांग जागृति महासंघ, छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ की ईकाई के सदस्यों ने बेड़ो प्रखंड में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरूकता पदयात्रा कर आम जनता को मतदान करने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर प्रखंड के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, मनरेगा के बीपीओ संजय तिर्की एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत एवं धनंजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी दिव्यांगजनों के साथ शामिल हुए। यात्रा के पूर्व एक सभा की गयी जिसको संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने दिव्यांगजनों गर्भवती- धात्री माताओं, वृद्धों एवं बीमार लोगों के शत-प्रतिशत मतदान लिए विशेष व्यवस्था की है , जिसमें उनके लिए वाहन, व्हील-चेयर, गृह-मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। वहीं दूसरी ओर बीपीओ संजय तिर्की ने मतदान आचारसंहिता तथा चुनाव की तकनीकी जानकारियां दी। दिव्यांग नेता जेडीजेएम के जिला प्रभारी अशोक महतो, प्रखंड प्रभारी लालू उराँव एवं मुखिया सह जेडीजेएम सदस्य कुँवारी खलखो ने भी संबोधित किया । उन्होंने कहा कि आरपीडी एक्ट 2016 बनने के बाद दिव्यांगजन ज्यादा सशक्त हुए हैं, लोकतंत्र के इस पर्व में इनके भागीदारी के लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष पहल की है, परन्तु इसके बाद भी कुछ मुद्दे हैं जिसके सम्बन्ध में लोकसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों को दिव्यांगजनों के द्वारा ज्ञापन सौंपा जायेगा । इस मौके पर संस्था की सचिव डॉ सचि कुमारी की अनुपस्थिति में उनके संदेश को साझा किया गया। सचि कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि इस बार शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। इसके लिए चुनाव आयोग के साथ-साथ शासन प्रशासन ने अपनी ताकत झोंक दी है। हमें भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार मतदान दिन भर होगा । सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान के लिए मतदाताओं को समय मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की अर्चना आईन्द, करमी कुमारी, सुनील महतो, सुनीता कुजूर, बालकेश्वर उराँव, कुँवारी खलखो , राधा कुमारी , रीना उराँव, महादेव उरॉव, मनोज महतो सहित अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान दिया ।

### बालू में धंसकर एक मजदूर की मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सिलागाई नदी से बालू निकालने के दौरान चाल धसने से चांपाडीह निवासी अनिल उरांव नामक युवक की मौत हो गई। पच्चीस वर्षीय अनिल उरांव ट्रैक्टर में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है कि अनिल उरांव एक ट्रैक्टर चालक के साथ अबुवा आवास के लिए बालू लाने सिलागांई नदी गया था। बालू की कमी को लेकर सिलागांई नदी में इन दिनों सुरंगनुमा गड्ढा बनाकर बालू की निकासी होती है। अनिल भी सुरंग में घुसकर अकेले ही बालू निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर का बालू धंस गया और अनिल उरांव उसके नीचे दब गया। बाद में बाहर खड़े चालक की सूचना पर अनिल उरांव को वहां से निकालकर मांडर स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, उसका एक छोटा बच्चा भी है।

## न्यूज बॉक्स

### अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट नहीं जारी करें : सुप्रीम कोर्ट



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्यों (सहायक शिक्षकों) की नियुक्ति परीक्षा को लेकर अहम आदेश पारित किया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को आदेश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट नहीं प्रकाशित करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें दूसरे राज्यों की टेट (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा या सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा पास अभ्यर्थियों को भी इस नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। हाईकोर्ट ने यह फैसला दिसंबर, 2023 में झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर अगली सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित की है और तब तक नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगाई है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने मुरी रेल थाना के प्रभारी को गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**सिल्ली/मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी में नव पदस्थापित थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाहा का रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने गुलदस्ता देकर उनका जोरदार तरीके से स्वागत एवं अभिनंदन किया साथ ही साथ शिष्टाचार मुलाकात में कर्मचारियों के हितों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने भी बड़े सहजता भाव से कर्मचारियों के मुद्दो को सुना और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे परिक्षेत्र को भय मुक्त तथा शांतिपूर्ण परिवेश कायम करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। रेलवे कर्मचारियों के आवास क्षेत्र में मोबाइल पेट्रोलिंग पर भी उन्होंने सकारात्मक विचार मानते हुए कहा के हरसंभव प्रयास किया जाएगा। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले हर रेलकर्मी का समस्या का समाधान भी तुरंत किया जाएगा। मौके पर रेलवे मेंस कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में सहायक सचिव नीतीश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सैयद नाशीर रजा, शिवशंकर प्रसाद ,बृजभूषण राय, करीम अख्तर,महेश्वर महतो, के जे किंडो, शामिल रहे।

### घर में आग लगने से सामान जलकर हुआ खाक



**चान्हो ।** थाना क्षेत्र बलसोकरा स्थित मदरसा चौक में तबरेज आलम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगा। शुक्रवार सुबह में आग लगने से घर में रखे नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया है। तबरेज आलम ने बताया कि व घर पर नहीं थे । बच्चा बीमार था उसी को दिखाने के लिए गुरुवार को अस्पताल ले गए थे और लौट के क्रम में चान्हो स्थित ससुराल में ही रुक गए थे। सुबह उनके घर वालों के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बताया जाता है कि जैसे ही आग लगी और उनके भाईयों और आसपास के लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। मगर तब तक घर में रखे गए नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। तबरेज आलम के द्वारा बताया गया कि इस आग लगने से कम से कम तकरीबन 6 से 7 लख रुपए तक का नुकसान हुआ है।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई

**रांची ।** ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना से एसएलपी पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब तक इसपर कोई फैसला नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन ने गुहार लगाई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से किए गए आग्रह में कहा है कि हाईकोर्ट का फैसला न आने से सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है, क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं।

### हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते, बल्कि देश की दिशा तय करते हैं : निखिल रंजन

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ जिला की बैठक शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर मिलन होटल रामगढ़ में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक शुभम गिरी ने किया। बैठक में अभाविप के बिहार- झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ,रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार एवं जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया । बैठक को संबोधित करते हुए निखिल रंजन ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा चुनी गई सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है, मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा।

# डीएवी गांधीनगर में खेल महोत्सव का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में अंतरसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। ध्यातव्य हो कि इस खेल महोत्सव में विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पधाओं जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, खोखो, चेस, टीटी, बास्केट बॉल, हैंड बॉलऔर स्केटिंग आदि में भाग लिया । सभी सदनों के बालक एवं बालिका वर्ग के विद्यार्थियों को अंडर चौदह, सतरह और उन्नीस आयुवर्ग में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिताओं का आयोजन सीसीएल मैदान और विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एस के सिन्हा ने अपने संबोधन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज जीवन में सफलता के लिए अध्ययन के साथ खेलों की भी भूमिका है।खेलों से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता की वृद्धि होती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में गोविंद झा, स्वाति शिप्रा, कौशल कुमार, कविता मुखर्जी, के नलिनी आदि शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# बरगड़ी को हमारा जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने का संकल्प : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

पिरामल फाउंडेशन के एस्पिरिनेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के सहयोग से बरगड़ी पंचायत में मुखिया लक्ष्मण भगत की अध्यक्षता में पंचायत को 'हमारा संकल्प जीरो ड्रॉपआउट पंचायत' बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत के पंचायत सचिव, प्रधान सचिव, वार्ड सदस्य, प्रधान्याध्यापक, स्वयं सहाय्यता महिला, आंगनवाडी सेविका, स्वास्थ सहिया, जल सहिया, एएनएम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक के दौरान उजागर किया गया कि पंचायत में जीरो ड्रॉपआउट को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को जागरूक करने की आवश्यकता है। ड्राप आउट बच्चों को जल्द से जल्द जोड़ने के लिए शिक्षकों द्वारा स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों को पहचाना जाएगा और डोर-टू-डोर विजिट किया जाएगा। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, उनकी समस्या को हल करने के लिए पंचायत में स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने की बात की गई। स्कूली शिक्षा को मजबूत करने के लिए समय-समय पर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, बालविवाह के असामाजिक प्रचलन को रोकने के लिए समाज में जीरो ड्रॉपआउट कराने की आवश्यकता है। मुखिया लक्ष्मण भगत जी ने कहा की, वंचित छात्र-छात्राओं को अविलम्ब विद्यालय सेजोड़ा जाना चाहिए ताकि सरकार और संस्था का कार्य पूरा हो सके। इस बैठक में पंचायत सचिव लम्पा भेंगरा, राजू खलखो, एगनेग एक्का, और पिरामल फाउंडेशन से एस्पिरिनेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के निखिल सिंह और सत्यम तिवारी उपस्थित थे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर डेंटल कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# मलेरिया की रोकथाम और उपचार पर नाटक का किया गया मंचन



**नवीन मेल संवाददात। हजारीबाग**

हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में जगरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी है। विभिन्न सकांय तथा छात्रों के संयुक्त प्रयास से मलेरिया की रोकथाम और उपचार के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक जानकारीपूर्ण नाटक का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन प्रार्थना बर्मन चक्रवर्ती एवं डॉ सायंतन चक्रवर्ती ने किया। युजी और बीडिएस के छात्रों ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया। साथ ही कॉलेज परिवार द्वारा नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम (वाईवेक्स एवं फैलसिपेरम) से होने वाली बीमारी है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। इसके मुख्य लक्षण ठंडक के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी व बदनदर्द है। समय से इलाज के अभाव में बीमारी गंभीर हो जाती है। इससे बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई रखे, जलभराव न होने दें, कूलर, गमले, नाली आदि में पानी अधिक समय तक जमा न होने दें। बच्चों को सुबह शाम फुल आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनाएं। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त नजदीकी अस्पताल में मलेरिया की जांच कराएं व पुष्टि होने पर इसका सम्पूर्ण इलाज करें।

### नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र किया गया वितरित

**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की रांची जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोजित की गई। इस बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में एक दूसरे का फीडबैक भी लिया गया। बैठक में सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन द्वारा मुसलमान के साथ अन्याय किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शमीम अख्तर द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करें। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव क्यूम अंसारी, एनुअल अंसारी, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जामुनदोहर फेज में शुरू हुआ केडीएच का विस्तारीकरण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच कोयला खदान के विस्तारीकरण के लिए चुनौती बने जामुनदोहर फेज में खुदाई शुरू कर दिया गया। परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह के सकारात्मक पहल और ग्रामीणों के सहयोग से यह संभव हो पाया। जमीन के अभाव में केडीएच खदान में काम बंद करने की नौबत आ गई थी। पीओ एके सिंह ने ग्रामीणों को समझाया कि कागजात जमा करेंगे तभी कंपनी घरों का मुआवजा दे पाएगी। अंततः ग्रामीण बात मान गए और खाली जगहों पर खदान बढ़ाने पर सहमति दे दी। परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि 60000 वर्ग मीटर क्षेत्र में खुदाई शुरू किया गया है। मुआवजा भुगतान कर शेष बस्ती भी खाली करा लिया जाएगा।

# अप्रैल में ही हटिया डैम का जलस्तर रिकार्ड निम्न स्तर पर

**अमित कुमार। रांची**

राजधानी के दो लाख लोगों को पानी देने वाला हटिया डैम सूखने के कगार पर है। शुक्रवार को यहां का पानी अब तक के सबसे निचले पायदान पर रहा। डैम के निर्माण के बाद यह पहली बार है कि जब अप्रैल माह में ही जलस्तर 21.83 फीट हो गई। जबकि पिछले वर्ष 26 अप्रैल को 21.90 फीट पानी था। अभी तो मई और जून माह की भीषण गर्मी बाकी है। ऐसे में पानी की राशनिंग को लेकर मन में सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में पानी की स्थिति को बेहतर नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि, रोजाना शहर को हटिया डैम से 8.50 एमजीडी पानी की आपूर्ति की जाती है।



## गाद की सफाई और गहरीकरण का प्रयास नहीं हुआ कभी

फिलहाल जलस्तर 21.83 फीट है गत वर्ष 26 अप्रैल को 21.90 फीट पानी था

डैम की क्षमता इतनी है कि वहां से एक बड़ी आबादी को पानी दिया जा सके। लेकिन, डैम का सुदृढ़ीकरण करने, जल संग्रहण क्षेत्र बढ़ाने और गाद हटा कर गहरीकरण की योजना कभी तैयार ही नहीं की गई। शहर के विकास की योजनाएं लागू करने की जल्दी में डैम के कैचमेंट एरिया तक पानी के पहुंचने का रास्ता ही बंद कर दिया गया है। अब सूख चुके डैम की जमीन पर मवेशी घूम रहे हैं। लोग धड़ल्ले से मोटरसाइकिल चला रहे हैं।

**यह हटिया डैम के भविष्य पर प्रश्नचिह्न :** वर्ष 2016 में डैम की सफाई के लिए किनारे से मिट्टी हटाने का काम किया गया था। लेकिन, अभी रिंग रोड के कारण भी पानी डैम में जाने से रुक रहा है। अगर बारिश का पानी डैम में नहीं गया, तो भविष्य में जलस्तर धीरे-धीरे नीचे चला जाएगा।

**इस क्षेत्रों में पड़ेगा प्रभाव :** हटिया डैम से अशोक नगर, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, जगन्नाथपुर, न्यू कॉलोनी, मौसीबाड़ी, एचईसी, आम बागान, आदर्श नगर, जेएससीए स्टेडियम, डैम साइड सहित कई इलाकों में पानी सप्लाई होती है। पिछले साल इन इलाको में नल में पानी आना बंद हो गया था। वहां रहने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा था।

**1962 में बना था हटिया डैम :** वर्ष 1962 में हटिया डैम का निर्माण किया गया था। उस समय रांची की आबादी महज 1.5 लाख थी। आज आबादी 15 लाख से अधिक है। केवल एचईसी प्लांट और आसपास की आबादी को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए हटिया डैम पर अब शहर के करीब 2 लाख लोग आश्रित हैं। स्थापना के बाद से अब तक डैम की क्षमता बढ़ाने की कोई योजना नहीं बनी।

> डैम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए अभी राशनिंग को लेकर कहना उचित नहीं है। जून के बाद इस पर विचार किया जाएगा। यदि अच्छी बारिश हुई और डैम का जलस्तर बढ़ता है, तो ऐसी स्थिति में राशनिंग की आवश्यकता नहीं होगी।
>
> - आशुतोष कुमार, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, हटिया।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग जन जागरूकता अभियान चलाएं

रांची। राजधानी रांची में भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम (आरएमसी) को जन जागरूकता अभियान चलाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है, उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराएं हैं, जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79,772 आवास हैं। इसमें 52,668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है।

## सुप्रभात रांची



झारखंड राज्य के गठन के पूर्व से ही रांची की एक अलग महत्ता रही है। इसका इतिहास विस्तृत है। समय-समय पर यहां के रचनाकारों ने इसपर अपनी कलम चलाई है। जंगल-झाड़ी, नीले-नीले पहाड़ से लेकर छोटी-छोटी हरित झाड़ियों तक यह पठारी इलाका आकर्षण का केंद्र है। इतिहास साक्षी है कि यह स्थल ऋषि-मुनियों, साधु-संतों से लेकर समाज सुधारकों तक की तपोभूमि रही है। यहां का जनजातीय समाज वर्षों से अपना जीवन सादगी से व्यतीत करते आया है। यहां के निवासियों का जीवन गीत, संगीत और नृत्य से रंगा हुआ है। बड़े-बड़े राष्ट्रीय उत्सवों में इनके गीत-नृत्य की सराहना होती है। ये अपनी सभ्यता और संस्कृति में अभी तक रमे हैं। तीर-धनुष के साथ जब ये निकलते हैं, तो ऐसा आभास होता है कि ये श्रीराम की सेना के अभिन्न अंग हैं।

कामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, अध्यक्ष, झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच, लेखक व कवि।

### मोरहाबादी टीओपी की पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी सहित 3 गिरफ्तार

- चोरी की दो मोटरसाइकिल हुई बरामद
- गिरफ्तार उग्रवादी पर दर्ज हैं छह मामले



**सजग पुलिस, अपराध पर लगाम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची की मोरहाबादी टीओपी की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बरियातू थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातू थाना क्षेत्र के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव शामिल हैं। इनके पास से बाइक एमटी-15 (जेएच 01 ईएन 1539), बाइक (जेएच 01 एफएम 8265) पुलिस ने बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एमटी-15 को रोका गया। बाइक में लगा नंबर (जेएच 01डी 0270) स्पष्ट नहीं था। चेसिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन (जेएच 01 ईएन 1539) है, जो चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गए संजय सिंह से पूछताछ की, तो बताया कि उसने यह बाइक मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदी है। उसकी निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपित विक्की ने एक और बाइक चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाइक (जेएच-01 एफएम 8265) बरामद हुई। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की चोरी की बतायी जा रही है। गिरफ्तार उग्रवादी विशाल के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं।

## आठ लाख के गांजा के साथ दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से दो महिलाओं सहित चार तस्करों को 43.60 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत आठ लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश निवासी सुमित कुमार, पश्चिम बंगाल निवासी दीप राई, उत्तर प्रदेश निवासी अंजना सिंघल और दिल्ली निवासी सुषमा शामिल हैं। इनके पास से 43.60 किलो गांजा, चार मोबाइल, तीन आधार कार्ड, 1500 नकदी और धुर्वा से बनारस जाने का सामूहिक बस टिकट (रेखा बस) बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जांच अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर खादगढ़ा से दो युवकों और दो महिलाओं को गांजा की अवैध तस्करी कर ओडिशा से बनारस ले जाने के दौरान पकड़ा गया। गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी रांची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पूर्व के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।



## रांची में दंगे का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाने की पुलिस ने रांची दंगे के फरार आरोपी मो सद्दाम को गिरफ्तार किया है। वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद के पास हुए सांप्रदायिक दंगे में भी शामिल था। उसके खिलाफ रांची के 11 थानों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली थाना के एक मामले के आरोपी मो सद्दाम उर्फ कोरेंट पगला एसएन गांगुली रोड पर रेकी कर रहा है।

इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम ने मो सदाम को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लूटपाट को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा था। इसी दौरान पकड़ा गया। पूछताछ में सद्दाम ने बताया कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद के पास हुए सांप्रदायिक दंगे में भी वह शामिल था।

## न्यूज बॉक्स

### एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी आग, चालक घायल



**रांची ।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू जाने वाली सड़क पर अचानक चलती कार में शुक्रवार को आग लग गई। घटना में कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक आग लगने से कार चला रहा युवक घबरा गया और उसने कार को सड़क के किनारे खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में कार चला रहा युवक किसी तरह जलती हुई कार से बाहर निकला। हालांकि, इस दौरान चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना प्रभारी कश्यप गौतम मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहन पहुंचे और कुछ देर तक मशक्कत करने के बाद बाद आग पर काबू पा लिया।

बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी है। आसपास के लोगों ने कार में आग लगी देखी, तो सबसे पहले वहां पहुंचे और घायल कार चालक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### रांची विवि के यूजी सेमेस्टर-1 का परीक्षा फॉर्म कल तक ऑनलाइन भर सकेंगे छात्र

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय यूजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि आगामी 28 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पहले फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल थी, जिसे छात्रों की सुविधा के लिए रांची विश्वविद्यालय ने बढ़ा कर 26 अप्रैल 2024 कर दिया था। शुक्रवार को बहुत सारे विद्यार्थियों ने रांची विश्वविद्यालय पहुंच कर कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा से विशेष आग्रह किया कि वे किन्हीं कारणों से अब तक फॉर्म नहीं भर पाए हैं। उन्हें फॉर्म भरने का एक अवसर दिया जाए। छात्रों के आग्रह को देखते हुए कुलपति ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि दो दिन बढ़ा दी है। अब नई सूचना के अनुसार यूजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा के फॉर्म 28 अप्रैल शाम पांच बजे तक ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। कुलपति ने कहा है कि छात्र जल्द से अपना फॉर्म भरे लें। अब किसी भी हाल में यह तिथि बढ़ाई नहीं जाएगी।

### सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता आज से

**रांची।** बहुबाजार ओल्ड एचबी रोड स्थित बिशप स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता शनिवार (27 अप्रैल) से आयोजित हो रही है। इसमें योग प्रतियोगिता के साथ क्विज, स्पीच, पेंटिंग एवं रंगोली की भी प्रतियोगिताएं होंगी। इसका उद्घाटन अपराह्न 4:00 बजे होगा। इस प्रतियोगिता 3 साल से लेकर 70 साल तक के उम्र के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न होगी। संगठन के सेक्रेटरी योगाचार्य आदित्य कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से विभिन्न आयु वर्गों में 500 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### मानव सेवा से होती है सुखद अनुभूति : आलोक मजुमदार

**रांची।** पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। पीड़ितों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। ये बातें सामाजिक कार्यकर्ता आलोक मजूमदार ने शुक्रवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एचआई कॉलोनी में स्लम एरिया के बच्चों के बीच पठन-पाठन व अन्य उपयोगी सामग्रियों के वितरण समारोह के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से समाज के कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को सहयोग करना पुनीत कार्य है। मौके पर लगभग पच्चीस छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री कॉपी पेन्सिल आदि बांटे गए। किशोरवय छात्राओं के बीच सैनिटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोहिनी मजुमदार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर तुषार कांति शीट, राजीव रंजन राजू, सोहिनी मजुमदार, ललन कुमार मिश्र, नेहा मिश्रा आदि मौजूद थे।

### रांची वीमेंस कॉलेज में अभाविप की नई इकाई गठित, निकिता बनीं अध्यक्ष

**रांची।** वीमेंस कॉलेज, रांची में अभाविप की नई इकाई की घोषणा शुक्रवार को नगर छात्रा विस्तारिक किरण कुमारी, महानगर सह मंत्री सारदा कुमारी की उपस्थिति में की गई। नए सत्र के लिए इकाई अध्यक्ष- निकिता उपाध्यक्ष- सुमन, मंत्री- कुशव मिश्रा, सह मंत्री- अनुश्रुति मिश्रा एसएफएस प्रमुख ऊमी प्रिया सहदेव, एसएफडी प्रमुख साक्षी कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी रॉली कुमारी, कला मंच प्रमुख रिया पांडे, खेलो भारत प्रमुख पूनम कुमारी, खेलो भारत सह प्रमुख सुलेखा, कांता बनाई गई। कार्यकारी सदस्यों में चित्रा, आकांक्षा, राजश्री श्रीवास्तव, कीर्ति साहू, साक्षी, संजू आदि शामिल हैं। मौके पर सारदा कुमारी ने सभी को शुभकामनाएं दी। किरण कुमारी ने कहा कि एबीवीपी एकमात्र ऐसा संगठन है, जो छात्रहित के साथ समाज व राष्ट्र हित के लिए भी कार्य करती है।

### गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में सजा आठवां कीर्तन दरबार

**रांची।** सिखों के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जुन देव जी तथा नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर जी के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में रातू रोड के मेट्रो गली स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आठवां कीर्तन दरबार लगाया गया। इस अवसर पर सुबह 5 बजे विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंचा। वहां इसका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## रीएडमिशन के नाम पर अवैध वसूली पर अविलंब रोक लगे : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शुक्रवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नाम पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि निजी स्कूलों पर रीएडमिशन फीस लेने पर रोक लगाई जाए।प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि रांची जिला के अंतर्गत आने वाले सभी निजी स्कूलों द्वारा रीएडमिशन के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बना कर फीस वसूली जा रही है। यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम नियम का उलंघन है। कई वर्ष पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने रीएडमिशन के नाम पर अभिभावकों से अवैध तरीके से फीस वसूली पर रोक लगाने को कहा था। लेकिन, निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से भिन्न-भिन्न मद में पैसे की अवैध वसूली जारी है।

उन्होंने कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) निवेदन करता है कि इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए, अन्यथा आजसू बाध्य हो कर चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, दीपक रजक, आशुतोष सिन्हा, पियूष सिंह, नीलाभ रत्न आदि उपस्थित थे।

## एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाते हो गई जच्चा-बच्चा की मौत

**खूंटी।** अस्पताल पहुंचने से पहले ही गुरुवार रात जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। महिला टिपली तोपनो (35) पश्चिमी सिंहभूम के कामड़ोड़ा गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार कामड़ोड़ा गांव की टिपली तोपनो गर्भवती थी। प्रसव का समय पूरा होने के बाद गांव की सहिया बाहमनी तोपनो एम्बुलेंस से उसे लेकर प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र रनिया पहुंची। वहां उसका प्रसव कराने का प्रयास किया गया, नहीं होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एम्बुलेंस से लेकर रेफरल अस्पताल पहुचे। वहां डॉ चयन सिन्हा ने उसकी जांच की। डॉ सिन्हा ने बताया कि गर्भवती महिला की स्थिति अच्छी नहीं थी। उसे जॉन्डिस भी था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गयी। शुक्रवार को शव को एम्बुलेंस से घर भेज दिया गया।

## मध्यस्थता से 19 वर्ष बाद सुलझा दो भाइयों का संपत्ति विवाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची सिविल कोर्ट में 19 वर्ष से चल रहे एक संपत्ति विवाद का मामला शुक्रवार को आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के जरिये सुलझा लिया गया। इस केस के निपटारे में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों सहोदर भाइयों के बीच संपत्ति विवाद था। दामोदर नाथ शाहदेव की ओर से अपने सगे बड़े भाई लाल गोविंद नाथ शाहदेव एवं अन्य के खिलाफ रांची के लेक रोड, हरमू रोड, किशोरगंज स्थित भूमि 1.25 एकड़ पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। समझौता के बाबत दोनों पक्षकारों के बीच कई दौर की वार्ता हुई थी, लेकिन विवाद नहीं सुलझ पा रहा था।

इसके बाद न्यायालय के पहल पर समझौता के लिए दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बैठकें हुईं। तब दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं तथा मध्यस्थता की ओर से 19 वर्ष पुराने मामले को सुलझा लिया गया।




पक्षकारों के बीच यह सहमति बनी कि एमएस प्लॉट नंबर - 1165, 1167, 1168, लेक रोड स्थित भूमि में वादी दामोदर नाथ शाहदेव को 62.80 डिसमिल तथा प्रतिवादी बड़ा लाल गोविंद शाहदेव एवं अन्य को 62.80 डिसमिल भूमि मिलेगी। इसमें दोनों पक्ष अपने-अपने हिस्से की जमीन में अपनी मर्जी से उस भूमि का उपयोग करेंगे। इस बाबत पक्षकारों की ओर से नक्शे की प्रति भी दायर की गई, जिसमें उनके हिस्से का विवरण दर्ज है।

## अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है भाजपाः कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस देश में हमेशा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है। जबकि कांग्रेस अपने एजेंडे को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ रखती है।उन्होंने शुक्रवार को कहा कि जब देश भाजपा से सवाल पूछ रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनाव की धारा दूसरी ओर मोड़कर देश में सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहते हैं। जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा मुसलमान की बात करती है। कांग्रेस रोजगार पर सवाल करती है तो मोदी मंगलसूत्र की बात करने लगते हैं। कांग्रेस इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला की बात करती है तो भाजपा जातिवादी राजनीति की बात करती है। भाजपा इस देश में हिंदुओं को मुसलमान से इसाई को सीख से आदिवासियों को गैर आदिवासियों से लड़ाने की अपनी पुरानी नीति और छुपे एजेंडे पर काम कर रही है।

# स्कूलों में बढ़ी साफ-सफाई और शैक्षणिक गुणवत्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में सरकारी स्कूलों के अनुश्रवण के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों के स्कूलों में लगातार औचक निरीक्षण का राज्य के शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में कार्य के प्रति संवेदनशीलता तो दिख ही रही है, साथ ही स्कूल में साफ-सफाई और शैक्षणिक गुणवत्ता भी बढ़ी है। पहले जो शिक्षक कक्षाओं के संचालन में लापरवाही बरतते थे, अब वे भी समय पर कक्षा का संचालन कर रहे हैं। राज्य शिक्षा परियोजना के जरिए विगत एक माह में कई स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनहीनता और लापरवाही बरतने के मामले में कार्रवाई की गई है।

**क्रियाशील हुए लैब, सड़ रही थीं किताबें :** अनुश्रवण के दौरान राज्य शिक्षा परियोजना के कई पदाधिकारी सुदूर इलाकों में जाकर स्कूलों का अनुश्रवण कर रहे हैं। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध एक्शन भी लिया जा रहा है। इन निरीक्षणों का असर है कि कुछ स्कूलों में जहां सालों से विज्ञान प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरी नहीं खुली थीं, अब वहां भी बच्चे प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का लाभ ले रहे हैं। अनुभवी शिक्षक इन बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान दे रहे हैं। कई स्कूलों में बंद पड़े स्मार्ट क्लास भी शुरू कर दिए गए हैं।

**टोला टैगिंग फिर हुई शुरू :** स्कूलों में ड्रॉप आउट रोकने के लिए और नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर अभिभावकों से संवाद करना होता है। इसे टोला टैगिंग कहा जाता है। समय-समय पर इस प्रक्रिया को किया जाना अनिवार्य है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। अनुश्रवण से पहले विद्यालयों द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी। अब प्रत्येक विद्यालय द्वारा जिम्मेदारी पंजी बनाकर शिक्षकों को बारी-बारी से टोला टैगिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। शिक्षक कक्षाओं के संचालन के बाद एक घंटा अपने पोषक क्षेत्रों में जाकर अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं।

**पुरानी एवं जर्जर इमारतों की मरम्मत शुरू :** राज्य अनुश्रवण के दौरान अनुश्रवण पदाधिकारियों ने पाया कि कई सरकारी विद्यालयों के भवन जर्जर हैं और स्कूल परिसर में झाड़ियों और कचरों का अंबार है। अनुश्रवण के दौरान झाड़ियों और कचरों को साफ कर स्कूल भवन की मरम्मत का निर्देश दिया गया। इसके बाद आज कई स्कूल झाड़ियों और जर्जर हालात से मुक्त हो गए हैं। स्कूलों में अब झाड़ियों की जगह क्यारियों ने ले ली है।

**वॉल पेंटिंग्स ने बढ़ाई स्कूलों की सुंदरता :** अनुश्रवण पदाधिकारियों ने स्कूलों को खाली पड़े दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेशों एवं चित्रकलाओं से वॉल पेंटिंग करने की सलाह दी। इसके बाद कई विद्यालयों की दीवारें अब पहले से ज्यादा सुंदर व आकर्षक दिख रही हैं।

### कार्रवाई नहीं, संवेदनशीलता बढ़ाना उद्देश्य : आदित्य

'प्रयास' सह 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के अनुश्रवण के लिए गए राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों से राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि विभाग का उद्देश्य किसी के विरुद्ध कार्रवाई करना या शिक्षकों में भय पैदा करना नहीं है। अनुश्रवण का उद्देश्य ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देना है, जो राज्य कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव ला सके। हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ सके। लापरवाह पदाधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यों को स्कूल के शैक्षणिक वातावरण के प्रति संवेदनशील बना सके। उन्होंने अनुश्रवण से पहले समीक्षा बैठक में भी अधिकारियों से अनुश्रवण के दौरान विनम्र स्वभाव रखने की सलाह दी थी। आदित्य ने कहा कि राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा स्कूलों के निरीक्षण के बाद आए बदलावों को देखते हुए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा लगातार इस तरह के अनुश्रवण अभियान चलाए जाते रहेंगे।

## शॉर्ट सर्किट से मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में लगी आग, लोगों ने बुझाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ जाने वाले मार्ग पर स्थित द किडनी क्लीनिक और आनंद न्यूरो अस्पताल के पास शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक पूरे मार्केट कांप्लेक्स में आग लग गई। अगलगी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि, अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आग की लपटे देख कर अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज भागने लगे। अस्पताल के कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। मार्केट में संचालित हो रहे कार वाशिंग सेंटर के पानी से आग को बुझाया गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग की लपटे इतनी तेज थीं कि पांच मिनट में ही पहले तल्ले के सारी वायरिंग जलकर राख हो गई। मामले में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और फ्रायर बिग्रेड को सूचना दी। लेकिन, स्थानीय लोग और कार वाशिंग सेंटर के लोगों ने आग को बुझा लिया। अगलगी में किसी के हताहत की सूचना नहीं है।






# एससी, एसटी व ओबीसी का हक छीन मुस्लिमों को देना हिडेन एजेंडा : मंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा है कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है। भाजपा सदैव से सबका साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है। जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की घटिया और घिनौनी राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। श्री मंडल मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर 2006 को नेशनल डेवलेपमेंट काउंसिल के 52वें मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएँ बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। श्री मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था बल्कि जानबूझ कर दिया था क्योंकि 13 अप्रैल 2009 को फिर से मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि अल्पसंख्यक का खासकर मुस्लिमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।




### मुसलमानों की उपेक्षा न हो, लेकिन अनुचित लाभ भी न उठाएं

श्री मंडल ने कहा कि कांग्रेस की एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाका डालने की आदत बहुत पुरानी है। यहां तक कि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर ने भी 27 अक्टूबर 1951 को कहा था कि पिछले 20 वर्षों में पंडित नेहरू ने दो हजार भाषण दिए हैं, लेकिन उन्होंने एक बार भी अनुसूचित जाति के कल्याण के बारे में बात नहीं की है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कांग्रेस पार्टी को हमारे लोगों के प्रति कितनी सहानुभूति है। पंडित नेहरू हमेशा मुसलमानों के पक्ष में रहते हैं। हम नहीं चाहते कि मुसलमानों की उपेक्षा की जाए, लेकिन हम यह जरूर चाहते हैं कि मुसलमानों को अन्य समुदायों की कीमत पर अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए, जिन्हें अधिक सुरक्षा की आवश्यकता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन ये साजिश रची कि मुसलमानों में भी जाति है, इसलिए उनमें भी एससी माना जाए और एससी लिस्ट में आरक्षण दिया जाए। कोई एससी अगर धर्म बदल कर मुसलमान या ईसाई बनता है तो भी उसका एससी दर्जा बना रहे। साथ ही, ओबीसी के 27% से 6% काटकर मुसलमानों को आरक्षण दिया जाए।

# भाजपा का सांप्रदायिकता के सहारे बहुमत का प्रयास नहीं होगा सफल : सुबोधकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस भवन रांची में किया गया। मिलन समारोह में झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भाजपा के नफरत की माहौल से निपटना जनता जान गई है, सांप्रदायिकता की जो सीढ़ी पर चढ़कर भाजपा बहुमत लाने का प्रयास कर रही है उसमें वह सफल नहीं होगी। जनता उनके पूरे 10 वर्षों के कार्यकाल का एक्स-रे कर रही है और उसी के अनुरूप इन्हें सबक सिखाने का काम भी चुनाव के दो चरणों में जनता कर चुकी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, महेश्वर साहु, मोहन साव, भुनेश्वर साव, डॉ एहसान अहमद सिद्दीकी, मुकेश लाल सिन्दुरिया, सुमन जायसवाल, प्रकाश मंडल, मिथलेश जायसवाल, गणपति साहु, आलोक मंडल, रामदयाल पांडेय, मिथुन कोयरी, राहुल कुमार साहु, बनवारी साव, शकील अख्तर मस्सन, राजेश साव, सुखदेव साव, बासुदेव साव, मोहन साव, ओम प्रकाश साव, भरत केशरी, विजय केशरी, दीपक प्रसाद, अमित साहु, नंद किशोर ठाकुर, रंजन प्रसाद, संजय प्रसाद, अजित कुमार, मो सलीम , विचंल कुमार, निखिल तिवारी आदि शामिल है।



### जिसकी जितनी भागीदारी, उतनी हिस्सेदारी

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की है। देश के वर्तमान हालात मे अच्छे भविष्य के लिए राहुल एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। महेश्वर साहू लगातार अपने समाज की बातों को उठते रहे हैं और अपने समाज के हित के लिए मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय 25 गारंटी को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है और वह चुनाव को किसी अन्य दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जनता अपने मूल समस्याओं को ध्यान में रखकर ही पूरे देश में मतदान कर रही है।

## कांग्रेस ने चौथे चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुकुल वासनिक द्वारा चौथे चरण दिनांक 13 मई 2024 को होनेवाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत झारखण्ड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने दिया। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डा. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना के. पी. सिंह, आलमगीर आलम, डा. रामेश्वर उरॉव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप क्र. बालमुचू, बंधु तिर्की, सहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरॉव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविन्द्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोनगारी, दयामनी बारला शामिल है।

# सरना-सनातन को एक बताने को लटकाया सरना धर्म कोड : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के करम टोली चौक में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों का इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक अजय तिर्की के अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन अभयभूत कुंवर ने किया। इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची लोकसभा के उम्मीदवार यशस्विनी सहाय, रविंद्र सिंह एवं आदिवासी संगठनों की ओर से केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की , आदिवासी लोहरा समाज, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद, 12 पड़ा सामाजिक उत्थान संस्था, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति, धरती आबा मरंग गोमके झारखंड, जेठ जतरा समिति करम टोली,पाहन महासंघ झारखंड प्रदेश, केंद्रीय सरना समिति भारत , राष्ट्रीय जय आदिवासी सरना धर्म सेवा केंद्र, सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज,भारत जोड़ो अभियान के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक हुई। बैठक में झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आज संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। प्रकृति पूजक आदिवासियों के सरना धर्मकोड की मांग को राज्य की गठबंधन सरकार ने सदन से पारित कर केंद्र की भाजपा सरकार को भेजा गया, लेकिन भाजपा सरना सनातन को एक बताने का जबरन कोशिश में लगी हुई है और आज तक मामला को लटका कर रखी है। आज कांग्रेस पार्टी पांच न्याय-पचीस गारंटी देने जा रही है, जिसमें आरक्षण का हक संवैधानिक संशोधन द्वारा पचास प्रतिशत सीमा हटाकर एसटी., एससी, ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक देगी। जल-जंगल-जमीन का कानूनी हक देगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के झारखण्ड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान आदिवासी समाज के लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को भी सुने।

# इंडी ठगबंधन सरकार आदिवासी दलित विरोधी : अमर कुमार बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन कार्यक्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों और दलित विरोधी है। चाहे हेमंत सरकार हो या वर्तमान सरकार, दोनों के कार्यकाल में इन वर्गों के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ। उलटे उनपर अत्याचार बढ़ा है। आदिवासी और दलितों के विकास के लिए मोदी सरकार ने काफी काम किया है। आदिवासियों के विकास के बजट में काफी वृद्धि की है। भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम किया है। डॉ भीमराव अंबेडकर को भी पूरा सम्मान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही मिला। कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की।

### पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करेगा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पिछड़ी वर्ग के हित के लिए मोदी सरकार आगे आई है। उनके हित के लिए काफी काम की है। इंडी गठबंधन पिछड़े वर्ग को मिली आरक्षण की सुविधा पर भी डाका डालने का काम कर रही है। उसने साफ कर दिया है कि सत्ता में आने पर इस वर्ग के आरक्षण में कटौती करेगी और इसका लाभ मुसलमान को देगी।

### हर पल जनता के लिए खड़ा रहूंगा : कालीचरण



प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता के कारण मुझे टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे हर समय हर पल जनता के लिए खड़ा रहेंगे।जनसभा को पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता सहित अन्य मौजूद थे।

**पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म-12 व 12डी का हुआ आदान-प्रदान**

# एक भी मतदाता मतदान से नहीं छूटे पोस्टल बैलेट की है व्यवस्था : रविकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु अंतरजिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का आज संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरण किया गया। मुख्य निर्वाचन कार्यालय में बनाए गए एक्सचेंज सेंटर में राज्य के सभी जिलों/निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अपने-अपने जिले में प्राप्त फॉर्म 12 एवं 12 डी को लेकर पहुंचे और संबंधित दूसरे जिलों को फॉर्म को उपलब्ध कराया। एक्सचेंज के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। पोस्ट बैलेट से मतदान के लिए प्राप्त फार्म 12 एवं 12 डी का एक्सचेंज फैसिलिटी से सर्विस वोटर एवं एसेंशियल सर्विसेस के मतदाताओं को मत देने में सुविधा होगी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि फार्म 12 चुनाव ड्यूटी में कार्यरत अर्थात सर्विस वोटर के लिए है। वहीं फॉर्म 12 डी अब्सेंटी वोटर, अब्सेंटी वोटर फिजिकल डिसिबिलिटी, अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन तथा अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विसेस के लिए है, जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उपरोक्त संबंधित मतदाता जो अपना फॉर्म जमा किए हैं, उसे एक्सचेंज फैसिलिटी के तहत एक दूसरे लोकसभा क्षेत्र में भेजा जा रहा है, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। विदित हो कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु अंतर जिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का स्थानांतरण, निर्गत पोस्ट बैलेट एवं पोल्ड पोस्टल बैलेट के आदान-प्रदान एवं अन्य के संबंध में एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



# हेमंत पार्ट वन में लव जेहाद की तरह चल रहा था लैंड जेहाद : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जिस तरह लव जेहाद चरम पर था ,उसी तरह लैंड जेहाद भी चल रहा था, गैंग्स ऑफ वासेपुर की तरह यह गैंग्स ऑफ छोटनागपुर है। जिसका एक सूत्री काम सेना और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करना था। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शुक्रवार को प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गैंग्स ऑफ छोटानागपुर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झामुमो के कई बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है, उनमें प्रमुख है इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ये सभी लोगों को रात के 8 बजे के बाद मुख्यमंत्री आवास में एंट्री करने की खुली छूट थी और उस समय सीसीटीवी कैमरा भी ऑफ कर दिया जाता था। उसके बाद सारी प्लानिंग की जाती थी।

**लैंड जिहादियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त :** प्रतुल ने कहा लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर भी कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद ,हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है। कहा कि जिस तरीके से हेमंत सोरेन पार्ट वन और पार्ट 2 में सेना और सरकार की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है, उससे साफ दिख रहा है कि इनको कहीं ना कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

आमने सामने

# भ्रम और नफरत फैला रही है भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए जनता के बीच भ्रम और नफरत फैला रही है। जिस तरह भाजपा के स्टार प्रचारक हेट स्पीच दे रहे हैं, उस पर पाबंदी लगनी चाहिए। झामुमो नेता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक नई परंपरा की शुरूआत तो की है, राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को नोटिस जारी कर रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी को नोटिस करने का सहास नहीं जुटा पा रही है। झामुमो प्रवक्ता शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। झामुमो प्रवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनका अंतिम पैसला नहीं है, शिकायत मिलने पर फिर से सुनवाई की जा सकती है। झामुमो नेता ने कहा कि राज्य के जिन चार सीटों के लिए नामांकन खत्म हो गया है, उसमें से एक पर पिछली बार इंडी गठबंधन की जीत हुई थी, इस बार भी उस सीट को जीतेंगे।

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नहीं किया कोई काम :** झामुमो प्रवक्ता ने पलामू, खूंटी और लोहरदगा के सांसदों से सवाल करते हुए कहा कि उन चारों को मिल कर पांच साल में चार काम जनता को बताना चाहिए। इनलोगों ने की काम नहीं किया। जब काम ही नहीं किया तो दाम क्यों दिया जाए।खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा केंद्र में जनजातीय मंत्रालय के मंत्री थे, लेकिन आदिवासी बहुल खूंटी में आदिवासियों के लिए एक भी काम नहीं किया।

**बेरोजगार युवक अग्निवीर में जाने को विवश :** झमुमो नेता ने कहा कि राज्य के आदिवासी-मूलवासी के बेरोजगार युवक अग्निवीर में जाने के लिए विवश हैं। बिहार रेजीमेंट में 60 फीसदी झारखंड के युवक हैं, लेकिन सभी ठगा जा रहा है। यहां के आदिवासी-मूलवासी के साथ अन्याय किया जा रहा है।

## लोहरदगा लोस क्षेत्र में दो का नामांकन रद्द शेष बचे 15 प्रत्याशी

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कराए दो उम्मीदवारों का संवीक्षा के दौरान शुक्रवार को नामांकन रद्द कर दिया गया। नामांकन रद्द होने वाले उम्मीदवारों में ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) और एतवा उरांव ( स्वतंत्र ) शामिल हैं। 25 अप्रैल तक हुए अंतिम नामांकन तिथि तक 12- लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन कराया था। इसमें से दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद अब चुनावी समर में 15 उम्मीदवार बचे हैं। नामांकन कोषांग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दाखिल पर्चा में दी गई जानकारी में कमी पाए जाने के कारण नियमानुसार नामांकन को रद्द किया गया है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन व स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब आगामी 29 अप्रैल को नामांकन कराए उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

# न्यूज बॉक्स

## आईजी अभियान ने चुनाव को लेकर की बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश



**रांची ।** आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी एवी होमकर ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की। बैठक में सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की। बैठक में आईजी डीआईजी, एसएसपी और एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया। आईजी ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिये । साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम नहीं दे सकें। इसका पूरा ध्यान रखें। साथ ही अन्तरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों के जरिये अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

## जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 29 को

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 29 अप्रैल को रांची के प्रेस क्लब में आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो करेंगे। इसमें जदयू के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, प्रमंडल प्रभारी एवं जिला संगठन प्रभारी सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शामिल होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने गुरुद्वारा में की कारसेवा



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय शुक्रवार को शहर के मेट्रो गली, रातू रोड के भगत सिंह चौक स्थित गुरुद्वारा के महान कीर्तन दरबार में आयोजित नगर कीर्तन में शामिल हुईं। इस अवसर पर सहाय ने गुरुद्वारा में मत्था टेका और सेवा की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी उपस्थित थे। मौके पर आरुषि वंदना, पिया बर्मन, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के दिलीप गुप्ता, जीतू अरोड़ा, राजू काठपाल, गुलशन मीढ़ा, नरेश मक्कड़, नरेश पपनेजा, अर्जुन मीढ़ा, मनीष मीढ़ा, वेद प्रकाश मीढ़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## पीएम मोदी की झूठी गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं : कैलाश यादव

**रांची ।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश देते कहा कि सभी लोग बीजेपी के 10 वर्षो के खोखले वादे और असफल कार्यकाल के विषय में घर घर जाकर जनता को बताएं। कैलाश यादव ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झूठी गारंटी को जनता गंभीरता से नहीं ले रही है । देशवासियों को बीजेपी पर भरोसा नहीं है। क्योंकि 10 वर्षो के कार्यकाल में बीजेपी सिर्फ बड़ी बड़ी वादा करती रही,सिर्फ झूठे सपने दिखाने का काम किया ,भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आजाद भारत के इतिहास में पिछले 45 वर्षो में पहली बार देश में प्रचंड बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है । युवा वर्ग अपनी डिग्रियां लेकर भटक रहा है। कहीं भी उसे नौकरी रोजगार का सहारा नहीं मिल पा रहा है। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने गृहणियों को भी झूठ बोल कर ठगने का काम किया है। उज्वला गैस सिलेंडर किसी भी परिवार को नही मिल रहा, हालात ऐसी है कि देश का मजदूर,किसान, जवान सभी परेशान हैं ।

## धर्मेंद्र तिवारी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी होंगे



**रांची ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संसदीय चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को रांची में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय हुआ कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी राँची लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। इस अवसर पर तिवारी ने संसदीय चुनाव समिति तथा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय का आभार जताते हुए कहा कि रांची के वर्तमान भाजपा सांसद ने पिछले ५ सालों में ऐसा एक भी काम नहीं किया है, जिसके लिये रांची की जनता उनका पुनः चुनाव करे। वर्तमान सांसद ने रांची वासियों की समस्या, उनके मुद्दे दिल्ली के संसद में ठीक तरह से उठाया ही नहीं ' वे केवल नमो मंत्र ही जपते है' इधर कांग्रेस ने भी वंशवाद परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ऐसा प्रत्याशी दिया है जिसको न तो यहां के लोग जानते है और ना ही उन्हें सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की समझ है' चुनाव के बाद इनका दुबारा मुंबई चले जाने की प्रबल संभावना है'तिवारी ने कहा कि विधायक सरयू राय और भाजमो ने मुझ पर विश्वास करके रांची लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाकर जो ज़िम्मेवारी मुझे सौंपा है।

## कांग्रेस के मीडिया विभाग की बैठक संपन्न

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग की बैठक अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में संपन्न हुई जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला एवं सुमेर चारण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में शुक्ला एवं सिंह ने प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूरी जानकारी प्राप्त कर मीडिया के साथ समन्वय बनाने की दिशा में गहन चर्चा कर कई दिशा निर्देश भी दिए इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश में सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम से झूठी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है ताकि जनता अपनी मूल समस्याओं को छोड़कर उनके द्वारा फैलाई जा रहे झूठ के झांसे में आकर अपना मतदान भाजपा के पक्ष में करें। देश में नफरत का माहौल बनाने के अपने मूल मिशन पर भाजपा हर मोर्चे पर सक्रिय हो गई है और उसने अपने सभी संगठनों को भी सांप्रदायिक माहौल बनाने के लिए तैयार रहने को कहा है ताकि आगे आने वाले 6 चरणों के चुनाव में जनता के बीच सांप्रदायिकता का जहर फैलाकर मतदान को प्रभावित किया जा सके।

## एक नजर

### वन विभाग ने अवैध कोयला लदा बाइक किया जब्त

**रामगढ़।** वन क्षेत्र पदाधिकारी ने प्रभारी वनपाल निलेश चंद्र पोद्धार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया। टीम ने शुक्रवार को परेज चौक से अवैध कोयला लदा मोटरसाइकिल जब्त किया है। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर लईयो वन सीमा के अंदर अवैध कोयला खनन को रोकने हेतु खनन स्थल की जांच टीम के लोगों ने किया। जांच के दौरान अवैध खनन होने को सही पाया गया। जिसके बाद टीम के लोगों ने कोयला खनन के लिए उपयोग में आने वाले समानों को खनन स्थल से जब्त कर अज्ञात लोगों के खिलाफ वनवाद दर्ज किया है। टीम में सुनील कुमार, संजय कुमार, संतोष टोप्पो, उमेश कुमार मुंडा, शिकारी हेम्ब्रम, अजय कुमार आदि लोग मुख्य रूप से शामिल थे। वहीं नीलेश ने कहा कि बहुत जल्द अवैध मुहानों को डोजरिंग कर बंद करने का कार्रवाई की जाएगी।

### सुशांत मुखर्जी ने डाड़ी प्रखंड के प्रभारी बीडीओ का पद संभाला

**गिद्दी।** हजारीबाग के कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत कुमार मुखर्जी को डाड़ी प्रखंड के प्रभारी बीडीओ सह सीओ बनाया गया है। डाड़ी प्रखंड की तत्कालीन बीडीओ सह सीओ अनु प्रिया के 31 मई 24 तक मेडिकल लीव में जाने के कारण उनके स्थान पर सुशांत कुमार मुखर्जी बीडीओ सीओ का प्रभार सौंपा गया है। हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय से जारी चिट्ठी में कहा गया है डाड़ी बीडीओ सह सीओ अनुप्रिया के मेडिकल लीव से वापस लौटने तक कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत कुमार मुखर्जी डाड़ी बीडीओ सह सीओ के प्रभार में रहेंगे। डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया ने शुक्रवार को सुशांत कुमार मुखर्जी को प्रभार सौंपा। सुशांत मुखर्जी ने कहा प्रखंड में लोकसभा चुनाव सफल कराना उनका कार्य होगा। इस अवसर पर जीपीएप अजीत तिवारी, देवेंद्र कुमार, उज्ज्वल किशोर सहित प्रखंड और अंचल के कर्मी मौजुद थे।

### पेड़-पौधे व वनस्पतियों ने ही दुनिया को बचाकर रखा है : भुवनेश्वर

**पतरातू।** पेड़ पौधे और वनस्पतियां ही पूरी दुनिया को बचाकर रखे हैं। उक्त बातें आरएसएस के पर्यावरण गतिविधि प्रमुख भुवनेश्वर ठाकुर ने कही। इस भीषण गर्मी में पर्यावरण गतिविधि प्रमुख भुवनेश्वर ठाकुर, तारकेश्वर भारती सहित अन्य लोगों ने ने कोतो पहाड़ी में पिछले बरसात में लगाए गए पेड़ पौधों का पटवन किया। ताकि लगाए गए पेड़ पौधे जीवित रह सकें। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इस पहाड़ी पर पीपल, बरगद, आंवाला, करंज, बेल, जामुन आदि के पौधे लगाए गए थे। जिसका वे इस तपती गर्मी में पटवन किया गया। तारकेश्वर भारती को प्रकृति से काफी लगाव है। वे पहाड़ी पर चढ़कर सभी पौधों में पानी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे दुनिया के जीव जंतु वनस्पति पर निर्भर हैं। लोगों को इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए।

## एसडीओ ने हैलीपैड का किया निरीक्षण

# पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोकसभा चुनाव के दौरान कई वरिष्ठ नेताओं व अधिकारियों का हवाई मार्ग से भी आने की संभावनाएं है. इस दौरान किसी भी प्रकार से कमी नहीं रहे इस ओर भीं प्रशासन गंभीर है. इसके लिए अनुमंडल के विभिन्न हेलीपैड के वस्तुस्थिति की जानकारी ली जा रही है. इसी क्रम में गुरुवार को एसडीओ जोहन टुडू ने अनुमंडल के पदमा स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रनवे, हेलीकॉप्टर के ठहराव, सुरक्षा इत्यादि विभिन्न महत्पूर्ण विंदुओं पर जानकारी लिया. इन सभी विंदुओं को वरीय अधिकारियों तक जानकारी दी जाएगी. विदित हो कि बरही में पद्मा साईं सेंटर तथा रसोईया धमना स्थित चकुराटांड़ दो स्थानों पर हेलीपैड है. विदित हो कि चकुराटांड़ का हेलीपैड आईसीएआर के शिलान्यास को लेकर पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए बनाया गया था. जहां अब तक पीएम का हेलीकॉप्टर दो बार लैंड कर चुका है.

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता आयोजित

# बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं सिर्फ उन्हें तराशने की जरूरत है : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 26 अप्रैल को ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 के द्वारा कराई गई। ओरिगामी वह कला है, जिसमें पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। पेपर फोल्ड कर तरह-तरह की आकृतियां बनाने वाले कलाकार को पेपर फोल्डर कहते हैं। जिसका अर्थ है कि वस्तु की गुणवत्ता या व्यक्ति की क्षमता पर्याप्त रूप से उच्च है। 'ओरिगामी' शब्द जापान में पुराने दस्तावेजों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। विद्यालय के बच्चों ने इस कला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सब ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। इस कला को कक्षा 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं के अनुसार नए-नए रूपों को नया



आकार दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनके हौसले को यूं ही बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हमारे बच्चे नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं सिर्फ उन्हें तराशन की जरूरत है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### चेचकपी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार, कहा- रोड नहीं तो वोट नहीं




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र चेचकपी पंचायत में रोड नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबध में सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकाली । जिसमें उन्होंने कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो सका। जिसके कारण चेचकप्पी में ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। इस मौके पर ग्रामीण शिबू मांझी ने कहा की प्रखंड मुख्यालय चेचकप्पी से मात्र 8 किलोमीटर है। इसके बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बीमार या प्रसुति महिला रहे तो उसे खटिया की सहारे ले कर जाना पड़ता है। मौके पर अर्जुन बास्के, शिबू मांझी, अशोक कुमार, मोहन साव, शिव शंकर साव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लगा हेल्थ कैम्प, 82 मरीजों की हुई जांच



**बरही ।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पीएचसी गौरियाकरमा ने निचितपुर ग्राम में हेल्थ कैंप का आयोजन किया. जिसमे टीबी, एचआईवी, बीपी, सुगर का का जांच किया गया. हेल्थ कैम्प में डॉ राजीव कुमार की निगरानी में आयोजित की गई थी. शिविर में टीवी के सम्भावित मरीजों का बलगम जांच भी किया गया. हेल्थ कैम्प में 72 मरीजों के टीबी, एचआईवी व सुगर जांच किए गए जिनमे 60 मरीजों का बीपी जांच किया गया. इस दौरान कुल मिलाकर 82 मरीजों का जांच कर उचित सलाह दिया गया. इस दौरान डॉ कुमार ने उपस्थित लोगो को गर्मी में अधिकाधिक पानी और धूप से बचने की सलाह दी. भोजन में चाइनीज व बाजार के भोजन से परहेज करने की बात कही. शिविर संचालन में बिजेंद्र कुमार टीवी सुपरवाइजर, अनिता कुमारी लैब टेक्नीशियन, ममता कुमारी एएनएम, पूर्णिमा मुरुन सीएचओ, नीरज टोप्पो एमपीडब्ल्यू, रीमा पांडेय बीटीटी, रीना देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### मवेशी लदा वाहन जब्त, 16 मवेशी मुक्त, दो गिरफ्तार



**बरही।** पशु तस्करों के खिलाफ एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार की टीम को लगातार सफलताएं मिल रही है. बीते रात एक बार फिर चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की अगुवाई में चोरदाहा चेकपोस्ट से वाहन चेकिंग के क्रम में 16 भैंसा का बच्चा लदा पिकअप (संख्या बीआर 03 जीबी 9703) गाड़ी जब्त किया गया. मौके पर से ही रामकिशोर सिंह (25 वर्ष) पिता हरेंद्र सिंह ग्राम कुसुमाही थाना उत्वंत नगर जिला भोजपुर (बिहार) और मो सोनू (26 वर्ष) पिता मो मुख्तार ग्राम नामजद गौरा लालपुर थाना जखनिया जिला गाजीपुर (उप्र) को गिरफ्तार कर विधिवत करवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया गया. तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए युवकों के पास से एक स्मार्टफोन व एक कीपैड वाले मोबाईल भी बरामद किया गया. उक्त जानकारी एसडीपीओ व चौपारण थाना प्रभारी ने पीसी के दौरान कही. एसडीपीओ ने बताया कि बरही पशु या तस्कर किसी भी हाल में नहीं बच पाएंगे, उन्हे जेल जाना ही होगा.

### बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों की समय सारणी में हो बदलाव : राकेश गुप्ता



**हजारीबाग।** समाजसेवी सह जनता दल यूनाइटेड के पूर्व प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता ने शुक्रवार को शहर के कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन से बढती गर्मी को देख सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने की मांग की। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन से सभी विद्यालयों का समय सुबह 6 बजे से लेकर सुबह दस बजे तक करने की मांग की। उन्होंने एंजेल्स हाई स्कूल के पास अक्सर सुबह के समय बड़े वाहनों के आवागमन से उत्पन्न जाम की स्थिति उत्पन्न पर भी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सुबह के समय में वहाँ बडे गाडियों का परिचालन निषेध करने की भी मांग भी की। उन्होंने बताया कि बच्चे धुप से झुलसकर बीमार हो रहें हैं।उन्होंने संभावना जताई की विद्यालय के समय सारणी में बदलाव से बच्चों के पठन पाठन में सकारात्मक बदलाव होगा।

### विद्या विकास समिति के संभाग निरीक्षक ने एसवीएम गिद्दी का किया निरीक्षण

**गिद्दी।** विद्या विकास समिति झारखंड के संभाग निरीक्षक और प्रधानाचार्य ने शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती का निरीक्षण किया। रांची विभाग के संभाग निरीक्षक फणीन्द्रनाथ झा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू के प्रधानाचार्य उपेंद्र पांडेय और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुंदरिया के प्रधानाचार्य दिनेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। संभाग निरीक्षक और प्रधानाचार्य ने विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन, अध्यापन सहित विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके बाद विद्यालय के आचार्यों के साथ बैठक कर विद्यालय की उन्नति के लिए योगदान देने का मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर एसवीएम गिद्दी के प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर मोहन, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य सोमर महली, सुधीर कुमार और राधेश्याम साहू ने विद्यालय के विकास के लिए सुझाव दिया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सहजानंद मिश्र, अरविंद मिश्र, प्रदीप पाल, रंधीर कुमार, रविंद्र सिंह, नूतन मिश्रा, दिनेश प्रसाद, गोविंद महतो, वरुण पांडेय, अमित उपाध्याय, अमित रंजन, शंकर कुमार, मनीष कुमार, ललन प्रसाद, डोली अग्रवाल, विद्यावती भोगता, शिवानी साहू आदि उपस्थित थे।

## बारातियों के ठहराव से स्कूल प्रशासन परेशान

# शिक्षा के मंदिर को साफ रखाना हम सभी का दायित्व : मुकेश

- विद्यालय परिसर व मैदान में नाश्ते का खाली डब्बा व शराब की बोतलों से गंदगी का लगा अंबार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शादी व्याह का मौसम आते ही विद्यालय प्रशासन गंदगी को लेकर तंग होना शुरू हो जाता है। ऐसे ही कई वाकया कुछ दिनों से गौरियाकरमा पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में देखने को मिल रहे है. राजकीय मध्य विद्यालय गौरियाकरमा के शिक्षक मुकेश कुमार से मिली जानकारी के अनुसार बीते रात बारातियों ने विद्यालय परिसर को पूरी तरह गंदा कर दिया है. विद्यालय परिसर व मैदान में नाश्ता का खाली डब्बा व शराब की बोतलें भरे पड़े थे. जिससे विद्यालय प्रबंधन को परेशानियों का सामना करना पड़ा. इन गंदगियों को शिक्षकों व विद्यार्थियों की मदद से ही साफ किया गया. इससे न केवल पढ़ाई बाधित हुई बल्कि गर्मी में शिक्षकों और बच्चों को परेशान भी होना पड़ा. उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है, इस प्रकार की घटनाएं प्रायः देखने को मिलते है. विद्यालय के तंग शिक्षकों ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है, जहां आपके ही बच्चे पढ़ते है. ऐसे में विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में स्कूल प्रशासन को मदद करें. इस स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। यदि किसी भी प्रकार का कार्यक्रम करते हैं तो विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व इसे सफाई करते हुए खाली कर दें. जिससे पठन पाठन कार्य में बाधा नहीं हो. इस बाबत शिक्षकों ने स्थानीय मुखिया व जनप्रतिनिधियों से भी ऐसा करने वालो के खिलाफ सख्त पाबंदी लगाने की मांग किया है. इस प्रकार के मामले पर स्थानीय पदाधिकारियों को भी गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है. जिससे विद्यालय का कार्य प्रभावित नहीं हो.

# कोनरा पंचायत भवन से प्रारंभ हुआ भारतीय स्पीड पोस्ट व पार्सल सेवा




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कोनरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र में इंडियन स्पीड पोस्ट और पार्सल सेवा प्रारंभ किया जा चुका है. अब कोई भी व्यक्ति अपने डाक कोनरा पंचायत भवन से बुक करा सकते है. इसके लिए किसी भीं प्रकार का कोई अतिरिक्त बुकिंग चार्ज नहीं किया जायेगा. यह डाक सेवा भारतीय डाक के निर्धारित दर पर ही दिए जायेंगे. उक्त जानकारी प्रज्ञा केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया की यह सुविधा ई गवर्नेंस परियोजना के तहत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से दिया जायेगा. इसके प्रारंभ हो जाने से यहां के लोगो को सुविधा होगी. वह अपने जरूरी कागजात या पार्सल कम शुल्क में कही भी भेज सकते है. यह सेवा निजी कुरियर की अपेक्षा कई गुणा सस्ता और सुरक्षित है. जिसे भारतीय डाक सेवा ने अधिकृत किया है. यह सेवा प्रतिदिन (सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सुबह 10.30 से 3.30 संध्या तक उपलब्ध रहेंगे.

## दो वर्ष के बच्चे की मां प्रेमी संग फरार

# पति पुलिस से खोजबीन की लगा रहा गुहार




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** थाना क्षेत्र के मासीपीढ़ी गांव से छह दिन पूर्व रात्रि में दो वर्ष के बच्चे की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई है। पति थाने में शिकायत दर्ज कराकर खोजबीन की गुहार लगा रहा है। बच्चे संग पत्नी के भागने से पति परेशान है। महिला के पति ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि गांव के एक युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस मामले को लेकर पहले भी पंचायत हो चुका है। 20 अप्रैल के रात में महिला ने घर से जेवरात समेत नगद राशि लेकर भागने का आरोप उसके पति ने लगाया है। इस बाबत पीड़ित पति के मुताबिक वह ओडिशा में रहकर दैनिक मजदूरी का कार्य करता है। पत्नी के भागने की जानकारी उसकी मां ने दी। वहां से वापस होकर पुलिस से शिकायत की। छह दिन बीतने के बाद पुलिस खोजबीन नहीं कर पाई है। इस बाबत में थानाप्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर मिसिंग का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल और खोजबीन की जा रही है।

## लोकसभा के नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता, कहा-

# नामांकन की आखिरी तारिख 3, स्क्रुटनी 4 व नामांकन वापस 6 मई को होगा

- स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए 6 चेक नाके स्थापित किए गए
- महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र होंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होने वाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी। वहीं मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी।

# 18 वर्ष से फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधकर्मियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ॰ बिमल कुमार के निर्देश पर लगातार चलाये जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान 26 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मांडू (वेस्ट बोकारो) थाना कांड संख्या-175/2006, -27/05/ 2006, धारा- 147/ 148/ 149/ 323/ 337/ 427/ 504 भादवि एवं जीआर 1405/06 में 18 वर्षों से फरार चल रहे लाल वारंटी प्रदीप साव, पिता स्व दिनेश्वर साहू, सा॰-बड़गांव, थाना-मांडू (वे॰बो॰), जिला-रामगढ़ कुज्जू स्थित फैक्ट्री में काम करता है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा पुअनि सदानन्द कुमार ओ॰पी॰ प्रभारी वेस्ट बोकारो के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा कुज्जू स्थित फैक्ट्री से 18 वर्षो से फरार चल रहे लाल वारंटी प्रदीप साव को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक डॉ॰ बिमल कुमार के दिशा-निर्देश में पिछले दिनों रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना/ओपी में दर्ज पुराने से पुराने कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता

प्रदीप साव, पिता-स्व. दिनेश्वर साहू, सा.-बड़गांव, थाना- माण्डू (वेबो), जिला-रामगढ़।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** छापेमारी दल में पुअनि सदानंद कुमार ओपी प्रभारी वेस्ट बोकारो, पुअनि संजय बेदिया वेस्ट बोकारो एवं वेस्ट बोकारो ओपी सशस्त्र बल शामिल थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाने को लेकर अभाविप ने की बैठक

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ जिला की बैठक शुक्रवार को मिलन होटल रामगढ़ में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक शुभम गिरि ने की। बैठक में अभाविप के बिहार, झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार और जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए निखिल रंजन ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया से विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर से चुनी गई सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है, मतदाताओं की जागरुकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा। हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं हम अपने वोट से यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत के भविष्य एवं विकास की गति क्या होगी।

# वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** निर्मल जैन के नेतृत्व में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा अप्रैल माह में 11वां रक्तदान शिविर का आयोजन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों के लिए किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया शिविर का शुभारंभ अपने जन्मदिन के अवसर पर अनिल कुमार ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात नियमित रक्तदाता होक्सा के सचिव सह एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य राहुल जैन , राजेंद्र प्रजापति, मोहम्मद इकबाल श्रवण कुमार, गौतम कुमार, आशीष कुमार मेहता, अंजन कुमार, संदीप कुमार, दीक्षित गैस एजेंसी के रवि रंजन, धीरेंद्र सोनी और विकास चंद्र रॉय समेत अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया । रक्तदान के बाद अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी सर्टिफिकेट दिया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य राहुल जैन, रोहित जैन,रजत जैन राजेंद्र प्रजापति मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आ खैरी, शमशाद,मुकीम अख्तर, शीला कुमारी एवं मधु कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### मैट्रिक का रिजल्ट बेहतर नहीं रहने पर जताई नाराजगी

**बोलबा।** राउउवि मालसाड़ा में प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं विद्यालय मैपिंग को लेकर बीपीओ मनमोहन गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड का रिजल्ट बेहतर नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट करने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अभिभावक बैठक करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ ने प्रधानाध्यापक के साथ अन्य सभी शिक्षकों प्रोजेक्ट इंपैक्ट पर अक्षरशः से अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने 15 दिनों के अंदर विद्यालय में सुधार लाने से संबंधित पत्र को बिंदूवार पढ़कर समझाया। बैठक में प्रधानाचार्या स्टेला एक्का अनुपमा, रिसोर्स शिक्षक, सुनील पटेल, रोहित आदि उपस्थित थे।

### सैक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र युग को जेईई एडवांस में 99.85 परसेंटाइल

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 12वीं का छात्र युग बड़गवे को जेईई एडवांस की परीक्षा में 99.85 परसेंटाइल मिला है। बता दें कि युग बड़गवे ने नर्सरी से क्लास 12वीं तक सेक्रेड हार्ट स्कूल का नियमित छात्र है। उसने इसी साल 12वीं की परीक्षा भी दिया है। उसने 10वीं में 97.8 प्रतिशत मार्क्स लेकर जिले में टॉप किया था। इसकी सफलता पर स्कूल निदेशक प्रमोद कुमार ने बधाई दी और कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने हर परीक्षा में अपनी उपस्थिति का एहसास कराया है। स्कूल में बच्चों के चतुर्दिक विकास पर जोर दिया जाता है। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि स्कूल के छह छात्रों ने आईआईटी- जेईई 2024 मेंस के फाइनल में बाजी मारी है, जिसमे युग बरगवे, दिव्या कुमारी, शुभम कुमार, शशिकांत मोदी, पीयूष कुमार, सुहानी कुमारी, रोहित कुमार वर्मा, शुभम कुमार पांडेय शामि हैं। इसमें युग बरगवे में 99.85 परसेंटाइल लेकर जिले में टॉप किया और राज्य टॉप फाइव में अपना स्थान बरकरार रखा। सभी छात्रों एवं उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हाफिज निसार अहमद के उर्स पर लंगर व ईद मिलादुन्नबी का आयोजन

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित मदीना मस्जिद औ? मदरसा मदिनतुर रसूल जलवाबाद के फाउंडर अल्हाज हाफिज निशार अहमद वारसी के उर्स पर लंगर और ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मदीना एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष मो फैज वारसी ने की। शुरूआत कारी कुरान ख्वानी से की गई। हजरत मौलाना सैयद शाह अरशद अफजली ने कहा कि रूह की गजा जीकर है। फिर हमें चाहिए कि हमारा खुराक हलाल हो। क्योंकि आदमी की खुराक जैसी होगी, बोली भी वैसी होगी। यानी हम नाजायज खाने से खुद भी बचें और अपने बच्चों को भी बचाएं। उन्होंने कहा कि आज जाकिर ए मजलिस की ढलाई का भी मौका है। जहां लोग जीकर करेंगे, लंगर बांटा और खिलाया जाएगा। लोगों के बीच मुहब्बत बांटी जाएगी।

◆लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उपायुक्त व एसपी ने की बैठक◆चुनाव आयोग के निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दें वोटर इनफॉरमेशन स्लिप



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में बांसजोर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड पदाधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर संग लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने प्रखंड के टीम द्वारा अब तक लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी कलस्टर एवं मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को लोकसभा आम चुनाव 2024 में उनके कार्य दायित्व से अवगत कराया तथा कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण करते समय भारत निर्वाचन आयोग प्राप्त दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे प्रत्येक घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप मतदाता को ही देंगे एवं चुनाव की तिथि 13 मई 2024 एवं सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने की जानकारी देंगे। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को दूसरे का वोटर इनफॉरमेशन स्लिप नहीं देंगे तथा प्रवासी मतदाता का एएसडी सूची में मार्किंग करेंगे। एएसडी वोटर का लिस्ट तैयार करेंगे मतदान दिवस के दिन यह सुनिश्चित करेंगे की बोगस वोटिंग ना हो। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ को अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के सभी गांवों का भ्रमण करने का निर्देश दिया इस दौरान उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाने एवं चुनाव पठाशाला का आयोजन कर नैतिक मतदान करने संबंधी जानकारी देने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने सभी तैयारियां को पूर्ण करते हुए इस बार चुनाव को त्योहार के रूप में मनाने हेतु आवश्यक साज सज्जा करने की बात कहीं।

## जलडेगा में वोटर स्लिप वितरण के संबंध में हुई बैठक



**जलडेगा।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ वोटर स्लिप वितरण के संबंध में बैठक की गयी। बैठक में बीएलओ को निर्देश दिया गया कि शुक्रवार से स्वयं घर-घर जाकर वोटर स्लिप का वितरण करेंगे और वितरण करने के बाद प्राप्तकर्ता से रजिस्टर में हस्ताक्षर लेंगे। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में दूसरे व्यक्तियों के माध्यम से वोटर स्लिप का वितरण नहीं करेंगे। यदि किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता बीएलओ के वोटर स्लिप वितरण साथ-साथ घूमना चाहते हैं तो उसके साथ घूम सकते हैं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। घर-घर घूमने के क्रम में जिनके पास फोटो पहचान पत्र नहीं है उसकी सूची भी उन्हें बनानी है, साथ ही साथ जिनके पास ब्लैक एंड व्हाइट लैमिनेटेड फोटो पहचान पत्र है उसकी भी सूची बननी है ताकि बाद में उन्हें रंगीन फोटो पहचान पत्र के साथ स्थानांतरित भविष्य में किया जा सके।

### विधवा को झांसा देकर यौन शोषण करने के दोषी को सजा सुनाई

**कोडरमा।** विधवा को शादी का झांसा देकर पांच साल तक यौन शोषण के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने शुक्रवार को सजा सुनाई है। आरोपी परमेश्वर यादव, पिता- विष्णु यादव उर्फ शिवम यादव, घरमुंडा, जयनगर, कोडरमा निवासी को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही कोर्ट ने 30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि 420 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामला साल 2018 का है। इसे लेकर जयनगर थाना कांड सं 255/2018 और एसटी- 93/2018 दर्ज किया गया था।

उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स व राजस्व संग्रहण की समीक्षा

# पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं खनन टास्कफोर्स से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मत्स्य, परिवहन, उत्पाद, खनन, जिला अवर निबन्धक, नगर परिषद्, विद्युत, आयकर, अवैध जमाबंदी सहित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुऐ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा की। वहीं उपायुक्त ने खनन टास्कफोर्स को राजस्व में बेहतर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु समय-समय पर छापेमारी अभियान चलाते हुए अवश्य करवाई करने का निर्देश दिया।मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन दलों का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**कोडरमा।** कोडरमा में महागठबंधन का लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा, संवाददाता। कोडरमा में महागठबंधन दलों का लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन 28 अप्रैल को शिव वाटिका में आयोजित है। सम्मेलन में जिले के हर बूथ से कार्यकर्ता और महगठबंधन दलों राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीआई, सीपीएम और प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ता समेत भाकपा माले के कैडर, नेता शामिल होंगे। इसे सफल बनाने कोडरमा विधानसभा और आसपास के इलाकों में तैयारी की जा रही है। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, महागठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन को लेकर महागठबंधन के जिला संयोजक रामधन यादव, माले नेता इब्राहिम अंसारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव कोडरमा के मुद्दे पर लड़ा जाएगा।

अर्जुन मुंडा ने रामरेखा धाम में की पूजा-अर्चना, कहा

# कांग्रेस आरक्षण के नाम पर लड़ा कर वोट मांगने का कर रही है काम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को रामरेखा धाम पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजन करते हुए जिले की सुख समृद्धि की कामना की जिसके बाद उन्होंने आसपास के कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके साथ संवाद किया मौके पर उन्होंने अपने पक्ष में आगामी 13 में को होने वाले चुनाव में मतदान के लिए अपील की। वहीं उसके बाद कुलुकेरा पहुंचे जहां पर राम जानकी मंदिर में पूजन पाठ करने के बाद वहां पर आशीर्वाद लेकर ग्रामीणों से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद से लेकर सबसे लंबे समय तक शासन काल करने वाली पार्टी होने के बावजूद इस क्षेत्र का विकास नहीं कर पाए, आज क्षेत्र में झूठ का पुलिंदा बांध कर लोगों को संविधान के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर कभी आरक्षण के नाम पर लड़ा कर वोट मांगने का काम कर रही है।

चार दिवसीय रामनवमी मेला एवं अखंड यज्ञ महोत्सव सपंन्न

# ओडिशा के मंत्री ने कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर किया मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया में नवयुवक संघ बरसलोया के तत्वाधान में ग्राम बरसलोया स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय रामनवमी मेला एवं अखंड यज्ञ महोत्सव नगर भ्रमण और पूणार्हुति कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। नगर भ्रमण कार्यक्रम मंदिर परिसर से आरंभ होकर पूरे गांव का परिक्रमा किया कार्यक्रम में लोग विभिन्न देवी देवताओं के भेष में शामिल हुए. गांव के लोग नाचते गाते शामिल हुए। समापन के अवसर पर ओडिशा के कीर्तन मंत्री ने कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पुरोहित पंडित पवन शर्मा, लखेश्वर पंडा, बंशीधर पंडा और दीलीप पंडा के द्वारा विधिवत पूजा संपन्न कराया गया। यजमान अमित गोंझू और उनकी धर्मपत्नीरोहित साहू, अवधेश साहू, नवयुवक संघ के सदस्य रुपेन्द्र साहू, अभिषेक साहू, सुनित कुमार पती, दीलीप पंडा,सुरज पंडा, शंभु साहू,पुरन साहू, अमित साहू, ओमप्रकाश साहू,बिट्टू साहू,अनुप साहू, दासरती सोनी, राधेश्याम सोनी, प्रमोद सोनी, सुरज पंडा, रुपेन्द्र साहू, नितेश दास, युधिष्ठिर सिंह, श्याम शेखर सोनी,कपिल साहू, सखिंदर ओहदार, अमित सिंह, सुनिल सिंह, अंकुर साहू, आशुतोष पंडा,सत्यवान सोनी, राजा साहू,मनोज सोनी, ललिता देवी, राजु साहू, मनोज होता, मनोज सोनार व समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता महिला-पुरुष हॉकी सह शपथ कार्यक्रम आयोजित

# नारोडेगा बनी संत बियानी उवि को 1-0 से पराजित कर विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए डीसी के निर्देश पर स्वीप कोषांग एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । जिसके तहत हॉकी सिमडेगा विभिन्न प्रखंडों में मतदाता जागरूकता महिला हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कराने के उपरांत शुक्रवार को कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में मतदाता जागरूकता महिला एवं पुरूष हॉकी प्रतियोगिता सह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत बियानी उच्च विद्यालय लचड़ागढ़ के खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग में नारोडेगा ने संत बियानी उच्च विद्यालय लचरागढ़ को 1-0 से पराजित कर विजेता बना, वहीं महिला वर्ग में पतियंबा ने बाकी को 1-0 गोल से पराजित कर विजेता बनी। जिन्हे पुरुस्कार स्वरूप ट्रॉफी और जर्सी देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग रेणूका टेटे प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट,गौरी कुमारी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट पुरुष वर्ग आकाश हेमरॉम प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट एवम असीम बर्डिग इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट चयनित किए गए इनके अलावा पित्रुस लुगुन, विकास टोपनो और कलवन समद को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य बेंजामिन जी और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी मतदान के लिए लोगों शपथ दिलाई। मौके पर अनूप भेंगरा, मंगल साहू,अल्कजेंदर टोप्पो, अनीता बर्डिंग, स्वीप कोषांग के विजय लकड़ा, जोहन हीरो, जगदीश स्वासी, संजय डांग, दिव्या डुंगडुंग, गोपाल डांग, विजय लकड़ा, इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।

### महागठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

**डोमचांच।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को शिव वाटिका, झुमरी तिलैया में आयोजित महागठबंधन दलों के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पासवान ने कहा कि उक्त कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आए दिन सीधे तौर पर हिंदू-मुसलमान कर भाषण दे रहे हैं। इससे बड़ी आबादी के दिलों में देश की दूसरी बड़ी आबादी के प्रति नफरत पैदा कर रहे हैं। ऐसे बयानबाजी से प्रधानमंत्री को बाज आना चाहिए। वर्तमान कोडरमा सांसद जब शिक्षा मंत्री बनीं, तो यहां के लोगों आस जगी, लेकिन इसका उलट हुआ। महागठबंधन ने कर्मठ और सुयोग प्रत्याशी विनोद सिंह का चयन किया है, जो निश्चित ही जीत दर्ज करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि जब कोडरमा में क्रशर तोड़े जा रहे थे, व्यवसाईयों पर केस दर्ज की जा रही थी, छोटे-छोटे रोजगार उजाड़े जा रहे थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**


प्रखंड ठेठईटांगर के घुटबहार डेमचु टोली बूथ 161 में ,कुटुंगिया पंचायत के डुमरमुंडा में, तथा बोंगेरा एवं गरजा डीपाटोली सहित अन्य जगहों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया ।लोगों ने इस बार मतदान प्रतिशत 80 पार करने के लिए शपथ कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। लोगों ने बैठके कर मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूक कर रहे हैं ।बताया जा रकह है कि इस बार 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय दिया गया है। इसके अलावा जिले के विभिन्न प्रखंड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार स्कूली बच्चों एवं बीएलओ तथा जेएसएलपीएस की महिला समूह के द्वारा लोगों के बीच पोस्टर लेकर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। बताया गया कि कई जगहों पर लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है और सभी लोगों को मतदान के दिन सभी प्रकार के कामों को छोड़कर सबसे पहले मतदान करने को लेकर जानकारी दी जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### जंगल की गुफा में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बम्बलकेरा पहाड़ टोली के जंगल में पुलिस ने गुफा से शुक्रवार को सड़ी गली अवस्था में एक महिला का शव बरामद किया है। महिला की पहचान सिरिंगबेड़ा पहाड़टोली निवासी शांति कंडुलना के रूप में हो गई। पुलिस ने मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोग जंगल गए थे इसी दौरान किसी चीज की दुर्गंध आने पर सामने जाकर देखा जहां पर पहाड़ की गुफा चट्टान से बंद किया गया था और हटाकर देखने पर वहां पर शव देखा गया तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी इस बार पुलिस मौके पर पहुंचकर हटाकर शौक निकाला और इस मामले में छानबीन कर रही है।

### पाबूड़ा जंगल में लगी आग, युवकों ने बुझाया



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के कनारोवां पंचायत के पाबूड़ा सीमान पाटपाहार में अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगल में आग लगा दी। जानकारी मिलते ही कनारोवां पंचायत के ग्रामीण जंगल में लगे आग को बुझाने गए और आग पर काबू पा लिया। इस घटना की जानकारी हेरन बरजो ने पंचायत के मुखिया मिन्सी लीना तिर्की को दी। मुखिया ने कहा की इस तरह प्रकृति की क्षति निद्नीय है। कौन लोग है जो अपने नासमझी के कारण प्राकृत को चोट पहुंचा रहे हैं। जिस वन से अनेकों उत्पाद का लाभ ले रहे हैं उसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अगर हमारे पूर्वज वन को सुरक्षित नहीं किए होते तो क्या आज हम महुवा, डोरी, चार, कुसुम, जड़ी बूटी तथा अन्य उपयोगी वस्तु वन से पा सकते थे। प्रशासन दोषीदारों पर उचित करवाई करें, आग बुझाने में कनारोवां के निम्न ग्रामीण मौजूद रहे हेरन बरजो, एमोन बरजो, बिलकन केरकेट्टा, सुशील बरजो, आवेदन समद, मसीह समद उपस्थित थे।

### देसी शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**बानो।** प्रखंड के हुरदा में अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने छापामारी अभियान चलाया ।थाना प्रभारी हर्ष कुमार के नेतृत्व में हुरदा के विभिन्न घरों में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 केजी महुआ जावा को जब्त करते हुए नष्ट किया गया थाना प्रभारी ने शराब विक्रेताओं को कड़ी फटकार लगाई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करनी थी चेतावनी दी. ।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया।

### सिमडेगा जिला प्रशासन ने गर्म हवा से बचने को लेकर जारी की एडवाइजरी

**सिमडेगा।** जिला प्रशासन ने जिलेवासियों को लू एवं गर्म हवा से बचने की सलाह दी है। प्रशासन ने लोगों को कड़ी धूप में बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, सफर में अपने साथ पीने का पानी रखने, ओआरएस, घर मे बने लस्सी, निम्बू पानी का सेवन करें। चिकित्सकों से परामर्श लेकर छाछ, नारियल पानी का सेवन करें। जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढ़ीले-ढ़ाले सूती कपड़े पहनें। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। गमछे या टोपी अथवा छाते का प्रयोग करें। हमेशा जूते या चप्पल पहनें। प्रशासन ने अधिक तापमान में कठिन काम नहीं करने, बाहर का काम करने के दौरान टोपी, गमछा या छाता का इस्तेमाल जरूर करें। साथ ही गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर पर व गर्दन पर कुछ समय के लिए रखें। हल्का भोजन करें। अधिक रस वाले फल जैसे तरबूज, प्याज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें। बच्चों और पालतू जानवरों को धूप में पार्क किये हुए वाहनों में अकेला नहीं छोड़ने की भी प्रशासन द्वारा सलाह दी गई है। इसके अलावे जानवरों को छाँव में रखने और उन्हें खूब पानी पीलाने की सलाह दी है। तबीयत ठीक नहीं लगने और चक्कर आने पर तुरन्त डॉक्टर से संपर्क करें करने की अपील की है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर समाहरणालय के समीप शुरू हुई 24 घंटे सघन वाहन जांच



**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव के तहत समाहरणालय के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों ने वाहनों की डिक्की खोलकर जांच करते नजर आए। मौके पर जांच के क्रम में वीडियोग्राफी भी की जा रही थी। बताया गया कि दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की पूरी गहनता पुर्वक जांच की जा रही है। देर रात भी प्रशासन के द्वारा लगाए गए चेकपोस्ट में वाहनों की जांच हो रही है। साथ ही साथ वाहन चालक का नाम, मोबाईल नम्बर और गाड़ी नम्बर भी रिकॉर्ड किया जा रहा है। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर नगद राशि, शराब या अन्य मादक पदार्थ की आपूर्ति न हो इसके लिए जांच अभियान 24 घंटे चलाया जा रहा है। एसपी सौरभ ने जानकारी देते हुए बताया कि सिमडेगा पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से गंभीर है, और छोटी बड़ी सभी बिंदुओं पर नजर रख रही है।

### भाकपा माले ने महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**झुमरीतलैया।** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को 28 अप्रैल को महागठबंधन द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने और उम्मीदवार विधायक विनोद कुमार सिंह के पक्ष में शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में शामिल जिला कमेटी सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि कोडरमा जिला सहित झुमरी तिलैया में जन समस्याओं का अंबार है। इसको लेकर कभी भी स्थानीय सांसद द्वारा पहल नहीं किया गया। इस बार जनता बदलाव के मूड में है। झारखंड के उत्कृष्ट विधायक विनोद कुमार सिंह को कोडरमा की जनता लोकसभा चुनाव मे वोट देकर दिल्ली भेजेगी।

एक नजर

### लेनदेन को लेकर वासेपुर में मारपीट, एक गंभीर



**धनबाद ।** धनबाद के बैंक मोड़ थाना के वासेपुर में लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। विवाद में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हुआ है, जबकि कई अन्य भी घायल हैं। गंभीर रूप से जख्मी का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। विवाद को सूदखोरी से भी जोड़ा जा रहा है। पीड़ित परिवार ने बैंक मोड़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बताते हैं कि धनबाद के आजाद नगर भूली के रहने वाले शाहबजान मियां वासेपुर आरा मोड़ निवासी ने इरफान उर्फ सोनू नामक व्यक्ति से 90 हजार रुपये उधार लिया था। शाहबजान के मुताबिक उसने एक महीन के बाद इरफान को सूद समेत एक लाख रुपए वापस कर दिया था। लेकिन इरफान उर्फ सोनू ने शहाबजान से दो लाख रुपये और देने की बात कही। इस पर शाहबजान ने एतराज जताया, जिसके बाद गुस्से में आए इरफान उर्फ सोनू ने पहले शाहबजान के पुत्र से बाइक छीन ली और फिर शाहबजान पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने शाहबजान को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है।

### सुरक्षाबलों को देख भागे माओवादी, एक बंदूक बरामद



**बोकारो ।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर बिरसेन उर्फ चंचल एवं उसके साथियों के झुमरा पहाड़ी क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूमने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुये सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर एवं जिला पुलिस बल के साथ एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गुरुवार की शाम को ललपनिया थानेदार और झारखंड जगुआर एजी-15 की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। इसी दौरान ग्राम लालगढ़ टोला लईयोगढ़ा पार करने के दौरान जंगल की तरफ से एक फायरिंग की आवाज आयी। टीम ने माओवादियों का पीछा किया, मगर जंगल का लाभ उठाकर सभी भाग निकले। छापेमारी के दौरान टीम को जंगल में एक भरठुआ बंदुक मिला। शुक्रवार की सुबह उफ्ळत्र 26इठ उ-उङ्ग८ के सहायक कमांडेंट एवं रहावन ओपी की टीम ने झुमरा पहाड़ के जंगल में नक्सलियों के छिपने के ठिकाने का पता लगाया। जिसे टीम ने विनष्ट कर दिया। एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त चुनाव संपन्न कराना हमारी प्रमुख प्राथमिकता : नमन प्रियेश

**उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने निर्वाचन के नामांकन संबंधी जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों साथ किए साझा।**

**पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी, निर्वाचन में सभी प्रेस प्रतिनिधियों की भूमिका अहम : पुलिस अधीक्षक**




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त नाम निर्देशन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में निवार्ची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र-सह-उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन कर निर्वाचन के नामांकन संबंधी जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र-सह-उपायुक्त ने कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गजट अधिसूचना की तिथि दिनांक 26.04.2024, नामांकन की अंतिम तिथि 03.05.24 है। स्क्रूटनी ऑफ नॉमिनेशन की तिथि 04.05.24, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06.05.24 है। मतदान की तिथि 20.05.24 तथा मतगणना की तिथि 04.06.24 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आज से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम निर्देशन किए जायेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 19 कोडरमा में कुल 2199418 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 1137184 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1062212 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 22 है। 19 कोडरमा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 200808, महिला मतदाताओं की संख्या 186732 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 03 है, इसी प्रकार 20 बरकट्टा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 206359, महिला मतदाताओं की संख्या 198395 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 14 है। मौके पर 31 गांडेय निवार्ची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कोषागार समेत सभी प्रेस प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## तिसरी में मतदाता जागरूकता रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में मतदाता जागरूकता रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ मनीष कुमार सिंह, सीओ अखिलेश प्रसाद, बीईइओ रंजीत चौधरी मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम में मॉडल स्कूल, अग्रवाला हाई स्कूल ,कस्तूरबा विद्यालय और बालक विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवम छात्राओं द्वारा गांधी मैदान से होते हुए भंडारी रोड तालाब तक रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान आदि कई नारा लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरपी मृत्युंजय कुमार, सुनील बरनवाल, बीपीआरओ राकेश मोदी आदि लोग मौजूद थे।

**स्वीप मतदाता जागरूक रथ का रवाना**

## डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर वोटरों से वोट करने की अपील की




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** शुक्रवार को गावां प्रखंड मुख्यालय सभागार से स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र रविदास व अंचल अधिकारी अविनाश रंजन के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव में भागीदारी के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर बीडीओ महेंद्र रविदास के द्वारा प्रखंड मुख्यालय से रथ रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि चौपाल लगाकर एवं डोर टू डोर लोगों को मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाग लेकर मतदान महाकुंभ में शामिल होने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर बैनर के माध्यम से आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही मतदाताओं को डोर टू डोर संपर्क अभियान के तहत चुनाव में मतदान करने की अपील की एवं मतदान तिथि पर मतदाताओं की अधिकतम उपस्थिति को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार, प्रदीप राम, नेयाजुद्दीन, कृष्णदेव पंडित, गोपाल रजक समेत प्रखंड के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के नामांकन में जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता

**गांडेय उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन 29 मई को नामांकन पत्र दाखिल करेगी**

**झामुमो प्रत्याशी 28 से 30 मई तक लगातार गांडेय विस में क्षेत्र भ्रमणकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।चुनाव आयोग द्वारा नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को झामुमो प्रखंड कमेटी गांडेय की बैठक पर्वतपुर पंचायत के देवपुर बरगद पेड़ के पास रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने किया। जबकि संचालक प्रखंड सचिव भैरो वर्मा ने किया। आयोजित बैठक में गांडेय उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन 29 मई को नामांकन पत्र दाखिल करेगी। जिसकी तैयारी को लेकर गांडेय प्रखंड के सभी पंचायतों के प्रभारियों के साथ बैठक कर नामांकन में गांडेय प्रखंड से हजारों की संख्या में पहुंचने पर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंचे जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि नामांकन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुष ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ गिरिडीह सभा स्थल पहुचेगे और उसके बाद सभी प्रत्यासी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा। और कहा कि झामुमो प्रत्याशी 28 से 30 मई तक लगातार गांडेय विधान सभा में क्षेत्र भ्रमणकर जनसंपर्क किया जायेगा। मौके पर उपस्थित हीरालाल मुर्मू , महा लाल सोरेन, बबली मरांडी, ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, सचिव भैरो वर्मा, आंदोलकारी हलधर राय, बैजनाथ राणा, बबली मरांडी, राजेश सिंह, मो नसीम, अरुण पाठक, रवि वर्मा, प्रमोद रवानी, हीरालाल टुडू, बैजनाथ मुर्मू प्रकाश पंडित, नन्द किशोर किस्कू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी व कोषांग का निरीक्षण कर दिए कई निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** लोकतंत्र आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/ कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की तथा कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, श्रम अधीक्षक, जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है।

## दूल्हा-दुल्हन सहित सड़क हादसे में चार घायल



**गिरिडीह ।** जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर देवरी थाना के चतरो के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में दूल्हा दुल्हन सहित चार लोग घायल हो गए। इस नए जोड़े की शादी गुरुवार को ही संपन्न हुई थी। शादी के बाद सभी लोग दुआर लगाने की रस्म निभाने के लिए भल्लूटांड़ से चकाई जा रहे थे तभी महिंद्रा थार पूल से नीचे गिर गईं और हादसा हो गया। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए जलखरियोडीह स्थित निजी अस्पताल भर्ती में कराया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।घायल में भल्लूटांड़ गांव निवासी दूल्हा जय कुमार साव उम्र 25 वर्ष, दुल्हन प्रीति कुमारी 20 वर्ष, दुल्हन की बहन अंजली कुमारी 07 वर्ष, चालक मुकेश साव शामिल है। जानकारी के मुताबिक ये लोग थार से गिरिडीह के भल्लूटांड़ से चकाई गांव जा रहे थे। इस दौरान चतरो के पास सामने से आ रही ट्रक से बचने के प्रयास में उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर बने पुल की रेलिंग तोड़कर 12 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया। जिससे वाहन पर मौजूद नव दंपति समेत सभी 4 लोग घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार के लिए जलखरियोडीह स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां सभी की स्थिति गंभीर बताया जा रही है। दुर्घटना के बाद आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी के लेने बाद घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

### हत्या, रंगदारी और लूट मामले में थे वांटेड

**देवघर ।** पुलिस ने हत्या, रंगदारी और लूट मामले में शामिल तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने शुक्रवार को टाउन मोहल्ला में कार्रवाई की। इस दौरान कुख्यात अपराधी आशीष मिश्रा गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में बउआ सिंह, मुन्ना सिंह और धर्मेंद्र सिंह शामिल है। पकड़े गये अपराधियों के पास से देसी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। ये सभी अपराधी दुकानदार और ठेकेदारों को डरा धमका कर रंगदारी मांग रहा था। तीनों अपराधकर्मियों का कई थानों में हत्या, रंगदारी एवं लूट के मामले दर्ज हैं। कुख्यात आशीष मिश्रा गिरोह के सक्रिय सदस्य बाबा सिंह 24 अप्रैल को ही एक मामले में जेल से छूटकर बाहर आया था। बाहर आने के बाद अपना वर्चस्व फिर से कायम करने के उद्देश्य से इस तरह का अपराधिक घटनाओं का कार्य कर रहा था।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग, (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रत्येक उड़नदाता दल सार्वजनिक उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से अपने अपने अधिकार क्षेत्र मे उदघोषणा करेंगे की यदि कोई व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगद या किसी अन्य प्रकार का प्रलोभन देता है या स्वीकार करता है एवं किसी व्यक्ति पर गलत तरीक से वोट देने के लिए लालच देते अथवा दबाव बनाते है हुए पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के तहत्, एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार का चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए गठित किए गए हैं जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। सभी नागरिकों से एतद् द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे कोई रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति कोई रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की जानकारी है तो इसकी सूचना जिला समाहरणालय स्थित शिकायत अनुश्रवण कोषांग के **टॉल फ्री नंबर 1800-345-6595 अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं0. 06546-265233** पर करें।

जाँच के दौरान, अभ्यर्थी, उसके एजेन्ट या पार्टी कार्यकर्त्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50,000/रू0 से अधिक की नकदी पाई जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब हथियार अथवा 10,000/रू0 के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएँ ले जाई जा रही है, जिसका इस्तमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने के लिए किए जाने की सभावना हो या वाहन में कोई गैर कानूनी वस्तुएँ पायी जाती है तो वे जब्त की जायेगी।

-ह0-
नोडल पदाधिकारी
-सह-राज्य कर संयुक्त आयुक्त,
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, हजारीबाग
14-हजारीबाग लोक सभा आम निर्वाचन, 2024

PR 324113 Election(24-25)#D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची**

**चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक-820/OTD, दिनांक-16/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। उक्त के निमित आज दिनांक-25.04.2024 को झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची से लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले ग्रामीण/शहरी पुरूष एवं महिला गृह रक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त सूची जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के सूचनापट् पर चिपका दी गयी है।

लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक, जिनका सूची में नाम है, अविलम्ब जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में दिनांक-26.04.2024 से 30.04.2024 तक अपना आगमन चुनाव ड्यिुटी हेतु कराना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव ड्यिुटी अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील श्रेणी में आता है। चुनाव ड्यिुटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा और इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अतः चुनाव कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब अपना आगमन जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची में कराना सुनिश्चित करें।

इस अति आवश्यक समझे।

सूची निम्न प्रकार है:-

| S.N. | NAME |
|---|---|
| 1101 | 15817 KESHAV MAHTO |
| 1102 | 15165 BINOD KOYRI |
| 1103 | 15364 GURU PADO MAHTO |
| 1104 | 15510 JAYAPAL SINH MUNDA |
| 1105 | 16792 ANIL KUMAR RAM |
| 1106 | 16147 SITARAM ORAON |
| 1107 | 16868 INDRANATH SAHU |
| 1108 | 16239 GANESH MAHTO |
| 1109 | 16274 SULTAN ANSARI |
| 1111 | 16369 KESHOBATI KUMARI |
| 1112 | 16201 KRISHNANAND RAI |
| 1113 | 16829 MAHESH MAHTO |
| 1114 | 16300 RAJENDAR MAHTO |
| 1115 | 16010 TEJANATH MAHTO |
| 1116 | 16899 SHURENDRANATH SAHI |
| 1117 | 16117 JIVAN RAM MAHTO |
| 1118 | 16819 CHOOTULAL MANJHI |
| 1119 | 16126 SARITA EKKA |
| 1120 | 16172 SUNITA KUMARI |
| 1121 | 16957 RAMPUJAN SAHU |
| 1122 | 17505 SANJAY LAKRA |
| 1123 | 17048 BANESHWAR MAHTO |
| 1124 | 17658 BURU MUNDA |
| 1125 | 17948 SHIVESHWAR SINGH MUNDA |
| 1126 | 17136 RAJENDRA MAHTO |
| 1127 | 17006 KRISHN HAZAM |
| 1128 | 17272 RAM NANDAN RAM |
| 1129 | 17880 AJAY KUMAR MAHTO |
| 1130 | 17813 NARAYAN KARJI |
| 1131 | 17779 JWAHALAL AHEER |
| 1132 | SHANKAR MANJHI |
| 1133 | AJAY KUMAR GAUNJHU |
| 1134 | ANIL KUMAR |
| 1135 | 18337 LAKHI CHARAN SINGH MUNDA |
| 1136 | 18340 FULENDRA MAHTO |
| 1137 | XXXX AJAY MUNDA |
| 1138 | DHANESHRWAR MAHTO |
| 1139 | 1221 LAXMI DEVI |
| 1141 | 1109 SAYOTI KUMARI |
| 1142 | 1133 SUNITA LAKRA |
| 1143 | 1267 ANIMA TOPPO |
| 1144 | 1277 REETA KUMARI |
| 1145 | 1266 PIKU TOPPO |
| 1146 | 1087 RITANJALI JYOTSNA |
| 1147 | 1074 SUMITRA KACHHAP |
| 1148 | 1137 BERNADETT TOPPO |
| 1149 | 1112 VANDANA TIRKEY |
| 1150 | 1080 SAIBYA DEVI |
| 1151 | 18198 ABHISHEK KUMAR SINGH |
| 1152 | 18283 AJAY ORAON |
| 1153 | 18190 KRISHNA ORAON |
| 1154 | 18064 SATYA NARAYAN KUMHAR |
| 1155 | 18182 SHELENDRA YADAV |
| 1156 | 18178 PASHUPATI MAHTO |
| 1157 | 18281 DANISH KAUSAR |
| 1158 | 18202 MARASAL HORO |
| 1159 | 18186 ASHA DEVI |
| 1160 | 18282 JOHN ORAON |
| 1161 | 18249 LAKHAN ORAON |
| 1162 | 18301 SANDIP TOPPO |
| 1163 | 18183 ANIL KUMAR |
| 1164 | 18304 INDER ORAON |
| 1165 | 18206 FRANCIS BARLA |
| 1166 | 18234 SUARJ KUMAR |
| 1167 | 18187 SUMIT KUMAR |
| 1168 | 18184 LALIN KUMAR MANJHI |
| 1169 | 18175 PANKAJ ORAON |
| 1170 | 15905 KHALIL ANSARI |
| 1171 | 15887 YUGESHWAR PAHAN |
| 1172 | 18278 INDRU MUNDA |
| 1173 | 3328 AJAY KUMAR |
| 1174 | 3415 SANJAY KUMAR SHARMA |
| 1175 | 3383 VIJAY KACHHAP |
| 1176 | 17676 MANOHAR ORAON |
| 1177 | 18393 NEHA KUMARI |
| 1178 | 1069 SHOBHA TIRKEY |
| 1179 | 3016 KALIKANT JHA |
| 1180 | 18498 NAIPY TIGGA |
| 1181 | 18496 REENA KUMARI |
| 1182 | 3501 ARUN KUMAR SINGH |
| 1183 | 17559 GIRIDHARI MAHTO |
| 1184 | 3443 RAMESH KUMAR |
| 1185 | 1057 SUNAMI SAMAD |
| 1186 | 995 PARWATI LINDA |
| 1187 | 1061 JYOTI KUMARI |
| 1188 | 3476 MANOJ KUMAR OJHA |
| 1189 | 922 NITU KUMARI |
| 1190 | 15711 RAMESHWAR MAHTO |
| 1191 | 3486 KRISHNA KANHAIYA KUMAR |
| 1192 | 18404 MULO DEVI |
| 1193 | 15181 ASIF ANSARI |
| 1194 | 3200 KAMLESH KUMAR |
| 1195 | 3224 CHANDRABHUSHAN SHARMA |
| 1196 | 3472 RANJAN KUMAR MANDAL |
| 1197 | 18343 KALAM ANSARI |
| 1198 | 3541 VISHNU DEV MAHTO |
| 1199 | 18344 SUNIL KUMAR MAHTO |
| 1200 | 3349 RAVIKANTA SHARMA |
| 1201 | 3013 LAXMAN RAJAK |
| 1202 | 934 ANITA TOPPO |
| 1203 | 1134 BABITA DEVI |
| 1204 | 17795 ANIRUDH KUMAR SINGH |
| 1205 | 17657 ARUN KUMAR SINGH |
| 1206 | 3628 SUMIT RAJ |
| 1207 | 2689 INDRAJEET MAHTO |
| 1208 | 3161 SHAILENDRA OJHA |
| 1209 | 1047 PARAMANTI KUMARI |
| 1210 | 1048 FUL KUMARI |
| 1211 | 2959 AJAY KU MAHTO |
| 1212 | 3534 NISHANT PRASAD THAKUR |
| 1213 | 993 BALOMNI DEVI |
| 1214 | 3696 AVANISH KUMAR |
| 1215 | 3084 BRAJKISHOR KUMAR |
| 1216 | 992 ABHA DEVI |
| 1218 | 2885 PRAKASH KUMAR |
| 1219 | 2745 MANOJ KUMAR PAUL |
| 1220 | 3339 AJAY KUMAR MISHRA |
| 1221 | 3281 NAGENDRA PRASAD |
| 1222 | 15591 KRISHNA KUMAR YADAV |
| 1223 | 3350 NOVNIT KUMAR SHARMA |
| 1224 | 3479 MINKU RANJAN SINGH |
| 1225 | 3276 RANJAN KUMAR RAI |
| 1226 | 3325 VIJAY UPADHYAY |
| 1227 | 1570 RAGHUVAR MAHLI |
| 1228 | 3694 DIVYANSHU KUMAR |
| 1229 | 17533 SHYAMU KUMAR LAYEK |
| 1230 | 959 PADMA DEVI |
| 1231 | 17981 DURJAN LOHARA |
| 1232 | 2957 BABALU KUMAR |
| 1233 | 1030 SULINA TOPPO |
| 1234 | 3234 RAJESH KUMAR BHAGAT |
| 1235 | 2911 UMESH PRASAD |
| 1236 | 988 SUDHA KUMARI |
| 1237 | 969 RANJU KUMARI |
| 1238 | 1044 SHANTI KUMARI |
| 1239 | 3461 DAYANAND TIWARI |
| 1240 | 3446 SANJAY KUMAR RAY |
| 1241 | 1099 ANJU DEVI |
| 1242 | 1098 JAYANTI DEVI |
| 1243 | 3460 RAJKUMAR SAHU |
| 1244 | 1007 SUNITA KANDULAN |
| 1245 | 672 PRABHA TIRKI |
| 1246 | 726 CHOHANTI KUJUR |
| 1247 | 17529 NEPAL HAZAM |
| 1248 | 1103 SUNITA TIRKEY |
| 1249 | 938 USHA KIRAN KACHHAP |
| 1250 | 1118 ASRITA BECK |
| 1251 | 15815 ABDUL MUZAFFAR ALAM |
| 1252 | 3109 RAVINDER KUMAR |
| 1253 | 2880 BHUVNESWAR KUMAR |
| 1254 | 3573 SALIK MAHTO |
| 1255 | 18419 SUMATI KUMARI |
| 1256 | 3304 RAVISHANKAR GUPTA |
| 1257 | 705 HELINA KHALKHO |
| 1258 | 786 PUIDEN EKKA |
| 1259 | 3302 RAMESH KUMAR |
| 1260 | 3359 ASHISH RANJAN KUMAR |
| 1261 | 3710 MANOJ SAW |
| 1262 | 3055 DINESH KUMAR SHRIVASTAV |
| 1263 | XXXX SURENDRA PRASAD SINH PRASAD |
| 1264 | 16311 RAJ KUMAR MUNDA |

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

PR 324130 Police(24-25)#D

**सुप्रभात** बिना स्वास्थ्य के जीवन बिल्कुल बेकार है। वह केवल एक पीड़ा की स्थिति और मौत के समान जीवन है : गौतम बुद्ध



# कचरे की राष्ट्रीय समस्या और झारखंड

राजधानी राँची के झिरी इलाके के लोग पूरे शहर के वर्षों से जमा हो रहे हजारों टन कचरे से परेशान हैं। कभी इसकी बदबू और जलने से निकलने वाला धुँवा कई किलोमीटर तक पहुंच जाता है। इसके निस्तारण की एक योजना गेल के सहयोग से चल रही है पर यह इतना आसान नहीं। किसी भी खुले वीरान स्थान में असुरक्षित कूड़ा फेंकने की ये प्रवृति पूरे झारखंड में है। दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ में लगी आग फिलहाल बुझा दी गई है, लेकिन आग से उठे धुंए ने आसपास के इलाके के लोगों की सांस अटका रखी है। लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। इस कचरे के पहाड़ की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। इलाके के दिल के कुछ मरीज परेशानी के चलते घर छोड़ रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली के कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच में जुटी हैं, लेकिन लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ में आग लगने की घटना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पिछले बीस वर्षों से कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है। कचरे के पहाड़ की समस्या सिर्फ राजधानी दिल्ली या मुंबई महानगर तक सीमित नहीं है, बल्कि अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2,300 टन कचरा पहुंच रहा है और अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं। यहां फिलहाल तकरीबन 16 लाख टन कूडा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुई हैं। लैंडफिल साइट के पास लोगों का रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन लोग खून-पसीने की कमाई से अर्जित मकान छोड़ नहीं पा रहे हैं। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि विभिन्न रोगों के चंगुल में हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। दिल्ली में कचरे के पहाड़ में लगी आग से शहर में घुल रहे धुंए पर न केवल उपराज्यपाल, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। हैरानी की बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गए हैं, लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। नतीजतन कचरे का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता ही जाता है। पूरे देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है, यानी प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किए गए कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। औद्योगिक कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों पर और घरों से निकले कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ पांचवें हिस्से की रिसाइक्लिंग हो पाती है। खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं, जो पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की वजह होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मीथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। अब छोटे शहर-कस्बों में भी में कचरे के लैंडफिलों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढेगी, ऐसे में कई गुना कचरा बढ़ेगा।

राजनीति

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती




ललित गर्ग

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए। दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### प्रासंगिक और महत्वपूर्ण लेख



दिलीप कुमार

वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल जी का आलेख 'उपेक्षित बचपन और बढ़ती हिंसा जिम्मेदार कौन' पढ़ा जिसमे उठाये गए प्रश्न न केवल प्रासंगिक व महत्वपूर्ण हैं बल्कि गंभीर व खतरनाक सामाजिक स्थिति की ओर भी इशारा करते हैं। विभिन्न उदाहरणों एवं घटनाओं के माध्यम से बच्चों में बढ़ते गुस्से के कारणों को बेहतर ढंग से समझाया गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज की भाग -दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों को माता -पिता के द्वारा पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। दादा - दादी और नाना - नानी व संयुक्त परिवार द्वारा बच्चों को मिलने वाला समय की बात तो छोड़ ही दीजिये। ऊपर से मोबाइल एवं टेलीविजन का बढ़ता प्रयोग इस सन्दर्भ में कहावत 'एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा' को चरितार्थ कर रहा है। अभिभावकों द्वारा मिलने वाले कम समय के कारण बचपन उपेक्षित हो रहा है और बच्चे गुस्सा, हिंसा एवं अन्य मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है जिसपर सबको सोचने एवं कार्य करने की जरुरत है। फिल्मो, साहित्य एवं मीडिया का भी बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। इनमे प्रदर्शित गुस्से, हिंसा एवं बदले की भावना बचपन को और आक्रमक बना रही है। हिंसा प्रधान फिल्मे समाज में गहरा असर छोड़ रही हैं और सबसे ज्यादा शिकार बच्चे ही हो रहे हैं क्यूंकि उन्हें सही गलत का अंतर पता नहीं होता। बचपन कच्चे घड़े के सामान होता है, बच्चे जैसा देखेंगे वैसा ही करेंगे। इसलिए आज यह जरुरी है कि अभिभावक - गण इसपर ध्यान दें और अपने बच्चों को सही - गलत का फर्क समझायें। सुनील बादल जी का यह कहना कि 'ऐसे में जिनके ऊपर समझने की जिम्मेदारी है वे हिंसा और अपराध बेचकर ही अपनी कमाई कर रहे हैं ; झारखण्ड जैसे विकासशील राज्य में जहाँ संघर्षशील परिवारों में बच्चों के लिए समय कम रहता है वहां ये बातें अधिक प्रासंगिक हैं' मन को झकझोर देता है। वस्तुतः इस सम्बन्ध में बहुत कुछ किये जाने की जरुरत है और इस दिशा में शिक्षक, अभिभावक एवं बुद्धिजीवी अपना सहयोग देकर बचपन को उपेक्षित होने से बचा सकते हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि यही बच्चे कल के भविष्य हैं जिनपर राष्ट्र की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी टिकी हैं। सार्थक, सटीक, प्रासंगिक एवं उत्कृष्ट आलेख के लिए धन्यवाद! उम्मीद है कि राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसे आलेख आगे भी पढ़ने को मिलते रहेंगे।

**दादा - दादी और नाना - नानी व संयुक्त परिवार द्वारा बच्चों को मिलने वाला समय की बात तो छोड़ ही दीजिये। ऊपर से मोबाइल एवं टेलीविजन का बढ़ता प्रयोग इस सन्दर्भ में कहावत 'एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा' को चरितार्थ कर रहा है।**

**सहायक लेखा अधिकारी ग्राम -पोटमा, पोस्ट -लगमा जिला -गढ़वा (झारखण्ड)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

चर्चा

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा



मृत्युंजय दीक्षित

**लोकसभा** चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है।**

## फेसबुक वॉल से


Jyoti Matharu
13 h

We Sikhs must Shift from Free Langar to Free Education as soon as possible and Must start from children of Sikh Families.

101 · 36 comments

## X - से


Babulal Marandi (Modi Ka Parivar)
@yourBabulal

जैसे को तैसा!

हेमंत जी, 56 दिनों में जमानत पर फैसला नहीं आया तो छटपटाहट में आप सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए...

5 साल से यहां झारखंड का युवा आपसे नौकरी की मांग कर रहा था, तो युवाओं पर बड़ी लाठियां भांजी जा रही थी। तब युवाओं की छटपटाहट आपको नहीं दिखी...

फिलहाल तो आपने जिस कानून का दुरुपयोग कर निर्दोष, बेकसूर, असहाय लोगों को जेल में डाला था, उसी कानून के द्वारा अपनी करनी का फल भुगतिए...

Translate post

56 दिनों बाद भी हाई कोर्ट का फैसला नहीं आया तो हेमंत पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

- ईडी की गिरफ्तारी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने दी है चुनौती
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सीजेआइ कोर्ट से करें आग्रह
- हाई कोर्ट ने याचिका पर 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था

# धूप से आंखों की दूरी भली



शहनाज हुसैन

**गर्मी** के मौसम में घर से निकलते ही गर्म हवा और धूल-मिट्टी का चेहरे पर अटैक होने लगता है। इसका सीधा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। इस मौसम में तेज धूप के कारण आंखों में जलन, ड्राइनेस, आंखों में खुजली और आंखों से पानी आने की समस्या बढ़ जाती है, जिसे आँखों का सनबर्न भी कहते हैं। सूरज की तेज रोशनी और अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों के हर हिस्से को प्रभावित करती हैं। इनका दुष्प्रभाव आंखों से जुड़े रोगों का जोखिम भी बढ़ा देता है। इसीलिए आंखों को धूप से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। चुभती और जलती गर्मी से बचने के लिए सूती कपड़े, कोल्ड ड्रिंक्स और ताजे फल-सब्जियों का इस्तेमाल तो करें ही, आंखों को चुभन और जलन से बचाने की भी कोशिश करें। घरेलू उपचार से यह आसान हो सकता है। आइए जानते हैं कि गर्मी में आंखों की देखभाल कैसे करें। **1.गुलाब जल–** आंखों को ठंडक पहुंचाने के लिए और आंखों की समस्याओं को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल काफी लाभदायक माना जाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए गुलाब जल में कॉटन डूबो लें और इसे आंखों के आसपास लगाएं। चाहें तो एक या दो बूंद आंखों में भी डाल सकते हैं। इससे आंखों में होने वाली जलन और खुजली शांत हो सकती है। आप रूई के दो टुकड़े कर लें। अब इनमें गुलाब जल की कुछ बूंदें डालें और फिर बंद आंखों के ऊपर लगाएं। ऐसा करने से आंखों की जलन कम होने लगेगी और आपको तुरंत राहत मिलेगी। गुलाब जल आंखों को ठंडा रखता है। आंखों की थकान को दूर करने के लिए भी गुलाब जल काफी कारगर माना जाता है। गुलाब जल का इस्तेमाल आंखों को साफ रखने में किया जाता है। जिससे आंखों को ठंडक और राहत मिलती है।

**2. खीरा–** गर्मियों के मौसम में आंखों के बचाव करने में खीरे का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। इसके लिए खीरा के पतले-पतले स्लाइस काट लें। अब इसे आंखों पर कुछ देर के लिए रख कर हटा लें। इससे आंखों के लाल होने की समस्या को कम कर सकते हैं। खीरे के टूकड़े काट कर अपनी आंखों पर 30 मिनट तक रखें। यह आंखों की जलन को दूर करके ठंडक पहुंचाने का काम करता है। खीरे में मौजूद कूलिंग प्रॉपर्टीज नसों में आई सूजन को ठीक करने में मदद करती है। इस प्रक्रिया को सोने से पहले करना बेहतर होता है। खीरा आपकी आंखों के नीचे का कालापन दूर करने में भी मदद करता है इसलिए यह डार्क सर्कल्स के लिए भी लाभदायक है। बेहतर परिणाम पाने के लिए दिनभर में दो से तीन बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। **3.आँखों को साफ रखें–** गर्मियों के दिनों में आंखों को साफ रखने के लिए दिन में कम से कम 3 से 4 बार ठंडे पानी से आंखों को छींटे मार कर धोना चाहिए। इससे आपकी आंखें की धूल और गंदगी साफ होगी और यह आपकी थकान भी दूर करेगी। आंखों को ठंडक मिलेगी। आंखों को ठंडे पानी से धोने से संक्रमण का खतरा भी कम होता है। तुलसी के 5 से 6 पत्तों को 2 गिलास पानी में उबालें। इसके बाद इन्हें छान कर पानी ठंडा होने पर इससे आंखों को साफ करें। एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने की वजह से तुलसी के पते संक्रमण की समस्या कम करने में मददगार होंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## भगवान भैरव के 5 प्रसिद्ध मंदिर

**जहां भक्तों को मिलता है भय से मुक्ति का वरदान**

हालांकि, ये शराब कहां जाती है, ये बात आज तक रहस्य ही बनी हुई है। यहां रोज श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और इसको अपनी आंखों से देखती है।



**काशी में काल भैरव मंदिर**

वैसे तो देश भर में बाबा काल भैरव के कई मंदिर है, जिसमें से काशी के काल भैरव मंदिर की खास धार्मिक मान्यता है। यह काशी के विश्वनाथ मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसलिए कालभैरव को शहर का कोतवाल भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद जो कोई भक्त बाबा काल भैरव के दर्शन नहीं करता है उसकी पूजा और मनोकामना पूरी नहीं मानी जाती है।

**नई दिल्ली का बटुक भैरव मंदिर**

बाबा बटुक भैरव की मूर्ति यहां पर खासतौर पर एक कुएं के ऊपर विराजित है। यह प्रतिमा पांडव भीमसेन ने काशी से लाए थे। इस मंदिर को कहानी प्रचलित है कि पांडव भीमसेन द्वारा लाए गए भैरव दिल्ली से बाहर ही विराज गए तो पांडव बड़े परेशान हुए। उनकी परेशानी को देखकर बटुक भैरव ने उन्हें अपनी दो जटाएं दे दी थी। साथ ही उसे नीचे रख कर दूसरी भैरव की प्रतिमा स्थापित करने का निर्देश दिया था।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### लैपटॉप या कंम्प्यूटर में करें फास्ट ब्राउजिंग



**आमतौर** पर पीसी और कंप्यूटर में कुकीज और कैशे जमा हो जाते है। ऐसे में आप परेशान हो जाते हैं क्या करें, लेकिन आप इन सिंपल तरीके से इन्हें हटाकर आप अपने लैपटॉप और कंप्यूटर को बेहतर कर सकते हैं। है। ऐसे में आप अपने ब्राउजर की रेगुलर तरीके से साफ नहीं रखेंगे तो आपका पीसी या कंप्यूटर धीमा हो जाएगा। जब आप लोग पीसी या कंप्यूटर पर काम करते हैं तो आप ब्राउजर का इस्तेमाल करते हैं, उसमें काफी संख्या में जानकारी होती है। आप ब्राउजर किस वेबसाइट पर गए हैं, आपने क्या-क्या डाउनलोड किया है। साथ ही आपके पासवर्ड की जानकारी और काफी कुछ ब्राउजर में सेव हो जाता है। ऐसे में आप अपने ब्राउजर की रेगुलर तरीके से साफ नहीं रखेंगे तो आपका पीसी या कंप्यूटर धीमा हो जाएगा। बता दें कि, समय-समय पर आप अपने लैपटॉप या कंप्यूटर की हिस्ट्री, ब्राउजर डेटा, कैशे, कुकीज और कई तरह बेकार फाइल्स भी सिस्टम में अतिरिक्त जगह घेर लेती हैं। इसका असर फिर सीधे तौर पर आपके सिस्टम के परफॉर्मेंस पर पड़ता है। इन सभी को नियमित रुप से डिलीट जरुर करना चाहिए, इससे पीसी और कंप्यूटर को फायदा मिलता है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### केजरीवाल ने एससी से की गिरफ्तारी के खिलाफ जल्द सुनवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ चुनौती देने वाली याचिका का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को आया। सीएम केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अगले हफ्ते सुनवाई की बात कही थी, लेकिन यह मामला अब 6 मई को लिस्टिंग में दिख रहा है।

### कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई 2024 तक बढ़ा दी। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। पिछले हफ्ते, सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में आप के लिए प्रचार करने के लिए लगाई गई अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली थी। न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के सामने पेश किया गया। अदालत ने पिछली बार सिसोदिया की दायर नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने सीबीआई और ईडी दोनों द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी है।

### रफा से नागरिकों को जल्द ही निकालना शुरू करेगा इजरायल

**यरूशलम।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पर योजनाबद्ध जमीनी हमले से पहले इजरायल जल्द ही रफा से नागरिकों को निकालना शुरू कर देगा। इजरायली कान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की फाइनल मंजूरी मिलने तक निकासी जल्द ही शुरू हो जाएगी। इससे पहले गुरुवार को देश की युद्धकालीन कैबिनेट और सुरक्षा कैबिनेट ने रफा पर संभावित हमले पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाई थी। इस शहर को पहले इजरायली बमबारी से सुरक्षित जोन माना जाता था, जहां लगभग 14 लाख विस्थापित फिलिस्तीनियों को शरण मिली हुई है।

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**बारामूला।** बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# केंद्र से भेजा गया पैसा खा जाते हैं ममता के मंत्री: मोदी



### यहां क्या नहीं हुआ, शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा

### ममता संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को बचाती रही

**एजेंसी। कोलकाता**

दूसरे चरण के लिए मतदान के बीच शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि केंद्र से जो भी पैसा बंगाल के लोगों के लिए भेजा जाता है, उसे ममता बनर्जी के मंत्री और नेता खा जाते हैं। तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां क्या-क्या नहीं हो रहा है। यहां शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने गरीबों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना को रोक रखा है। इसके अलावा हमने बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आठ हजार करोड़ रुपये भेजे हैं। इसे भी बंगाल की टीएमसी सरकार ने रोक रखा है।

ये चाहते हैं कि बंगाल में वंदे भारत ट्रेनें ठप हो जाएं। पीएम मोदी ने कहा कि मां, माटी और मानुष के नाम पर आई तृणमूल ने महिलाओं का सबसे ज्यादा नुकसान किया है। मोदी ने कहा कि हमने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक खत्म किया तो तृणमूल सरकार उसके खिलाफ रही। इसके अलावा संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को बचाती रही। नागरिकता संशोधित कानून पर कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख और ईसाई लोगों का यदि किसी देश में उत्पीड़न होता है तो वे कहां जाएंगे। उन लोगों को हम नागरिकता दे रहे हैं। पीएम मोदी ने टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी और कांग्रेस को जोड़े रखने का सबसे बड़ा चुंबक है तुष्टिकरण। तुष्टिकरण के लिए ये दोनों पार्टियां कुछ भी कर सकती हैं। तुष्टिकरण की खातिर ये लोग देशहित में लिए गए हर निर्णय को वापस पलटना चाहते हैं।

### टीएमसी के भ्रष्टाचार ने 26 हजार परिवारों की खुशी लूट ली

पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण लगभग 26 हजार परिवारों की शांति और खुशी खत्म हो गई है। पीएम मोदी ने यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ के हालिया आदेश के संदर्भ में दिया। जिसमें सरकारी स्कूलों में 25 हजार 753 टीचिंग (शिक्षण) और गैर-शिक्षण नौकरियों को रद्द कर दिया गया था।

## सोशल मीडिया पर नेताओं के बोल



सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी ने कहा, देश की तकदीर का फैसला करने जा रहे इस ऐतिहासिक चुनाव का आज दूसरा चरण है। आपका वोट तय करेगा कि अगली सरकार चंद अरबपतियों की होगी या 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह आज घर से बाहर निकले और संविधान का सिपाही बन कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट करे।

**–राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**



एक्स पर मायावती ने कहा कि महिलाओं व अन्य वंचितों को यह जरूर सोचना है कि भाजपा के अच्छे दिन तो आपने ला दिए लेकिन आपके अच्छे दिन लाने के उनके वादे का क्या हुआ उलटे उनका जीवन इतना त्रासद क्यों हो गया है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ की तरह भाजपा द्वारा भी अच्छे दिन वाली बड़ी वादाखिलाफी की गई। देश में बहुजन-हितैषी अच्छी सरकार के लिए वोट करने के लिए आगे आयें। पहले मतदान फिर जलपान।

**–मायावती, बसपा प्रमुख**

## पाकिस्तान की जेलों में बंद गुजरात के 35 मछुआरे 30 अप्रैल को रिहा किए जाएंगे

**एजेंसी। अहमदाबाद**

पाकिस्तान की जेलों में बंद गुजरात के 35 मछुआरों को 30 अप्रैल को पाकिस्तान सरकार मुक्त करेगी। यह सभी लोग 2 मई को वाघा बॉर्डर पर भारत सरकार को सौंप दिए जाएंगे। मछुआरों के छोड़े जाने की सूचना पर मछुआरों के परिवार में खुशी की लहर दौड़ी है। पोरबंदर बोट एसोसिएशन के पूर्व प्रमुख और मछुआरों के अग्रणी जीवनभाई जुंगी ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने सभी छोड़े जाने वाले भारतीय मछुआरों और एक सिविलियन के नाम जारी किए हैं। इसमें पोरबंदर के विजय मोहन नामक खलासी समेत गुजरात के अन्य 34 मछुआरे शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य सिविलियन को भी छोड़ा जाएगा। जीवणभाई ने बताया कि मुक्त होने वाले सभी मछुआरे पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में डेढ़ से दो साल से बंद हैं। मत्स्याटन के दौरान पाकिस्तानी मरीन ने उनका अपहरण कर लिया था। हाल पाकिस्तान की जेलों में 189 भारतीय मछुआरे बंद हैं। इनमें से 35 मछुआरों के मुक्त होने के बाद पाकिस्तान के जेलों में 154 मछुआरे बंद रहेंगे। इन सभी को भी शीघ्र छुड़ाने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मछुआरों की करीब 1200 फिशिंग बोट भी पाकिस्तान मरीन के कब्जे में है।



### संदेशखाली में सीबीआई का छापा

## भारी मात्रा में बंदूकें गोली-बारूद बरामद किए गए

**एजेंसी। कोलकाता**

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी।अधिकारियों के मुताबिक जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि संदेशखाली में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं। इसके बाद शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया और उस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार बरामद हुए। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओं पर तीन प्राथमिकी दर्ज की थीं। इसके बाद तृणमूल नेता शेख शाहजहां को फरवरी में पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लगभग हजार लोगों की भीड़ के हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायलों हो गए थे। इसके बाद एजेंसी के एक उप निदेशक ने बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।

### भाजपा के 400 पार के दावे पर राबड़ी देवी का पलटवार



**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शुक्रवार को भाजपा के 400 पार के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता को फैसला लेना है, किसी के कहने से कुछ नहीं होने वाला है। जनता सब देख रही है। राबड़ी देवी शुक्रवार को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में राजद के चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर सत्य नारायण भगवान के कथा आयोजन में पहुंची थीं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि बिहार में महागठबंधन सभी सीटों पर जीत रहा है। मीसा भारती और रोहिणी आचार्य को क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। चुनाव में किसी को टक्कर देने या नहीं देने का सवाल नहीं है, बल्कि, जनता जो चाहेगी वही होगा।

## देश के संसाधन पर पहला हक आदिवासी दलित और ओबीसी समाज का : शाह

**एजेंसी। गुना**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इस देश के संसाधन पर सबसे पहला हक आदिवासी, दलित गरीब, ओबीसी का है, लेकिन कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। वह शुक्रवार को गुना लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में पिपरिया के मंडी परिसर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे। कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। उसने ओबीसी आयोग नहीं बनाया। वर्षों तक ओबीसी वर्ग के लोगों को केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी और ओबीसी को दी है। नीट परीक्षा, मेडिकल दाखिल में 27 फीसदी आरक्षण देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करना चाहते हैं। ट्रिपल तलाक फिर से लाना चाहते हैं। इस पर्सनल लॉ को नहीं आने देंगे। यह देश समान नागरिक संहिता से चलेगा। हमने उत्तराखंड में यूसीसी लाया है, यह वादा है कि हम देशभर में इसे लागू करेंगे। कांग्रेस 70 साल तक अनुच्छेद 370 को अपने बच्चे की तरह पालती रही, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त 2019 को एक झटके में कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया। सिंधिया घराने ने इस क्षेत्र का लालन-पालन अपने बच्चे जैसे किया है। मैं राजा साहब के लिए वोट मांगने आया हूं। सिंधिया मेरे मित्र भी हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता भी हैं। इन्हें जिताते हुए यह याद रखना, सिंधिया को दिया वोट नरेन्द्र मोदी को जाएगा।



### पवन सिंह 9 मई को करेंगे नामांकन



**रोहतास।** रोहतास जिले के डेहरी में भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने कहा कि मां का आशीर्वाद लेकर काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए निकला हूं। नौ तारीख को नामांकन करूंगा। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के बयानों पर उन्होंने कहा कि पीछे हटने का कोई सवाल नहीं है। जनता से बड़ी कोई हस्ती नहीं है। पवन सिंह ने कहा, मैं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल करूंगा। जनता के भरपूर स्नेह और समर्थन से हमारे हौंसले बुलंद हैं।

## मजहबी आधार पर देश का विभाजन चाहता है इंडी गठबंधन : सीएम योगी

### कांग्रेसी मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की जनता को कांग्रेस के घोषणापत्र के प्रति एक बार फिर आगाह किया है। उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी। पहले चरण का मतदान इन्हीं मुद्दों पर हुआ, मगर पहले चरण से ठीक पहले इंडी गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण घटक कांग्रेस के घोषणापत्र ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है।

### एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाका डाल रही इंडी गठबंधन : केशव मौर्य

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच भाजपा कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर डाका डाल रही है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिया गया है, उसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा ने हमेशा 'सबका साथ सबका विकास' का समर्थन किया है। कांग्रेस जो अभी आईसीयू में पड़ी है वो देश में एक्स रे करना चाहती है, जाति जनगणना कराना चाहती है लेकिन देश के लोग कांग्रेस की इस साजिश का एमआरआई कर रहे हैं। कर्नाटक के अंदर ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहती है।

### ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी एससी ने शुरू की प्रेसिडेंसियल इम्यूनिटी मामले की सुनवाई

**एजेंसी। न्यूयार्क**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ वांशिगटन स्थित सुप्रीम कोर्ट इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। ज्ञात रहे कि ट्रंप पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं।

उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। ट्रंप ने कहा कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।



### जरा हट के

## शरीर निर्बल पर भावों में बल

### गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज ने पीएम मोदी पर अपनी कविता से कर दिया भाव विभोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शरीर एकदम निर्बल पड़ा है बिस्तर पर लेकिन, मन दुर्बल नहीं हुआ। कविता की पंक्तियों के जरिए आवाज ऐसी उभरती है कि कोई उस आवाज की ललकार सुन ले तो कभी नहीं माने कि यह व्यक्ति इतना बेबस है कि कई सालों से इसने कमरे के बाहर जाकर सूर्य के प्रकाश को भी अपनी खुली आंखों से नहीं निहारा है। दस साल से देश में क्या हुआ उसने कमरे के भीतर बिस्तर पर पड़े-पड़े ही इसे महसूस किया है। लेकिन, पीएम नरेंद्र मोदी के लिए उसकी दीवानगी ऐसी की शब्दों को कलमबद्ध करके उसे कविता का रूप दे दिया। यह पूरी कहानी है यूपी के बाराबंकी के रहने वाले अभय चांदवासिया की। जिन्होंने अपनी स्वरचित कविता के एक-एक शब्द पीएम मोदी को समर्पित किए हैं। कविता की उनकी पंक्तियों में पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, उनके राष्ट्रहित के प्रयासों और उनके नेतृत्व क्षमता का वर्णन उनकी आवाज में सुनाई पड़ती है। पीएम मोदी के लिए उनके विचार मानो पन्नों पर धारा प्रवाह बहे हों। अभय चांदवासिया पिछले 20 वर्षों से खुद मोटर न्यूरोन डिसऑर्डर नाम की लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं और वर्तमान में 95 प्रतिशत तक शारीरिक अक्षमता के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। फिर भी बिस्तर पर पड़े इस आदमी की सोच निर्बल नहीं हुई है, उनके हौसले इतने बुलंद है कि इतनी विषम परिस्थिति के बावजूद वह पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को जितना कलमबद्ध करने में मेहनत करते नजर आते हैं, उनकी आवाज की बुलंदी ने पीएम मोदी के व्यक्तित्व को उससे भी बड़ा बना दिया है। बीमारी ने भी अभय चांदवासिया के हौसले को नहीं तोड़ा है। वह पिछले 4 वर्षों से ना बैठ सकते हैं, ना ही खुद खाना खा सकते हैं और ना ही वो अपने हाथ-पैर तक हिला सकते हैं। बस हाथ की कुछ उंगलियों को कंप्यूटर के माउस पर चलाकर प्रधानमंत्री मोदी के लिए उन्होंने ऐसे शब्द गढ़ डाले हैं। उनकी 'भारती का सारथी' शीर्षक कविता का जो रूप दिख रहा है और जो उनकी आवाज में सुनाई पड़ रहा है, वह अद्भुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय है।



**अभय चांदवासिया अपनी कविता में कहते हैं**

मान हो, अपमान हो या की
जय जयकार हो।
कर्तव्य से डिगता नहीं वो,
जीत हो या हार हो।
दे रहा संदेश सारे विश्व को
बंधुत्व का।
चढ़कर सनातन की शिखा,
परिचय दिया हिंदुत्व का।
स्नेह की एक बूंद पे वो प्रेम
की गंगा बहा दे।
किंतु सम्मुख बैरियों के वो
दहकती हुई अगन सा है।
वो एक सुमन मधुबन सा है।
कितने मुकद्दर हैं संवारे, राह
जीने की है दिखाई।
लेकिन कभी अभिमान की
परछाई तक है छू ना पाई।

## पीएम मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को दी मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की और इटली मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर उन्हें तथा इटली के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जून 2024 में इटली के पुगलिया में आयोजित होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन आउटरीच सत्र में आमंत्रित करने के लिए पीएम मेलोनी को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने इटली की अध्यक्षता में जी 7 शिखर सम्मेलन में भारत की जी 20 अध्यक्षता के महत्वपूर्ण परिणामों को आगे बढ़ाने, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का समर्थन करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने बातचीत के दौरान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दोनों नेताओं ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

# एससीओ बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

### रक्षा मंत्रियों की बैठक में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का समर्थन

### एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति जताई, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के दबाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए दृढ़ है। अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के सागर-'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रियों के साथ पौधरोपण समारोह में शामिल हुए, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एक साझा बयान में भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विकास सहित प्रमुख समझौतों पर प्रकाश डाला गया।







# 138 पर कोलकाता को पहला झटका नरेन ने 32 गेंद में बनाए में 71 रन



**एजेंसी । कोलकाता**

शुक्रवार को आईपीएल 2024 के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना पंजाब किंग्स से है। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जा रहा है। पंजाब की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर है तो कोलकाता की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। पंजाब की नजर जीत की पटरी पर लौटने की है। प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखने के लिए उसे अब सारे मैच जीतने होंगे। कोलकाता ने नौ ओवर के बाद बिना कोई विकेट गंवाकर 118 रन बना लिए हैं। नरेन 27 गेंद में 60 रन और सॉल्ट 27 गेंद में 52 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। सॉल्ट ने 25 गेंद पर आईपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक पूरा किया। यह इस सीजन उनका तीसरा अर्धशतक रहा। इससे पहले नरेन ने अर्धशतक जड़ा था। कोलकाता को यह दोनों शानदार शुरूआत दिला चुके हैं। आठ ओवर के बाद कोलकाता ने बिना कोई विकेट गंवाए 105 रन बना लिए हैं। इससे पहले फिलहाल फिल सॉल्ट 24 गेंद में 46 रन और सुनील नरेन 24 गेंद में 53 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। यह नरेन के आईपीएल करियर का छठा अर्धशतक है। पावरप्ले खत्म हो चुका है। कोलकाता ने शुरूआती छह ओवर के बाद बिना कोई विकेट गंवाए 76 रन बना लिए हैं। फिलहाल सुनील नरेन 15 गेंद में 38 रन और फिल सॉल्ट 21 गेंद में 35 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। छठे ओवर में अर्शदीप की गेंद पर कप्तान सैम करन ने सॉल्ट का आसान कैच छोड़ दिया। तब सॉल्ट 34 रन पर थे। पंजाब को इस साझेदारी को तोड़ना होगा, नहीं तो दोनों पंजाब के लिए खतरा बन सकते हैं।

*पंजाब की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर है, तो कोलकाता की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर। पंजाब की नजर जीत की पटरी पर लौटने की है।*

## इमा का कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग कल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग का आयोजन 28 अप्रैल को होगा। इसका आयोजन रांची प्रेस क्लब में सुबह 7.00 बजे से किया गया है। बताया गया कि इस शिविर में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा प्रशिक्षण देंगे। शिविर के दौरान येलो बेल्ट से ब्लैक बेल्ट तक के कराटे खिलाड़ियों का ग्रेडिंग टेस्ट भी होगा।

# आरसीबी की हार का सिलसिला खत्म होने से मिली राहत : डुप्लेसी



*हैदराबाद के खिलाफ 35 रन की जीत के साथ आरसीबी ने आईपीएल 2024 में अपनी दूसरी जीत हासिल की*

**एजेंसी। हैदराबाद**

आईपीएल 2024 में सबसे खतरनाक अंदाज में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने अपनी छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ 35 रन की जीत के साथ आरसीबी ने आईपीएल 2024 में अपनी दूसरी जीत हासिल की। उनकी पिछली जीत ठीक एक महीने पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ हुई थी, जहां उन्होंने 177 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था। अपनी दूसरी जीत के बाद कप्तान फाफ डुप्लेसी ने राहत की सांस ली है। डुप्लेसी ने कहा, पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। हैदराबाद वाला मैच 270+ था और हम 260 तक पहुंच गए, फिर केकेआर मैच भी, केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है।" हमारे लिए बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा। एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के करीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफी कड़ी है। टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप 100 प्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कल्याण चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संयुक्त सचिव के पद से मुक्त कर दिया जाए। यह कदम चौबे द्वारा अदालत के आदेशों की कथित अवहेलना और चल रही कानूनी कार्यवाही में सहयोग की कमी के आरोपों के बीच उठाया गया है। जस्टिस सूर्यकांत और पीएस नरसिम्हा ने पाया कि चौबे जानबूझकर अदालत के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं और उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने में विफल रहने पर उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा, ₹हम संतुष्ट हैं कि वह जानबूझकर अदालत के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। अगर वह उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि चौबे कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष उनके द्वारा दायर चुनाव याचिका में उपस्थित नहीं थे और सहयोग नहीं कर रहे थे।

## ओलंपिक चयन ट्रायल में सिफ्त कौर पेरिस की रेस में आगे बढ़ीं



**नई दिल्ली।** सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपने चार प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंजमें लगातार ट्रायल जीते। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भी पुरुषों के 3पी टी2 फाइनल को क्लासिक 0.22 स्क्रैप में फिनिश लाइन तक जीतकर ओएसटी विजेताओं के सर्कल में प्रवेश किया। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारक और पिछले कुछ समय से महिलाओं की 3पी में निर्विवाद रूप से भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ़्त ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर किया और आशी चौकसी को 2.4 से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहीं।

## नेथ्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया



**एजेंसी। हायरेस**

भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा। अपने पहले ओलंपिक में, वह 44 प्रतिभागियों में से 35वें स्थान पर रहीं।

## बंगाल प्रो टी20 लीग 11 जून से शुरू होगी

BENGAL PRO T20 LEAGUE

**नई दिल्ली।** बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 जून को कोलकाता में शुरू होने वाला है जिसमें 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। लीग की परिकल्पना आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। टूनार्मेंट 11 से 28 जून तक खेला जाएगा। पुरुषों के मैच 11 जून को ईडन गार्डन्स में और महिलाओं के मैच 12 जून को जादवपुर यूनिवर्सिटी, साल्ट लेक कैंपस ग्राउंड में शुरू होंगे। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी।लीग के पहले दिन शाम को केवल 1 पुरुष मैच होगा और महिलाओं का मैच अगले दिन से शुरू होगा और वहां से हर दिन दो मैच खेले जाएंगे।

## शतरंज ग्रैंडमास्टर गुकेश पर विचार कर सकते हैं ब्रांड मालिक



**एजेंसी। चेन्नई**

प्रतिभा प्रबंधन कंपनी एमजीडी1 ईस्पोर्ट्स एलएलपी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कॉर्पोरेट ब्रांड मालिक अब अपने ब्रांड के प्रचार के लिए भारतीय किशोर शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी. गुकेश की ओर देख सकते हैं। गुकेश हाल ही में कनाडा में आयोजित फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने और विश्व चैंपियन जीएम डिंग लिरेन, चीन के लिए चुनौती के रूप में योग्य हुए। अधिकारी ने कहा कि भारतीय की उपलब्धि का ब्रांड एंडोर्समेंट सौदों के संबंध में अन्य शीर्ष भारतीय शतरंज खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। एमजीडी1 ईस्पोर्ट्स के सह-संस्थापक मनु गुर्टू ने आईएएनएस को बताया, आने वाले हफ्तों में गुकेश को ब्रांड मालिकों और मीडिया से अच्छा ध्यान मिलेगा। कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में उनकी सफलता के साथ, ब्रांड मालिक सौदों के लिए शतरंज खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। पनी जीएम अर्जुन एरिगासी, श्रीनाथ नारायणन और अन्य जैसे कई शतरंज खिलाड़ियों का प्रबंधन करती है। पूर्व विश्व चैंपियन जीएम वी.आनंद को छोड़कर, किसी अन्य भारतीय शतरंज खिलाड़ी ने ब्रांड मालिकों के साथ ब्रांड एंडोर्समेंट सौदे पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। आगामी शतरंज खिलाड़ी कॉरपोरेट्स के साथ प्रायोजन सौदे पर हस्ताक्षर कर रहे हैं जो ब्रांड एंडोर्समेंट सौदों से अलग हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## वोटर आईडी कार्ड नहीं होने की स्थिति में ई-वोटर कार्ड का प्रयोग कर दे सकते हैं वोट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूसरे चरण का मतदान होने वाला है। ऐसे में आपको पोलिंग बूथ पर पहुंचने से पहले ही कुछ जानकारी चेक कर लेनी चाहिए। कई बार होता है कि आप बिना पोलिंग बूथ चेक किए ही आस-पास या पुराने पोलिंग बूथ पर पहुंच जाएंगे तो आपको एंट्री नहीं करने दी जाएगी। आज हम आपको पोलिंग बूथ चेक करने का ऑनलाइन प्रोसेस बताने जा रहे हैं।

**ऑफिशियल साइट से चेक करें पोलिंग बूथ**–पोलिंग बूथ चेक करना चाहते हैं तो आपको वोटर पोर्टल की ऑफिशिल साइट (https://voters.eci.gov.in/) पर जाना होगा। यहां आपको ईमेल या मोबाइल नंबर से लॉग इन करना होगा। इसके बाद आपको फाइंड पोलिंग स्टेशन पर क्लिक करना होगा। यहां आपको पूछी जाने वाली पूरी जानकारी दर्ज करनी होगी। वोटर आईडी कार्ड नहीं होने की स्थिति में आप ई-वोटर कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### एप से भी होगी चेकिंग

वोटर हेल्पिंग एप का भी इस्तेमाल आप कर सकते हैं। अगर आप भी ऐसा करना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको ऐप डाउनलोड करनी होगी। इसी ऐप में आपको 'फाइंड योर पोलिंग स्टेशन' का ऑप्शन दिया जाएगा। इसके बाद आपको कुछ जानकारी शेयर करनी होगी, इसमें राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र से संबंधित होगी। सभी चीजें दर्ज करने के बाद आपको पोलिंग बूथ फाइंड पर क्लिक करना होगा और आपको पूरी जानकारी मिल जाएगी।

## आईसीआईसीआई बैंक के 17 हजार यूजरों का क्रेडिट कार्ड डाटा लीक, कार्ड ब्लॉक हुए, मुआवजे का दिया आश्वासन

**प्रभावित कार्डों की संख्या बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का लगभग 0.1 प्रतिशत**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीआईसीआई बैंक के कम से कम 17 हजार नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड डेटा लीक होने और 'गलत यूजरों' तक पहुंचने के बाद बैंक ने गुरुवार को कहा कि उसने इन कार्डों को ब्लॉक कर दिया है और ग्राहकों को नए कार्ड जारी कर रहा है। यह मुद्दा तब सामने आया जब आईसीआईसीआई बैंक के कुछ ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर बैंक के आईमोबाइल पे ऐप द्वारा उनके पूरे नंबर और कार्ड सत्यापन मूल्य (सीवीवी) सहित क्रेडिट कार्ड विवरण लीक होने के बारे में चिंता व्यक्त की। वित्त-संबंधित फोरम टेक्नोफिनो पर, कई यूजरों ने अचानक अपने आईमोबाइल पे ऐप पर कुछ अज्ञात ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड के पूरे कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट और सीवीवी जैसे संवेदनशील डेटा मिलने की सूचना दी। आईएएनएस को दिए एक बयान में, आईसीआईसीआई बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि यह उनके संज्ञान में आया है कि ₹पिछले कुछ दिनों में जारी लगभग 17 हजार नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चैनलों में गलत यूजरों के लिए मैप कर दिये गए थे। प्रवक्ता ने कहा कि इस सेट से किसी कार्ड के दुरुपयोग का कोई मामला हमारी सूचना में नहीं है। हालांकि, हम आश्वस्त करते हैं कि किसी भी वित्तीय नुकसान के मामले में बैंक ग्राहक को उचित मुआवजा देगा। बैंक के अनुसार, प्रभावित क्रेडिट कार्डों की संख्या बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का लगभग 0.1 प्रतिशत है। आईसीआईसीआई बैंक के प्रवक्ता ने कहा, तत्काल उपाय के रूप में, हमने इन कार्डों को ब्लॉक कर दिया है और ग्राहकों को नए कार्ड जारी कर रहे हैं। हमें हुई असुविधा के लिए खेद है। एक यूजर ने टेक्नोफिनो पर लिखा, आईमोबाइल पे ऐप पर सुरक्षा गड़बड़ी के कारण मेरे पास किसी और के अमेजॅन पे क्रेडिट कार्ड की पहुंच है। हालांकि ओटीपी घरेलू लेनदेन को प्रतिबंधित करता है, मैं आईमोबाइल ऐप से विवरण का उपयोग करके अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन कर सकता हूं। वर्ष 2008 में लॉन्च आईमोबाइल पे ऐप के 2.8 करोड़ से अधिक यूजर हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह घटकर 640 अरब डॉलर पर



**एजेंसी। मुंबई**

विदेशी मुद्रा एसेट्स में लगातार दूसरे सप्ताह भारी गिरावट के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में घटकर 640 अरब डॉलर रह गया। हालांकि इसमें स्वर्ण भंडार नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.828 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 640.334 अरब डॉलर रहा। यह छह सप्ताह यानि 8 मार्च के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.401 अरब डॉलर घटकर 643.162 अरब डॉलर रह गया था, जबकि 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 648.562 अरब डॉलर के अबतक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। आंकड़ों में कहा गया है कि 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा एसेट्स 3.793 अरब डॉलर घट गया। ऐसा मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार से डॉलर निकालने से हुआ। इस दौरान, बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच आरबीआई ने सोने की खरीद जारी रखी है। गत 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का सोने का भंडार 1.010 अरब डॉलर चढ़कर 56.808 अरब डॉलर हो गया जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। इसमें लगातार नवें सप्ताह वृद्धि देखी गई है।

## एलन मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई जुटा रही 6 बिलियन डॉलर

**टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक ने 2015 में ओपनएआई की सह-स्थापना की थी**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैम ऑल्टमैन के ओपनएआई को टक्कर देते हुए, एलन मस्क द्वारा संचालित एक्सएआई कथित तौर पर लगभग 18 बिलियन डॉलर के वैलुएशन पर कम से कम 6 बिलियन डॉलर जुटा रहा है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, टेक अरबपति की 10 महीने पुरानी कंपनी के अगले कुछ हफ्तों में डील पूरी होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि मस्क के करीबी दोस्त स्टीव जुर्वेटसन द्वारा सह-स्थापित वेंचर फंड सिकोइया कैपिटल और फ्यूचर वेंचर्स इस राउंड में हिस्सा ले रहे हैं। अन्य प्रतिभागियों में वेलोर इक्विटी पार्टनर्स और गीगाफंड वीसी फर्म के शामिल होने की संभावना है। मस्क या एक्सएआई ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक ने 2015 में ओपनएआई की सह-स्थापना की थी, लेकिन बोर्ड से अनबन के चलते 2018 में उन्होंने इसे छोड़ दिया। एक्सएआई कंपनी वर्तमान में प्रोडक्ट, डेटा और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों के अलावा इंजीनियरों और डिजाइनरों को भी नियुक्त कर रही है। एआई कंपनी कर्मचारियों को कॉम्पिटेटिव कैश और इक्विटी-बेस्ड कंपनसेशन, मेडिकल, डेंटल और विजन इंश्योरेंस जैसे लाभ प्रदान कर रही है। 2023 में स्थापित, एक्सएआई ने पिछले साल नवंबर में अपने पहले एआई प्रोडक्ट का अनावरण किया। मस्क ने कहा, "एआई चैटबॉट 'ग्रोक 2' अब प्रशिक्षण में है। रिलीज होने पर यह सभी उम्मीदों को खरा उतरेगा।

## क्या नेटफिलिक्स को टक्कर दे पाएगा जियो का ऑफर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कुछ सालों में ही मुकेश अंबानी ने टेलीकॉम मार्केट पलट कर रख दी है। जियो की एंट्री के बाद सभी टेलीकॉम कंपनियां इसी के हिसाब से प्लान और वैलिडिटी तय कर रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि जियो की टेलीकॉम मार्केट में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है। यानी यूजर बेस बहुत ज्यादा है। अब ओटीटी को लेकर जियो ने नए प्लान की घोषणा की है। जियो सिनेमा भी ऐसी ही ऐप है जो काफी पॉपुलर हो गई है। आईपीएल की लाइव स्ट्रीमिंग के बाद लोगों की ये पहली पसंद बन गई है। लेकिन अब जियो ने 29 रुपए से शुरू होने वाले जियो सिनेमा के नए प्लान्स को बाजार में उतारा है। ये पेड सब्सक्रिप्शन प्लान हैं जो काफी पसंद किए जा रहे हैं। अगर आप इन्हें खरीदते हैं तो आपको ऐड फ्री वीडियो देखने को मिल सकता है। इसमें आप कंपनी की हर सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। लेकिन आपको पहले ही बता दें कि आईपीएल की लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान आपको ऐड देखने ही पड़ेंगे। जबकि आपको कोई मूवी या वेब सीरीज देखेंगे तो पेड सब्सक्रिप्शन के बाद ऐड फ्री देखने को मिलेगा।

## माइक्रोसॉफ्ट ने 21.9 बिलियन की शुद्ध आय दर्ज की

**नई दिल्ली ।** माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी तीसरी तिमाही में 61.9 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया है, जो 17 प्रतिशत अधिक है, जबकि शुद्ध आय 20 प्रतिशत बढ़ कर 21.9 अरब डॉलर हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला के अनुसार, को-पायलट और को-पायलट स्टैक एआई ट्रांसफॉर्मेशन के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं, जिससे हर रोल और इंडस्ट्री में बेहतर बिजनेस के परिणाम सामने आ रहे हैं। फॉर्च्यून 500 के 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग अब एज्योर ओपनएआई सर्विस का उपयोग करते हैं। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड का राजस्व 35.1 बिलियन डॉलर था, जो साल-दर-साल 23 प्रतिशत अधिक था। नडेला ने कहा कि कुल मिलाकर, हम सभी इंडस्ट्री के लीडर्स से बड़े एज्योर डील्स में बढ़ोतरी देख रहे हैं।

## 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंचा स्नैपचैट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट इस साल पहली तिमाही में 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया, जो 39 मिलियन या 10 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि है। पहली तिमाही में, इसकी मूल कंपनी स्नैप का राजस्व 21 प्रतिशत (सालाना) बढ़कर 1.195 बिलियन डॉलर हो गया, जो इसके विज्ञापन प्लेटफॉर्म में किए गए सुधारों और इसके डायरेक्ट-रिस्पांस (डीआर) विज्ञापन समाधानों की मांग में वृद्धि से प्रेरित है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हम अपने राजस्व स्रोतों में प्रगति जारी रख रहे हैं, पहली तिमाही में स्नैपचैट प्लस के सब्सक्राइबर्स की संख्या 9 मिलियन से ज्यादा हो गई। तिमाही में, ग्लोबल स्तर पर कंटेंट देखने में बिताए गए कुल समय में साल-दर-साल वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से स्पॉटलाइट और क्रिएटर स्टोरीज देखने में बिताए गए कुल समय में मजबूत वृद्धि के चलते हुई। कंपनी ने बताया, स्पॉटलाइट कंटेंट देखने में बिताया गया कुल समय साल-दर-साल 125 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव के पास शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित होकर 407 वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमे वाहन पर सवार एक मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पांच मजदूर गंभीर से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी दो मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में बताया की शुक्रवार की सुबह सभी मजदूर 407 वाहन पर सवार होकर मेदिनीनगर चियांकी हवाई अड्डा के पास फोर लाइन सड़क निर्माण में कार्य काम करने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में लोहड़ा गांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और पांच मजदूर घायल हो गए। वही घटना की जानकारी मिलने पर सभी घायलों के परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

### सीआरपीएफ डीआईजी सपरिवार पहुंचे चतुर्भुजी मंदिर

**गढ़वा।** सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार प्रखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर केतार चतुभुर्जी मंदिर में सपरिवार दर्शन करने पहुंचे। दर्शन करने के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। मौके पर सीआरपीएफ डीआईजी ने कहा कि यहां आने के बाद सुख की अनुभूति हुई। यह मंदिर बहुत सुंदर है। यहां पर वातावरण शुद्ध है और बहुत साफ-सफाई है। साथ ही उन्होंने मंदिर विकास समिति के सभी लोगों की सराहना की। मौके पर गढ़वा सीआरपीएफ कमांडेंट, मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहु, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव हेमंत पाठक, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा क्षेत्रों में इतिहास रचेगी भाजपा : वर्मा

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को छतरपुर जपला रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत सभी मंडल के कोर कमेटी के सदस्यों, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारीयों की आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से हुसैनाबाद विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा उपस्थित थे।जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता एवं संचालन उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने की। इस बैठक में बतौर अतिथि उपस्थित विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों के द्वारा प्रस्तुत की गई मंडल कोर कमेटी की सूची पर विचार करते हुए मंडलों में खोले जाने वाले चुनावी कार्यालय पर चर्चा की साथ ही साथ सभी मंडलों में बुथ स्तरीय बैठक करने का निर्णय लिया ताकि चुनावी अभियान को गति मिल सकें।

# डीसी के निर्देश पर एसडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने पिपरा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। बूथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह पहुंचकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी मतदाता को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को भयमुक्त और निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। इसके अलावा वोटरों के लिए रैप, शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी मुहैया कराने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए गये। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है। मौके पर पिपरा बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, थाना प्रभारी बिमल कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रशासनिक पदाधिकारी पहुंचे गांव ग्रामीणों से कहा- जरूर करें वोट

**पलामू ।** पाटन प्रखंड के नौडीहा गांव में प्रशासनिक पदाधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से वोट करने की अपील की। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन अमित कुमार झा, थाना प्रभारी पाटन लाल जी, असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ बीएन भुई ने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि कोई भी दिक्कत परेशानी हो तो पुलिस को सूचित करें। कोई भी धमकता हो तो ऐसे लोगों के बारे में थाना को सूचना दें। लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। पलामू संसदीय सीट के लिए 13 मई को वोटिंग निर्धारित है। पुलिस हर जगह मुस्तैद रहेगी। यदि चुनाव को लेकर कोई धमकी देता हो तो पुलिस को सूचित करें। हरिजन टोला नौडीहा में डोर टू डोर प्रशासनिक पदाधिकारी गये और लोगों से मतदान करने की अपील की। मौके पर प्रमिला देवी, राम वचन राम, रीना देवी, बिक्रम, राजवा सो देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



### नहाने के दौरान चेकडैम में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6, रामगढ़ मस्जिद टोला निवासी रशीद अंसारी की दो बेटियों की मौत नहाने के दौरान डैनीदह चेकडैम में डूबने से हो गई. बताया जा रहा है कि साजदा खातून (लगभग 10 वर्ष) और हाजरा खातून (लगभग 8 वर्ष), गुरुवार को लगभग 12 बजे दिन में चार-पांच लड़कियों के साथ डैनीदह चेकडैम में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान दोनों बहनें गहरे पानी में चली गईं और नीचे जा कर फंस गईं। साथ में गई लड़कियों ने कुछ देर तक इंतजार किया फिर भी दोनों बहनें पानी में कहीं दिखाई नहीं दीं। इसके बाद साथ में नहाने गई लड़कियों ने दौड़कर घर जाकर परिजनों को पूरी बात बतायी। परिजन और गांव वाले जुटे और चेकडैम में जब दोनों बहनों को ढूंढने लगे तब जाकर दोनों सगी बहन का शव मिला। पानी से शव को निकाल कर लोगों ने छतरपुर थाना को सूचना दी।

# गहराने लगा जल संकट, कई इलाकों में जलस्तर हुआ नीचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में बढ़ती गर्मी और तापमान के साथ जलसंकट भी गहराने लगा है।शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में लोगो को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पलामू के प्रमुख नदियां कोयल, अमानत, औरंगा, दुर्गावती , बटाने जैसी नदियां सूख गई हैं। जबकि शहर के कई तालाब भी सूखने के कगार पर हैं. पलामू जिला प्रशासन ने जलसंकट को देखते हुए कार्ययोजना तैयार किया है और उस पर काम भी कर रही हैं। कोयल नदी पलामू की लाइफ लाइन मानी जाती है।लेकिन कोयल नदी के तट पर बसे लोग पीने के पानी को लेकर संकट में है।चापाकलों का भी जल स्तर निचे चला गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि अब कोयल नदी भी सूखने के कगार पर है। जिसके वजह से पानी के लिए लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन और निगम को पेयजल को लेकर तेजी से काम करने की जरूरत है।स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी लोग कोयल नदी में चुआंडी खोद कर अपना प्यास बुझा रहे है,

**पलामू जिला प्रशासन ने जलसंकट को देखते हुए कार्ययोजना तैयार की है और उस पर काम भी हो रहा है।**

घर की औरत भी उसी चुआड़ी के पानी से नहाने और कपड़ा साफ कर रहे है।बढ़ती गर्मी के बीच पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के कई ऐसे इलाके हैं. जहां लोग सुबह चार बजे से ही पानी के लिए चापाकलों पर भीड़ लगा देते हैं. मेदिनीनगर का बैरिया, सुदना, आबादगंज, पहाड़ी, कान्दूमोहल्ला कंदाखाड़ ड्राई जोन में है. जहां का पानी का जल स्तर काफी नीचे चला गया है।बीएन कॉलेज हमीदगंज एरिया कंदाखाड़ में लोगो के घर का चापाकल सुख चुका है।लोगो को पानी पीने के लिए और अन्य कार्यों के लिए सिर्फ सप्लाई पानी पर ही निर्भर होना पड़ रहा है। मेदिनीनगर नगर निगम की आबादी 1.53 लाख के करीब है लेकिन करीब 3300 घरों के पास पानी का कनेक्शन है।

# मुखिया व सचिव ने लाभुकों को राशि का नहीं किया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत के रजदिरीया गांव निवासी मिथलेश कुमार यादव के द्वारा 15 वें वित्त अनुदान मद से योजना संख्या 5/2021-2022 कार्य कराया गया था। जिसका फाइनल भुगतान मुखिया व पंचायत सेवक के द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजना की राशि भुगतान को लेकर पैसे उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा इस योजना में भुगतान करना उचित नहीं समझा। ऐसा भी नहीं की वर्तमान समय में पंचायत में पैसे नहीं हैं। पंचायत की मुखिया व पंचायत सेवक पुरानी योजनाओं की बकाया राशि का भुगतान न कर नई योजनाएं खोली जा रही है। लाभुक समिति के अध्यक्ष मिथलेश कुमार यादव के द्वारा समय-समय पर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के नाम आवेदन देकर भुगतान की गुहार लगाते रहे हैं। बीडीओ के द्वारा भी मुखिया को भुगतान करने को लेकर निर्देश दिया जाता रहा है। बावजूद आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी तरह पंचायत के कुंभी खुर्द गांव जहां 2020-21 में 15 वें वित्त की राशि से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया गया है। तत्कालीन मुखिया के द्वारा निर्माण कार्य के बाद लाभुक समिति की खाते में एक लाख 15 हजार रुपए का भुगतान भी किया गया है। अवशेष बकाया राशि के लिए 3 वर्ष से मुखिया सहित अन्य अधिकारी के पास दौड़ लगा रहा हैं। पंचायत के द्वारा उन्हें यह कह कर भुगतान नहीं किया जा रहा है कि पैसा नहीं है। जबकि 15 वें वित्त की राशि पंचायत में आते रहा है और वर्तमान समय में भी राशि उपलब्ध है। पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजनाओं की राशि भुगतान को लेकर पैसे उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा इस योजना में भुगतान करना उचित नहीं समझा। वहीं पैसा भुगतान को लेकर लाभुक समिति के लोग पलामू उपायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे। साथ हीं पंचायत में बरती जा रही अनियमितता से भी अवगत कराएंगे।

**प्रखंड कार्यालय के आदेश को नहीं मानते मुखिया**

**बीडीओ ने भुगतान किए जाने का दिया है निर्देश**

### केतार पुलिस ने किया 32 मवेशियों को जब्त

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी के अमवाडीह गांव में गत रात्रि गौ तस्करों द्वारा भारी संख्या में मवेशियों की तस्करी कर दूसरे जगह ले जाने की तैयारी थी। परंतु अमवाडीह गांव के ग्रामीणों ने देखा कि अभी रात करीब एक दो बजे बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाया जा रहा है, तो इसकी जानकारी तत्काल केतार थाना प्रभारी को दिया, जैसे ही केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत अपने दल-बल के साथ स्थल पर पहुंच गए और सभी पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया। इधर पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। उक्त स्थल पर लगभग 30-32 की संख्या में पशु पाए गए। सभी पशुओं को थाना प्रभारी ने अपनी देख-रेख में वहां के ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिए। थाना प्रभारी श्री वर्णवाल ने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीणों को इस तरह की सूचना मिलती है तो वे तुरंत थाना को सूचित करें, आपका नाम उजागर नहीं किया जाएगा।

# चार बच्चों का बाप शादी का झांसा दे दो वर्षों से कर रहा था यौन शोषण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती के साथ चार बच्चों का बाप शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर पिछले दो वर्षों से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पीड़ित युवती ने महिला थाना में नामुदाग निवासी रंजन कुमार सहित उसकी पत्नी सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित युवती ने बताया की 2022 में शादी का झांसा देकर रंजन ने उसके साथ यौन शोषण किया जिसके बाद मैं कहीं भी जाती वह मेरे पीछे आकर जान देने की धमकी देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। जब मैं गर्भवती हो गई तो रंजन से शादी करने को कहीं तो वह मेरे साथ मार पीट करते हुए बच्चे का गर्भपात करने के लिए दवा लाकर दिया। जब खाने से इंकार की तो मेरे साथ रंजन ने मार पीट किया। उसने बताया की 18 मार्च को रंजन के छोटे भाई भीम



राज की शादी थी तो शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुझे अपने घर बुला कर गर्भपात कराने के लिए उसकी पत्नी बबली देवी, बहन प्रिया कुमारी, आशा कुमारी, गुड्डी कुमारी,भाई अक्षय कुमार, भीमराज कुमार,पिता बलदेव साव, मां लाकेश्वरी देवी,चाचा ओमप्रकाश साव,किरण देवी दबाव बनाने लगे जब उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों के द्वारा मेरे साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया और कहा की घटना के संबंध में किसी से कहीं तो जान से मार देंगे और रंजन को घर से भगा दिए। इसकी जानकारी जब मेरे पिता को हुई तो वे रंजन के घर आकर मुझे अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में लाकर इलाज कराया।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस जवान सहित चार व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव के पास शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर और कार की टक्कर में कार पर सवार पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दंगवार ओपी के पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर नावाबजार थाना के एएसआई सुधीर कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेजा। घटना के बारे में घायल पुलिस के जवान भोला यादव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह एक कार वाले से लिफ्ट लेकर मेदिनीनगर कोर्ट में गवाही देने जा रहे थे। अस्पताल में इलाज के बाद भी भोला यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना में घायल दूसरे व्यक्ति मुक्लेश कुमार ने बताया कि वह भी अपने पत्नी और बच्चे के साथ उसी कार में बैठकर सदर प्रखंड के पोखराहा गांव जा रहा था।

# धीरेंद्र अग्रवाल उतरेंगे जंग ए मैदान में भाजपा व कांग्रेस के किले में करेंगे संेधमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार ।** चतरा संसदीय क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे चुके धीरेंद्र अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 में उतरने का मन बनाया लिया है। अगर वाकई ऐसा हुआ तो चतरा लोकसभा का चुनाव दिलचस्प हो जायेगा। अब तक भाजपा व इंडी गठबंधन ने यहां अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। ऐसे में धीरेंद्र अग्रवाल का चुनावी समर में उतरना दोनों के चेहरे पर शिकन ला सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि धीरेंद्र अग्रवाल दोनों के किले में सेंधमारी करने का कुव्वत रखते हैं। अग्रवाल भाजपा से दो बार एवं इंडी के राजद से एक बार सांसद रह चुके हैं। वैश्य समुदाय से आने के कारण पिछड़ा और वैश्य समुदाय का भी शेयर कर सकते हैं। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से पिछड़ा या वैश्य समुदाय का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है। अंदरखाने की बात यह है कि पिछड़ा व वैश्य समुदाय के दवाब पर ही धीरेंद्र अग्रवाल इस बार चुनाव में उतरने का मन बनाया है।



**धीरेंद्र अग्रवाल का राजनीतिक सफर :** धीरेंद्र अग्रवाल ने वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। हालांकि वे जीत नहीं पाये थे। उन्हें जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा ने हराया था। 1996 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने जनता दल के कृष्ण नंदन प्रसाद को हरा कर पहली बार संसद पहुंचे थे। 1998 के मध्यावधि चुनाव में उन्होंने राजद के नागमणि को हराया और दूसरी बार भाजपा के सांसद बने। 1999 के लोकसभा चुनाव में राजद के नागमणि ने उन्हें हराया। 2004 के लोकसभा चुनाव में अग्रवाल ने राजद से चुनाव लड़ा और जदयू के इंदर सिंह नामधारी को हराया। हालांकि 2009 के लोकसभा के चुनाव में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 15591 वोट लाकर आठवें स्थान पर रहे। अब 15 वर्ष के अंतराल के बाद अग्रवाल फिर से चुनावी समर में देखे जायेंगे।

# दो वर्षों से पीपी का पद रिक्त, बिना गवाही दिए लौट रहे हैं गवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जजशिप में सरकार का पक्ष रखने वाले पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) का पद पिछले दो वर्षों से रिक्त पड़ा है। एक एपीपी अशोक कुमार दास के सहारे लातेहार जजशिप के विभिन्न 18 अदालतों में काम पिछले दो सालों से हो रहा है। पिछले तीन दिनों से श्री दास भी अवकाश पर हैं। बताया जाता है कि अवकाश जाने के पूर्व श्री दास ने गृह विभाग को रक्षित लोक अभियोजक को यहां सेशन कोर्ट में काम करने के लिए भेजने की अपील की थी। उनके इस अपील पर कोई सुनवाई नहीं हुई और रक्षित लोक अभियोजक को भी यहां नहीं भेजा गया। बड़ी मशक्कत से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत सहित सभी सेशन अदालतों में अधिवक्ता संघ की मांग पर सहायक लोक अभियोजक को काम करने की अनुमति मिली है तो तीन दिनों से काम चलाया जा रहा है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट का प्रभार नहीं मिलने के कारण वहां कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से प्रतिदिन दर्जनों गवाह बिना गवाही दिए वापस लौट रहे हैं। बताया जाता है कि गृह विभाग को प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास ने कई पत्राचार किया है। वहीं स्थानीय अधिवक्ताओं ने लोक अभियोजक के पद पर अधिसूचित पदाधिकारी के पदस्थापन के महीनों बीत जाने के बाद भी योगदान नहीं करने पर चिंता व्यक्त किया है। मालूम हो कि पलामू के लोक अभियोजक का स्थानांतरण लातेहार जिला लोक अभियोजक के पद पर लगभग छह माह पूर्व हुआ है, लेकिन वे अभी तक अपना योगदान नहीं दिए हैं।आधा दर्जन लोक अभियोजक का पद यहां सृजित होने के बावजूद भी पोस्टिंग सरकार नहीं कर रही है।

**सेशन कोर्ट में एपीपी कर रहे हैं काम**

**स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में तीन दिनों से नहीं है कोई पीपी**

**क्या कहते हैं अधिवक्ता**

अधिवक्ता सुनील कुमार का इस संबंध में कहना है कि सेशन कोर्ट में नामित लोक अभियोजक के नहीं रहने की वजह से सरकारी एवं कानूनी प्रावधानों के विपरीत यहां एपीपी काम कर रहे हैं। पदस्थापित पदाधिकारी के योगदान नहीं करने पर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जो घोर मनमानी का द्योतक है।

# मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए उच्छा विद्यालय डुरूआ और बालक मध्य विद्यालय डुरूआ में नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। मौके पर मतदान जरूरी क्यों है, इस विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने कहा कि मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी जा सकती है। इससे ही तय होता है कि क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान ही लोकतंत्र की मजबूत धुरी है। उन्होंने आगामी 20 मई को बिना किसी प्रलोभन, दबाव व लालच के मतदान कर देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान क्विज, भाषण एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विजयी प्रतिभागी विनीता कुमारी, रानी कुमारी, रीमा कुमारी, सोनाली कुमारी, संध्या कुमारी, पूजा कुमारी, अंजू कुमारी व सौम्या कुमारी आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य कृष्णकांत दुबे, ललित पाठक, मो। तौहीद, कृबिया धीरजन राम, दयावंती नगेसिया, हिल्दा प्रेमी तिग्गा, सुरमिला खलखो, अनिता कुमारी, नंदन कुमार सिंह और टाटा ट्रस्ट के एफसी प्रेमलता पूर्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 13 मई को मतदान के लिए जीएलए मैदान में पार्क होंगी 1167 गाड़ियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने आज प्रेस को बताया की 13 मई के मतदान के लिए अधिगृत की गई 1167 गाड़ियों की पार्किंग जीएलए कॉलेज के मैदान में शुरू कर दी जाएगी। इन अधिगृत गाड़ियों में से 205 गाड़ियां 9 मई को ही सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए आरक्षित रहेंगी। पलामू लोकसभा सीट के लिए 2005 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इन सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए एक-एक गाड़ी 9 मई से ही उपलब्ध हो जाएगी। यह 1167 अधिगृत गाड़ियां डाल्टेनगंज शहर के जीएलए कॉलेज के बड़े से मैदान में पार्क की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री जितेंद्र कुमार यादव ने बताया के इस बार यह पाया गया है की अधिगृत गाड़ियों से जन यातायात पर ज्यादा असर नहीं पड़े। उन्होंने बताया कि कल ही राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने निर्देश दिया है की चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण और पार्किंग सह समय पूरा कर दिया जाए और साथ ही साथ जनसाधारण के लिए जो पब्लिक ट्रांसपोर्ट है वह भी टाइम रहे यानी



किसी भी सड़क पर वाहन ना चले ऐसी स्थिति नहीं उत्पन्न हो।जनसाधारण के लिए उनकी यातायात और आवागमन के लिए सभी सड़कों पर गाड़ियों की उपलब्धता रहे। यादव ने बताया राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ताकीद दे कर कहा है कि 13 मई जो मतदान दिन हैं उसमें सड़के भी जीवित दिखाई दे उस पर जनसाधारण का आवागमन हो ऐसा ना लगे के कहीं कोई अघोषित कर्फ्यू लगा है। एक दूसरे प्रश्न के उत्तर में श्री यादव ने बताया कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में अधिकृत गाड़ी 1167 हैं। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि पलामू लोकसभा सीट के अंतर्गत गढ़वा जिला आता है और यदि गढ़वा जिले को गाड़ी की कोई कमी दिखेगी तो उसके लिए प्राची प्रशासन गढ़वा जिले को चुनाव के कार्यों के लिए गाड़ी उपलब्ध करा सकता है। एक दूसरे प्रश्न के उत्तर में की 13 मई को मतदान है जो गरीब दिन भर का है तो ऐसी स्थिति में जो अधिकृत गाड़ियां चुनाव में लगी रहेगी जिन्हें वापसी में मत पत्रों से भरी ईवीएम और सामग्रियों को लेकर कलेक्शन सेंटर पहुंचेगी तो इन सभी अधिगृत गाड़ियों को मतदान के समाप्ति के कितने घंटे बाद ये मुक्त किया जा सकता है। इस प्रश्न के उत्तर में पलामू जिला के परिवहन पदाधिकारी ने बताया की जो गाड़ियां जिन पर मतदान कर्मी और सुरक्षा करनी मतदान के बाद की सारी औपचारिकताओं को पूरी कर लेंगे उन गाड़ियों को 14 तारीख की शाम से लेकर हर हाल में 15 तारीख तक अधिग्रहण से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया की किसी भी परिस्थिति में किसी भी गाड़ी को बिना उचित कारण या उदेश के नहीं रखा जाएगा क्योंकि इसके लिए सरकार के राजस्व पर प्रतिदिन उसके भाड़े की अदा की जिम्मेदारी होती है।

# श्रीश्री शिव मंदिर निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने किया भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के कुकुही पंचायत के टोला मोगलजान गांव में श्री शिव मंदिर का निर्माण कार्य को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने भूमि पूजन किया । भूमि का पूजन विधि विधान से पुरोहित दिनेश पाठक के द्वारा यजमान के रूप में पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं उनकी पत्नी श्रीमती आरती देवी के द्वारा संपन्न कराई गई । इस मोगलजान के निवासियों पर देवी देवताओं का असीम कृपा रही है, जो की आजादी से पहले ब्रिटिश शासन के दौरान ही यहां पर एक कुशवाहा परिवार से जोधन महतो अपने दो बच्चे के साथ आए थे। एवं उन्हीं के द्वारा इस गांव का नाम मोगलजान रखा गया था । आज वह तीन कुशवाहा परिवार का वंश बढ़कर सैकड़ों कुशवाहा परिवार हो गए हैं । इस मोगलजान गांव का विशेषता है कि पूर्व जनों ने अपनी जमीन को दान में देकर इसी गांव में सरकारी हाई स्कूल की स्थापना



कराई है। जो पहले प्राइमरी स्कूल बाद में मिडिल स्कूल और आज के दिन अपग्रेडेड हाई स्कूल कुकुही के नाम से संचालित है ।आज के दिन इस हाई स्कूल मे कुकुही पंचायत के हजारों बच्चे बच्चियां शिक्षा ले रहे हैं । इसी स्कूल से पढ लिखकर इस मोगलजान गांव के कुशवाहा परिवार के बच्चें आज डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक , शिक्षिका , फौज के अधिकारी, बीएसएफ के जवान, व्यवसाय के अलावा इस गांव में सभी मिलकर किसानी का भी काम भलि भांति रुप से करते हैं एवं अन्य, सब्जियां पैदा कर हुसैनाबाद मंडी तक भी पहुंचाने का काम करते हैं ,जो पूर्व जनों की मुख्य पेशा थी।

## पेज एक के शेष

### वीवीपैट वेरिफिकेशन...

वापस दिया जाएगा। वहीं, इस दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से संदेह ही पैदा होता है। लोकतंत्र का मतलब ही विश्वास और सौहार्द बनाए रखना है। मालूम हो कि मार्च 2023 में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 100 फीसदी ईवीएम वोटों और वीवीपैट की पर्चियों का मिलान करने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। इसी पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने फैसला दिया।

**कैसे काम करती है वीवीपैट :** वोटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए वीवीपैट को लाया गया था। ये मशीन ईवीएम से कनेक्ट रहती है। जैसे ही वोटर वोट डालता है, वैसे ही एक पर्ची निकलती है। इस पर्ची में उस कैंडिडेट का नाम और चुनाव चिन्ह होता है, जिसे उसने वोट दिया होता है। वीवीपैट की स्क्रीन पर ये पर्ची 7 सेकंड तक दिखाई देती है। ऐसा इसलिए ताकि वोटर देख सके कि उसका वोट सही उम्मीदवार को गया है। 7 सेकंड बाद ये पर्ची वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स में गिर जाती है।

### नोटा को बहुमत मिलने पर ...

लिए सभी चुनाव लड़ने से रोक दिया जाए। याचिका के अनुसार, चुनाव आयोग ने पिछले साल जुलाई में एक पत्र जारी किया था, इसमें कहा गया था कि किसी चुनाव में उम्मीदवारों के मुकाबले नोटा को अधिक वोट मिलने की स्थिति में जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट प्राप्त होगा, उसे विजेता घोषित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि 2013 में, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सभी ईवीएम में उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) का विकल्प प्रदान करने का निर्देश देते हुए कहा था कि नकारात्मक मतदान का प्रावधान लोकतंत्र मजबूत करेगा।


### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित ...

प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप लगाया था। मामले के अनुसंधानकर्ता दो दरोगा गौरी शंकर तिवारी और सत्येन्द्र कुमार सिंह पर भी साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी जांच के आदेश सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा ने दिया था।



# दूसरा चरण : जमकर वोटिंग करते दिखे युवा-बुजुर्ग मतदाता






## पहली बार वोट डालने आए युवाओं में दिखा उत्साह

लोस चुनाव के दूसरे चरण के मतदान शुरू हुए तो मेरठ में पहली बार वोट डालने आए युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मतदान के प्रति युवाओं ने अपने विचार भी साझा किए। मेरठ की साकेत निवासी अंकिता ने बताया कि उन्होंने पहला वोट विकास, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और महिला सुरक्षा के मुद्दे को ध्यान में रखकर दिया है। मेघा ने बताया कि मेरा वोट किसी ऐसे व्यक्ति को जाएगा, जो रोजगार को बढ़ावा देगा और विकास करेगा। इसके अलावा साकेत में ही स्वाति और अनीता ने कहा कि हम पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साहित हैं। हमारे क्षेत्र से चुने जाने वाला जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास को रफ्तार दें और मेरठ में नए उद्योग स्थापित कराएं। मेरठ के किठौर में गांधी स्मारक इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर पहली बार मत का प्रयोग करने पहुंची अंजली ने बताया कि राष्ट्र के निर्माण और लोकतंत्र की मजबूती के नाम पर अपना मत प्रयोग करके बहुत अच्छा लगा।

## दूसरे चरण में 3.62 करोड़ से अधिक नए और युवा मतदाता, इस चरण के कुल मतदाता के हैं 22.7 प्रतिशत

## दूसरे चरण में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 14.78 लाख मतदाता, 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। इसमें उत्तर प्रदेश की 8 और केरल की सभी 20 सीटें शामिल हैं। इस चुनाव में युवा मतदाता एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। दूसरे चरण में 3.62 करोड़ से अधिक नए और युवा मतदाताओं का नाम दर्ज है। जो इस चरण के कुल मतदाताओं के करीब 22.5 प्रतिशत हैं। अधिकतर मतदान केंद्रों में नए और युवा मतदाता पूरे उत्साह से मतदान करते दिखे। चुनाव आयोग के मुताबिक 34.8 लाख मतदाता पहली बार अपना वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं।

वहीं बुजुर्ग मतदाताओं में भी वोटिंग को लेकर जबरदस्त जोश दिखा, कई स्थानों पर 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। चुनाव आयोग द्वारा बुजुर्ग मतदाताओं को अपने घरों से ही आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है लेकिन विभिन्न लोकसभा क्षेत्र में बुजुर्ग मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना वोट डालते नजर आए। अलीगढ़ में 110 वर्षीय महिला ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला तो कोटा में 108 वर्षीय भूरी बाई वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचीं। दूसरे चरण में 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन सीटों पर कुल 15.88 करोड़ मतदाता हैं, इनमें 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5,929 तृतीय लिंगी मतदाता शामिल हैं।

### बुजुर्ग मतदाताओं के लिए थी विशेष व्यवस्था

अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचने वाले बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष चुनाव कर्मी भी तैनात किए गए हैं। यहां दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं। उन्हें जरूरत के हिसाब से व्हील चेयर उपलब्ध कराई जा रही है और उनका मतदान करवाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है। वहीं, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 6, असम की 5, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 3, पश्चिम बंगाल की 3 और त्रिपुरा, मणिपुर एवं जम्मू कश्मीर की 1-1 सीट पर मतदान हो रहा है। इस चरण में चुनाव लड़ने वालों में केरल के वायनाड से राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के शशि थरूर मैदान में हैं। शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर से है। मथुरा से हेमा मालिनी, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, बेंगलुरु ग्रामीण से डीके सुरेश और बेंगलुरु दक्षिण से तेजस्वी सूर्या चुनाव लड़ रहे हैं। राजस्थान के कोटा सीट से लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार जितेंद्र सिंह, शुक्रवार को जम्मू में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



बेंगलुरु के गोविंदराज नगर मतदान केंद्र पर लोस चुनाव के दूसरे दौर में वोट डालने के लिए व्हीलचेयर पर पहुंचे एक बुजुर्ग मतदाता।



राजस्थान के अजमेर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए अपने वोट की बारी का इंतजार करते समय अपना पहचान पत्र दिखातीं महिलाएं।

## नोएडा में बूथों पर बुजुर्गों, दिव्यांगों पर विशेष ध्यान, मदद कर रहे थे पुलिसकर्मी

**गौतमबुद्ध नगर** में अलग-अलग विधानसभा में पुलिसकर्मी बूथों पर पहुंचने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखते दिखे। उन्हें जरूरत के हिसाब से व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई और मतदान करवाया गया। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार, लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान स्थलों पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वरिष्ठ/ बुर्जुग/ दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने में व्हील चेयर उपलब्ध



कराकर सहायता प्रदान करते हुए मतदान कराया गया। गौतमबुद्धनगर की तीन विधानसभा नोएडा, दादरी एवं जेवर में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराया गया।



शुक्रवार को दक्षिण दिनाजपुर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए वोट डालने के बाद ट्रांसजेंडर मतदाता अपनी स्याही लगी उंगलियां दिखाते हुए।



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने दूसरे चरण के चुनाव में सिद्धारमण हुंडी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।



केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कन्नूर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अपना वोट डाला।




पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले बेंगलुरु में लोस चुनाव के दूसरे दौर में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर ने तिरुवनंतपुरम में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अपना वोट डाला।

## बेंगलुरु में स्ट्रेचर पर वोट डालने गई निमोनिया से पीड़ित 78 साल की एक महिला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों में से 14 पर शुक्रवार को वोटिंग चल रही है। बेंगलुरु के लगभग सभी मतदान केंदों पर लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। वहीं 78 वर्षीय कलावती में भी यह जज्बा साफ दिखाई दिया। निमोनिया से पीड़ित होने के बाद भी महिला ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलावती को खांसी, सांस फूलने और थकावट के लक्षणों के बाद 23 अप्रैल की शाम को मणिपाल अस्पताल जयनगर ले जाया गया। जहां परीक्षण के बाद उनमें निमोनिया का पता चला। उनकी गंभीर हालत देखते हुए मणिपाल अस्पताल जयनगर के जीएम, कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन डॉ. अरविंद ने तुरंत उनका उपचार शुरू किया। रिकवरी रूम में होने के बावजूद कलावती ने अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करने की इच्छा व्यक्त की। हालांकि उनके स्वास्थ्य के चलते वोट देना है या नहीं, यह प्रश्न बना रहा। मगर महिला के जज्बे को देखते हुए मेडिकल टीम ने मतदान करने में महिला का पूरा साथ दिया। नर्सिंग टीम की सहायता से कलावती को स्ट्रेचर पर वोट डालने के लिए जयनगर निर्वाचन क्षेत्र में ले जाया गया, जहां उन्होंने वोटिंग की।





लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में त्रिपुरा के धलाई में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए नाव से पहुंचे मतदाता।

दूसरे दौर के चुनाव में दरांग जिले में मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए नाव से ब्रह्मपुत्र नदी पार करते लोग।

## त्रिपुरा में मतदान के दौरान मधुमक्खियों के हमले में करीब 15 मतदाता घायल

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवाई जिले के बाराबिल इलाके में शुक्रवार को वोट डालने के लिए कतार में खड़े मतदाताओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे लगभग 15 मतदाता घायल हो गए। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और प्रभावित मतदाताओं को खोवाई




जिला अस्पताल भेजा गया। उपचार के बाद उन्हें उनके घर वापस भेज दिया गया। मधुमक्खियों के हमले से मतदाताओं में घबराहट और बेचैनी फैल गई और वे कतार से भाग गए। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने एक सरकारी भवन में स्थापित मतदान केंद्र के पास मधुमक्खी के छत्ते को भी नष्ट कर दिया। त्रिपुरा पूर्व संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खोवाई विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र पर थोड़ी देर की रुकावट के बाद फिर से मतदान शुरू हुआ।



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में अपना वोट डाला।

मथुरा में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते एक साधु।



बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने भागलपुर में मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों से मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की।



कोच्चि के क्राइस्ट किंग कॉन्वेंट स्कूल में लोकसभा चुनाव के दूसरे दौर में अपना वोट डालने के बाद अभिनेता ममूटी।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com